राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 07
लखनऊ, मंगलवार 15 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाढ़ के पानी में छत से गिरा मासूम, डूबने से मौत 10

कृषि विश्वविद्यालय में बढ़े शोध-नवाचार : शाही 03

सर्राफा बाजार

गोल्ड 24 कैरेट = 1,54,240/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,41,400/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,15,720/10 ग्राम
चांदी = 2,45,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

हूतियों का दो और द्वीपों पर कब्जा

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी लाल सागर में ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश द्वीपों पर कब्जा कर लड़ाके तैनात कर दिए हैं। दोनों द्वीप बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य से करीब 160 किलोमीटर उत्तर में हैं। इससे एशिया-यूरोप के अहम समुद्री मार्ग पर खतरा बढ़ गया है। तनाव बढ़ने पर जहाजों को केप ऑफ गुड होप के रास्ते जाना पड़ सकता है, जिससे दूरी और माल ढुलाई लागत बढ़ेगी।

पेपर लीक : ओएसडी के खाते में 170 लेनदेन

नई दिल्ली। सीजीपीएससी पेपर लीक मामले की धनशोधन जांच में ईडी ने दावा किया है कि तत्कालीन ओएसडी चेतन बोरघरिया के बैंक खाते में 170 लेनदेन के जरिये 66.64 लाख रुपये जमा किए गए। ईडी ने उन्हें 11 सितंबर को गिरफ्तार किया था। जांच में अभ्यर्थियों से तीन करोड़ रुपये से अधिक की कथित वसूली और परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की बात सामने आई है।

नौ कॉम्प्लेक्स पर चलेगा एलडीए का बुलडोजर

लखनऊ। एलडीए ने अलीगंज में आवासीय भूखंडों पर बने नौ अवैध कॉम्प्लेक्सों को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया है। जांच में इन भवनों में निर्धारित सेटबैक, पार्किंग और अग्निसुरक्षा मानकों की गंभीर कमियां मिली हैं। अलीगंज अग्निकांड मामले की सुनवाई के दौरान 15 सितंबर को एलडीए ध्वस्तीकरण की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगा। अग्निकांड के बाद क्षेत्र में 51 भवन चिह्नित किए गए थे।

लखनऊ-कानपुर बस सफर 80 रु. होगा महंगा

लखनऊ। जाजमऊ पुल की मरम्मत के चलते लखनऊ-कानपुर के बीच रोडवेज बसें करीब तीन महीने तक बदले मार्ग से चलेंगी। इससे दूरी करीब 90 से बढ़कर 150 किलोमीटर हो जाएगी और यात्रियों को 80 रुपये तक अधिक किराया देना पड़ सकता है। बसें गिंदनखेड़ा चौराहे से रायबरेली रोड, बक्सर पुल और फतेहपुर के रास्ते कानपुर जाएंगी। अंतिम किराया सर्वे के बाद तय होगा।

पीआरडी जवानों का अब कैशलेस इलाज भी संभव

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। इसमें 27 हजार से अधिक पीआरडी जवानों का दैनिक ड्यूटी भत्ता 500 से बढ़ाकर 600 रुपये करने और कैशलेस इलाज की सुविधा देने का प्रस्ताव शामिल है। सरकार 2019 के बाद चौथी बार पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ाने की तैयारी में है। बैठक में वाहनों की फिटनेस नीति, उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति और चित्रकूट एक्सप्रेस के संशोधित प्रस्ताव समेत अन्य मुद्दों पर भी निर्णय हो सकता है।

चरम पर पहुंची महंगाई

तेल व खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा बजट

थोक मूल्य सूचकांक 9.92%, फुटकर महंगाई भी 4.82 प्रतिशत पर पहुंची

सितंबर में थोक महंगाई 10.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी, नई दिल्ली।

हाय रे महंगाई!

- पश्चिम एशिया संकट से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल
- अगस्त में पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस की महंगाई 34.41% पर पहुंची
- खाद्य महंगाई भी करीब 7 प्रतिशत, 20 महीने के उच्चतम स्तर पर

महंगाई का दबाव अब उद्योगों से लेकर आम आदमी की रसोई तक पहुंचने लगा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और खाने-पीने की वस्तुओं के महंगे होने से अगस्त में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 9.92 प्रतिशत हो गई।

जुलाई में यह 9.78 प्रतिशत थी। लगातार दूसरे महीने थोक महंगाई में बढ़ोतरी ने आने वाले दिनों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि पश्चिम एशिया का संकट लंबा खिंचा और मौसम का मिजाज प्रतिकूल रहा तो सितंबर में डब्ल्यूपीआई 10.2 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

थोक महंगाई में सबसे बड़ा दबाव कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतों का है। अगस्त में इस क्षेत्र की महंगाई दर 34.41 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह 26.99 प्रतिशत थी। यानी एक महीने में ही कीमतों का दबाव काफी बढ़ गया। इसका असर ईंधन और बिजली क्षेत्र पर भी पड़ा। जुलाई की 20.05 प्रतिशत महंगाई के मुकाबले अगस्त में यह बढ़कर 22.93 प्रतिशत हो गई।

महंगाई का असर केवल उद्योगों तक सीमित नहीं रहा। अगस्त में खाद्य महंगाई करीब सात प्रतिशत पहुंच गई, जो पिछले 20 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। जुलाई में खाद्य महंगाई 6.6 प्रतिशत थी। फल-सब्जियां, दूध, मसाले और चीनी समेत कई खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से खाद्य महंगाई पर दबाव बढ़ा है।

मौसम की प्रतिकूल स्थिति ने चिंता और बढ़ा दी है। चार सितंबर तक खरीफ फसलों की कुल बुआई का रकबा 1,086.3 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,104 लाख हेक्टेयर से करीब 1.6 प्रतिशत कम है।

वहीं 13 सितंबर तक देश में मौसमी बारिश दीर्घ अवधि के औसत (एलपीए) से 14.7 प्रतिशत कम रही। 36 मौसम संबंधी उपखंडों में से 24 में बारिश में 10 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई।

खाने के तेल, अनाज, गेहूं, मक्का और चीनी जैसी वस्तुओं की कीमतों पर भी दबाव बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) का खाद्य मूल्य सूचकांक अगस्त में 133.3 अंक रहा, जो नवंबर 2022 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। खाद्य तेल का सूचकांक जून 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जबकि अनाज का सूचकांक 27 महीने के उच्चतम स्तर पर रहा।

पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक तनाव से व्यापार और परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा है। इसका असर वैश्विक खाद्य और ऊर्जा कीमतों पर पड़ सकता है। कमजोर या असमान बारिश से खरीफ फसलों की पैदावार प्रभावित हुई, तो घरेलू बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर और दबाव बन सकता है।

सितंबर में डबल डिजिट का खतरा

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत के अनुसार पश्चिम एशिया संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। वैश्विक अनिश्चितता, कमजोर बारिश और रुपए की कमजोरी के कारण महंगाई पर दबाव बना रह सकता है। उनका अनुमान है कि सितंबर में थोक महंगाई दर 10.2 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। संकट का स्थायी समाधान नहीं निकलने पर 2026 के बाकी हिस्से में भी डब्ल्यूपीआई ऊंची रह सकती है। हालांकि थोक महंगाई का असर सीधे उपभोक्ता की जेब पर नहीं पड़ता, लेकिन कंपनियों की उत्पादन लागत बढ़ने से इसका कुछ हिस्सा आगे चलकर खुदरा कीमतों में दिखाई दे सकता है। फिलहाल खुदरा महंगाई थोक महंगाई से काफी नीचे है। जुलाई में खुदरा महंगाई 4.45 प्रतिशत रही थी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के लक्ष्य दायरे में है। दोनों के बीच बड़ा अंतर यह भी बताता है कि कंपनियां बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ अभी उपभोक्ताओं पर नहीं डाल रही हैं।

सहारनपुर में नकली सिक्कों का कारखाना मिला, पांच गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, सहारनपुर। नकली नोटों के बाद अब नकली सिक्कों का बड़ा नेटवर्क सामने आया है। शहर कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर नकली सिक्के बनाने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 1.28 लाख रुपये कीमत के 20-20 रुपये के 6,400 नकली सिक्के बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य अब तक 70 करोड़ रुपये से अधिक के नकली सिक्के बाजार में खपा चुके हैं। हालांकि इस दावे की पुलिस जांच कर रही है। आरोपितों के पास से छह सिक्के बनाने वाली मशीनें, पांच लोहे की डाई, 39 बिना मुहर की डाई और 20 मुहर लगी डाई बरामद हुई हैं।

पुलिस ने करीब पांच लाख रुपये के अधबने सिक्के, फिनिशिंग के उपकरण, डाई पॉलिश मशीन, घिसाई के पत्थर, आठ मोबाइल फोन, सात हिसाब रजिस्टर, एक चेकबुक और दो कारें भी बरामद की हैं। जांच में सामने आया कि गिरोह ने हरियाणा के सोनीपत में सक्के बनाने का प्लांट लगा रखा था। वहां से कई राज्यों में इनकी आपूर्ति की जाती थी।

एसएसपी अभिनंदन सिंह के अनुसार पुलिस को नकली सिक्कों के बाजार में चलने की सूचना मिली थी। जांच के बाद रविवार को जुबली पार्क से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे खास तौर पर 20 रुपये के नकली सिक्के तैयार करते थे। इन्हें सामान्य बाजार के अलावा सरकारी शराब के ठेकों और टोल प्लाजा पर भी खपाया जाता था। पुलिस अब गिरोह की पूरी आपूर्ति श्रृंखला और इससे जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

दिशा सालियान केस में आदित्य ठाकरे समेत 17 पर एफआईआर

- हत्या और गैंग रेप की साजिश समेत कई गंभीर आरोपों की जांच
- रिया-सोविक चक्रवर्ती डिनो मोरिया, सूरज पंचोली समेत कई नामजद

एजेंसी, मुंबई।

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के छह साल पुराने मामले में सीबीआई ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की। मुंबई हाई कोर्ट के दो सितंबर के आदेश के बाद दर्ज एफआईआर में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे समेत 17 लोगों के नाम हैं। हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, आपराधिक साजिश व साक्ष्यों से छेड़छाड़ के पहलुओं की जांच होगी। डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, रिया चक्रवर्ती, शोविक चक्रवर्ती, सचिन वाझे, परमबीर सिंह और रोहन रॉय भी जांच के दायरे में हैं।

दिशा के पिता सतीश सालियान की याचिका पर हाई कोर्ट ने सीबीआई को अनुभवी अधिकारी की निगरानी में जांच के निर्देश दिए थे। सीबीआई ने पिता का बयान भी दर्ज किया है।

उपहार: वकीलों को 5 लाख तक फ्री इलाज

- राज्य विधि अधिकारियों की फीस 50 प्रतिशत बढ़ी
- कल्याण निधि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए
- चार सौ अफसरों को टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे

समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के सम्मान समारोह में अधिवक्ताओं के हित में कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि सक्रिय प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य विधि अधिकारियों के लिए भी कई सुविधाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य विधि अधिकारियों के फीस में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही कल्याण निधि को डेढ़ लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया गया है। यह लाभ अब 70 वर्ष की आयु तक प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य विधि अधिकारियों को टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे न्यायिक कार्यों में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और विधि अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिवक्ता कक्ष भवन की सांकेतिक चाबी भी सौंपी। उन्होंने अधिवक्ताओं को न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनके हितों और सुविधाओं के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

प्रहार : वाराणसी में जलभराव अधिशासी अभियंता निलंबित

चौकाघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर गंभीर लापरवाही

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

वाराणसी में जलभराव की समस्या को लेकर योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। जनसमस्या के समाधान में लापरवाही बरतने के आरोप में उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता पवन कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-7 के तहत अनुशासनिक जांच भी शुरू की गई है।

नगर निकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वाराणसी में जलभराव की स्थिति और जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा के दौरान चौकाघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण में पंप बंद मिले और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना भी नहीं मिली। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निकाय एवं शहरी विकास विभाग के मंत्री ए.के. शर्मा ने निरीक्षण किया और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके बाद शासन स्तर से अधिशासी अभियंता के निलंबन का निर्णय लिया गया।

मसूद अजहर पर 70 लाख का इनाम घोषित

पाक की चाल

- एफएटीएफ समीक्षा से पहले जैश प्रमुख को मोस्ट वांटेड किया घोषित

एजेंसी, नई दिल्ली।

पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दिखावा करते हुए जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर पर इनाम की राशि बढ़ाकर 70 लाख पाकिस्तानी रुपये कर दी है। अक्टूबर में वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की समीक्षा बैठक से पहले पाकिस्तान की इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय दबाव से बचने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने मसूद अजहर को अपनी नवीनतम सर्वाधिक वांछित आतंकियों की सूची में शामिल करते हुए उसे भगोड़ा घोषित किया है। उसकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को अब 70 लाख पाकिस्तानी रुपये का इनाम मिलेगा।

मसूद अजहर पर पाकिस्तान ने वर्ष 2021 में 50 लाख पाकिस्तानी रुपये का इनाम घोषित किया था। अब इसमें 20 लाख रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कार्रवाई ऐसे समय की गई है जब पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने और आतंकी वित्तपोषण पर नियंत्रण को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निगाहें हैं।

ईवीएम की एफएलसी पर चुनाव आयोग सख्त जीपीएस से होगी निगरानी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। आयोग ने एफएलसी की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और निर्धारित प्रोटोकाल के अनुरूप कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में 33 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और एफएलसी पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

अखिलेश के हाथ आई लोहिया ट्रस्ट की कमान

- विधानसभा चुनाव से पहले शिवपाल की जगह अखिलेश बने अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव हुआ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब लोहिया ट्रस्ट के भी अध्यक्ष होंगे। सोमवार को हुई ट्रस्ट की बैठक में अखिलेश यादव को अध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति बनी। अब तक करीब नौ वर्षों से इस महत्वपूर्ण ट्रस्ट की जिम्मेदारी शिवपाल सिंह यादव संभाल रहे थे। खास बात यह है कि ट्रस्ट के सभी आठ सदस्यों ने अखिलेश के नाम पर सहमति जताई, इनमें शिवपाल यादव भी शामिल रहे।

लोहिया ट्रस्ट समाजवादी विचारधारा के प्रचार-प्रसार से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था है। इसका गठन समाजवादी पार्टी के गठन से पहले हुआ था। पार्टी की राजनीतिक और वैचारिक गतिविधियों के लिहाज से ट्रस्ट की भूमिका अहम मानी जाती है। ऐसे में इसकी कमान अखिलेश के हाथ में आने को सपा के भीतर नेतृत्व और संगठन पर उनकी पकड़ मजबूत होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

रेप मामले में तरुण तेजपाल ने किया सरेंडर, भेजे गए जेल

- सुप्रीम कोर्ट ने दी थी तीन सप्ताह की मोहलत
- 22 को अपील पर सुनवाई का रास्ता साफ

एजेंसी, पणजी।

तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल ने सोमवार को 2013 के दुष्कर्म मामले में गोवा की मापुसा अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर के बाद अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत तेजपाल ने यह कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने उनकी सरेंडर से छूट की याचिका खारिज करते हुए तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था।

मामला नवंबर 2013 का है। एक महिला पत्रकार ने आरोप लगाया था कि 7 और 8 नवंबर 2013 को गोवा के एक होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने उसका यौन उत्पीड़न किया। आरोपों के बाद तेजपाल को 30 नवंबर 2013 को गिरफ्तार किया गया था।

एआई की दुनिया एंथ्रोपिक, ओपनएआई व एक्सएआई समेत एआई दिग्गजों ने माना- सुरक्षा के बिना तेज विकास जोखिम भरा

इंसानों के अस्तित्व पर एआई का खतरा, अब रफ्तार थामने की तैयारी

एजेंसी, वाशिंगटन।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती क्षमताओं और उसके तेजी से हो रहे विकास को लेकर दुनिया में चिंता बढ़ रही है। एआई सुरक्षा शोधकर्ताओं की चेतावनियों के बाद अब खुद प्रमुख एआई कंपनियों के शीर्ष अधिकारी इसकी विकास गति को नियंत्रित करने की बात कर रहे हैं।

एंथ्रोपिक के प्रमुख डारियो अमोदेई ने एआई के विकास को पूरी तरह रोकने के बजाय उसकी रफ्तार धीमी करने की वकालत की है। ओपनएआई के प्रमुख सैम ऑल्टमैन और एक्सएआई के प्रमुख एलन मस्क ने भी एआई से संभावित गंभीर नुकसान की आशंका स्वीकार करते हुए सावधानी बरतने का समर्थन किया है।

एआई खुद बनाने लगा अगली पीढ़ी के मॉडल: शोधकर्ताओं की सबसे बड़ी चिंता एआई की स्वयं सुधार और अगली पीढ़ी के मॉडल विकसित करने की क्षमता को लेकर है। आशंका है कि यदि एआई की क्षमताएं सुरक्षा व्यवस्था और मानव नियंत्रण की क्षमता से बहुत आगे निकल गईं, तो उसके व्यवहार को समझना और नियंत्रित करना कठिन हो सकता है। एंथ्रोपिक के पूर्व शोधकर्ताओं की चेतावनियों ने भी इस बहस को तेज किया है। अमोदेई का तर्क है कि एआई के विकास को पूरी तरह रोकना उचित नहीं होगा, क्योंकि इससे मानवता इसके संभावित लाभों से वंचित हो सकती है। लेकिन इतनी तेजी से विकास करना भी जोखिमपूर्ण है कि सुरक्षा व्यवस्था उसके साथ कदम ही न मिला सके।

रफ्तार धीमी करने की योजना: एआई के विकास को धीमा करने का मतलब शोध पर पूर्ण विराम लगाना नहीं है। इसके तहत मॉडल की क्षमताओं में सुधार की गति को नियंत्रित करने, सुरक्षा परीक्षण बढ़ाने और नए मॉडल जारी करने से पहले पर्याप्त जांच करने की बात है। विशेषज्ञों के अनुसार महत्वपूर्ण एआई क्षमताओं के सामने आने से पहले एक से दो वर्ष का अतिरिक्त समय सुरक्षा और नियंत्रण व्यवस्था मजबूत करने के लिए उपयोगी हो सकता है। इसके साथ स्वतंत्र सुरक्षा जांचकर्ताओं को एआई कंपनियों की प्रशिक्षण प्रक्रिया, आंकड़ों और तकनीकी प्रक्रियाओं तक लगातार पहुंच देने का सुझाव भी दिया गया है। बड़े प्रशिक्षण संसाधनों और प्रशिक्षण की सीमाओं पर निगरानी तथा एआई द्वारा खुद अगली पीढ़ी के मॉडल विकसित करने की प्रक्रिया पर नियंत्रण भी प्रस्तावित है।

वैश्विक सहमति पर जोर: एआई कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा इतनी तेज है कि किसी एक कंपनी के विकास धीमा करने से समस्या का समाधान मुश्किल होगा। इसलिए एआई प्रयोगशालाओं और सरकारों के बीच साझा सुरक्षा मानक बनाने की जरूरत बताई जा रही है। अमेरिका और चीन जैसी प्रमुख एआई शक्तियों के बीच भी न्यूनतम सुरक्षा मानकों पर सहमति की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

एआई से एआई की निगरानी पर सवाल : एआई की क्षमता बढ़ने के साथ उसकी निगरानी के लिए दूसरे एआई का इस्तेमाल करने की रणनीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एआई प्रणालियां एक-दूसरे के साथ मिलकर मानव निगरानी से जानकारी छिपाने लगें तो यह व्यवस्था उलटा जोखिम पैदा कर सकती है। इसलिए अंतिम नियंत्रण पूरी तरह एआई प्रणालियों को सौंपने के बजाय मानव निगरानी बनाए रखना जरूरी माना जा रहा है।

कारोबार की होड़ भी बड़ी चुनौती: ओपनएआई और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों के बीच तकनीकी बढ़त हासिल करने की होड़, निवेश और बाजार का दबाव तथा चीन से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा एआई विकास को लगातार तेज कर रही है। ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि तकनीकी दौड़ और सुरक्षा के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई को रोकना समाधान नहीं, लेकिन सुरक्षा से आगे निकलती उसकी रफ्तार को नियंत्रित करना अब जरूरी होता जा रहा है।

हरतालिका तीज व गणेश चतुर्थी पर मंदिरों में रही कड़ी सुरक्षा

- शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ पर्व
- सीओ उतरौला ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक निर्देश

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

हरतालिका तीज एवं भगवान गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेन्द्र कुमार ने उतरौला सर्किल क्षेत्र के विभिन्न शिवमंदिरों और शिवालयों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी ने मंदिरों में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था की जानकारी ली और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण के दौरान पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ शालीन व्यवहार करें और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। जनपद के विभिन्न शिवमंदिरों एवं शिवालयों में श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिरों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

साथ ही यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। पुलिस की सतर्कता, प्रभावी भीड़ नियंत्रण और बेहतर यातायात प्रबंधन के चलते हरतालिका तीज एवं गणेश चतुर्थी का पर्व जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

तेज रफ्तार स्कूल वैन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़, बाराबंकी। लखनऊ-बाराबंकी हाईवे पर सोमवार सुबह करीब आठ बजे छंदरौली कट के पास तेज रफ्तार स्कूल वैन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर आक्रोश जताया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वैन और बाइक को कब्जे में लेकर छबीला चौकी पर खड़ा करा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सूर्या पब्लिक स्कूल की वैन बच्चों को लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी। जैसे ही वैन छंदरौली कट के पास पहुंची, उसने बाइक सवार कालू पुत्र गुड्डू यादव और अजय पुत्र रतिपाल निषाद, निवासी ग्राम मंझार, को टक्कर मार दी।

कांग्रेस नेता हसीब खान का कई जिलों में दौरा

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब खान ने सोमवार को बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर और उतरौला विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बहराइच दौरे के दौरान जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के प्रतिनिधि फजल खान और उनकी टीम ने हसीब खान का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सैयद सालार मसूद गाजी की मजार पर चादर पेश कर देश में अमन, सुकून और आपसी भाईचारे की दुआ की। श्रावस्ती के इकौना पहुंचने पर जिलाध्यक्ष विद्या मणि त्रिपाठी, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष इमरान मलिक और राजेश शुक्ला समेत सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद बलरामपुर में आरटीओ कार्यालय के पास जमाल पठान और उनके साथियों ने हसीब खान का स्वागत किया। उतरौला विधानसभा क्षेत्र पहुंचने पर अनवर खान, वारिस अली, फिरोज, सलीम, बिलाल और अल्ताफ गाजी समेत सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हसीब खान ने समर्थकों के साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हसीब खान ने युवाओं से संवाद करते हुए कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी किसानों, छात्रों और युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है तथा अन्याय के खिलाफ लगातार आवाज उठाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता ने भी 2027 और 2029 के चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का मन बना लिया है।

खबरें एक नजर में

कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत दो के खिलाफ मुकदमा

हैदरगढ़, बाराबंकी। न्यायालय के आदेश पर सुबेहा पुलिस ने गेरावा गांव निवासी रामसेवक शाहू की तहरीर पर उसकी पत्नी मीरा देवी और जगन्नाथ मौर्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रामसेवक ने आरोप लगाया कि पत्नी और जगन्नाथ मौर्य ने उसके साथ मारपीट की तथा घर से सोने-चांदी के जेवरात, कीमती कपड़े और 31 हजार रुपये लेकर चले गए। पीड़ित ने अपनी नाबालिग बेटी को बेचने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, उसने पहले सुबेहा थाने और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच के बाद ही आरोपों की स्थिति स्पष्ट होगी।

दो वर्षीय बालक हुआ अनाथ, मां ने लगाई फांसी

बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बैवाही गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 22 वर्षीय महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। खैरीघाट पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान नेहा पत्नी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद साहू, निवासी बैवाही के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी। मृतका का दो वर्ष का एक बेटा भी है। बताया जा रहा है कि दस माह पूर्व पति की बीमारी से मौत हो गई थी। माता और पिता का साया दो वर्षीय बालक के सिर से उठने के बाद वह अब अनाथ हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर मजिस्ट्रेट और फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंची। साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूरी की।पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। विवाहिता ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी जांच की जा रही है।

8.47 लाख की लागत से बने अन्नपूर्णा भवन का हुआ लोकार्पण

बहराइच। शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के पथार खुर्द गांव में 8.47 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का सोमवार को लोकार्पण किया गया।विधानसभा संयोजक भाजपा घनश्याम सिंह चौहान और खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने फीता काटकर तथा शिलापट से पर्दा हटाकर भवन का उद्घाटन किया। लोकार्पण समारोह के दौरान वक्ताओं ने अन्नपूर्णा भवन निर्माण के लिए ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार मौर्य के प्रयासों की सराहना की। घनश्याम सिंह चौहान ने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन के निर्माण से ग्राम पंचायत के पात्र लाभार्थियों को सरकारी खाद्यान्न आदि सुविधाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें किसी के दरवाजे पर जाने की जरूरत नहीं होगी। इस मौके पर प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कमला प्रसाद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवपुर राकेश पाण्डेय, बीडीओ आलोक वर्मा और पूर्ति निरीक्षक विजयंत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

पिंजरे में फंसा तेंदुआ, 25 दिन में दूसरा तेंदुआ फंसा

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज में ग्रामीणों को तेंदुए के डर से राहत मिली है। गोपिया गांव के रामसहायपुरवा मजरे में वन विभाग के लगाए दूसरे पिंजरे में सोमवार तड़के करीब 2:30 बजे एक तेंदुआ फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम तेंदुए को सुरक्षित रेंज कार्यालय ले गई। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले काफी समय से इलाके में तेंदुए की मौजूदगी से डर बना हुआ था। करीब 25 दिन पहले भी इसी क्षेत्र में एक तेंदुआ पिंजरे में पकड़ा गया था। इसके बावजूद दोबारा तेंदुए की हलचल दिखने से ग्रामीण डरे हुए थे। वे खेतों और आसपास के इलाकों में जाने से भी बच रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने इलाके में दो पिंजरे लगाए थे। सोमवार तड़के दूसरे पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही वन दरोगा रवींद्र राव और बीट इंचार्ज कपिल देव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने तेंदुए को पिंजरे समेत रेंज कार्यालय पहुंचाया। वन विभाग के मुताबिक, पकड़े गए तेंदुए की सेहत की जांच की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर उसे जंगल में किसी सुरक्षित जगह छोड़ा जाएगा। तेंदुआ पकड़े जाने के बाद रामसहायपुरवा और आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

रोजगार सेवकों ने मानदेय 24 हजार करने की मांग की

बहराइच। ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर महसी विधायक सुरेश्वर सिंह को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित था। रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित मांगों का जल्द निपटारा करने की मांग की। जिलाध्यक्ष विद्याधर बाजपेई के नेतृत्व में सोमवार को यह ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष विद्याधर बाजपेई ने बताया कि प्रदेश के करीब 33 हजार ग्राम रोजगार सेवक पिछले 19 साल से ग्राम पंचायतों में मनरेगा और वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत काम कर रहे हैं। वे सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद उनके मानदेय बढ़ाने, एचआर पॉलिसी और दूसरी सुविधाओं पर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। इसी क्रम में यह ज्ञापन विधायक सुरेश्वर सिंह को सौंपा गया। विधायक ने रोजगार सेवकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखने और उनकी मांगों को हल करने का भरोसा दिया। जिला महामंत्री दीपक सिंह सेंगर ने बताया कि ज्ञापन में चार मुख्य मांगें रखी गई हैं।

पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' के प्रयास रंग लाए

- 21.15 किलोमीटर मार्ग का होगा चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े उतरौला-पचपेड़वा-चंदनपुर मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण को शासन ने मंजूरी दे दी है। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' की ओर से की गई पहल के बाद लोक निर्माण विभाग ने मार्ग के निर्माण के लिए 75 करोड़ 7 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। लोक निर्माण अनुभाग-1 की ओर से जारी शासनादेश संख्या 726/2026, दिनांक 13 सितंबर 2026 के अनुसार जनपद बलरामपुर में मार्ग के अवशेष हिस्से के चैनेज 17.700 से 38.850 तक कुल 21.150 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस कार्य पर कुल 75 करोड़ 7 लाख 6 हजार रुपये खर्च होंगे। इसमें 73 करोड़ 34 लाख रुपये निर्माण कार्य तथा करीब 1 करोड़ 72 लाख रुपये पांच वर्ष के अनुरक्षण के लिए निर्धारित किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-58 के लेखाशीर्षक-5054 राज्य सड़क निधि से कार्य की प्रथम किस्त के रूप में 3 करोड़ 66 लाख 72 हजार रुपये भी अवमुक्त किए जा चुके हैं। इससे सड़क निर्माण कार्य के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। उतरौला-पचपेड़वा-चंदनपुर मार्ग गोंडा- बलरामपुर क्षेत्र को नेपाल सीमा से जोड़ने वाला करीब 70 किलोमीटर लंबा महत्वपूर्ण मार्ग है।

मार्ग का करीब 22 किलोमीटर हिस्सा पहले ही बन चुका है।

अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जारी किए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपेगी थारू कल्याण समिति

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाणपत्र जारी किए जाने के विरोध में थारू कल्याण समिति के पदाधिकारी आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपेंगे। समिति ने आरोप लगाया है कि गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर और बस्ती सहित विभिन्न जनपदों में भुजवा, कहार और गौड़ समुदाय के लोगों के अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं। समिति का आरोप है कि इन प्रमाणपत्रों को कथित रूप से फर्जी एवं कूटरचित तरीके से तैयार कराया जा रहा है। समिति पदाधिकारी ऐसे प्रमाणपत्रों के निर्माण एवं निर्गमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग करेंगे। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ अनुराग यादव की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है। समिति का कहना है कि अनुसूचित जनजाति के प्रमाणपत्रों के नियमविरुद्ध जारी होने से वास्तविक पात्र जनजातीय समुदाय के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में शासन स्तर से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि अनुसूचित जनजाति से जुड़े प्रमाणपत्रों के दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके।

खेतों की फसल चट कर रहे छुट्टा पशु, किसानों ने तहसील में दिया ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी। खेतों में खड़ी फसल और सड़क पर जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर ग्रामीणों की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन की जिला इकाई ने सोमवार को तहसील प्रशासन का दरवाजा खटखटाया।

भाकियू पदाधिकारियों और किसानों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाने और सड़क किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों और नगर पंचायत इलाकों में छुट्टा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। झुंड के झुंड पशु खेतों में पहुंचकर किसानों की मेहनत से तैयार फसल को बर्बाद कर रहे हैं। रात-दिन खेतों की रखवाली करने के बावजूद किसान फसल बचाने में असहाय नजर आ रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भाकियू ने प्रशासन से मांग की कि ग्राम पंचायत स्तर पर जिम्मेदारी तय करते हुए कंटेनरों और ग्राम पंचायत सचिवों की मदद से छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में पहुंचाया जाए। किसानों का कहना है कि गोशालाओं की व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होने पर खेतों में घूम रहे पशुओं की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

किसानों ने कोटवा सड़क-सिद्धौर मार्ग की दोनों पटरियों पर उगी झाड़ियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

उनका कहना है कि सड़क के दोनों ओर झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती है।

कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई भी कम नजर आती है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

किसानों ने संबंधित विभाग से तत्काल झाड़ियों की सफाई कराने की मांग की।

नहीं मिली नहर में छलांग लगाने वाली किशोरी एसडीआरएफ की टीम कर रही तलाश

समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत सहावर गांव के निकट पुल से रविवार शाम को नहर में छलांग लगाने वाली 17 वर्षीय किशोरी का अभी तक पता नहीं चल सका हैं। एसडीआरएफ की टीम द्वारा नहर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सहावर गांव निवासी संतोष रावत की लगभग 17 वर्ष की पुत्री आकृति को रविवार शाम घर से रोते हुए जौनपुर ब्रांच नहर की ओर जाते हुए देखा गया था। बताते हैं कि शाम लगभग 6:45 बजे सहावर नहर पुल पर पहुंची किशोरी को वहाँ शौच के लिए मौजूद महिला ने घर जाने के लिए टोका था लेकिन किशोरी ने शौच के लिए पटरी के किनारे बैठी महिला के देखते ही देखते नहर में छलांग लगा दी थी। महिला द्वारा इसकी सूचना तत्काल घर वालों को भिजवाई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और घर वाले जब तक नहर पर पहुंचे तब तक किशोरी डूब चुकी थी। सूचना पर पुलिस भी पहुंची परंतु अंधेरा हो जाने के कारण खोजबीन का काम शुरू नहीं हो सका।

हिंदी हमारी पहचान और संवाद की ताकत है : पुष्पा पाल

- हिंदी दिवस पर गांव से तहसील तक गूंजी राजभाषा की आवाज
- बच्चों ने लिया भाषा के सम्मान का संकल्प

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

हिंदी सिर्फ बोलचाल की भाषा नहीं, बल्कि देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोने वाली संवाद की ताकत है। अपनी भाषा के प्रति सम्मान और आत्मविश्वास ही हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है। यह बात जनशिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में कही। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर एवं जनशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को गुआपाकड़ दराबपुर और रुदौली अदाई ग्राम पंचायतों में बच्चों के बीच, जबकि अकबरपुर एवं आलापुर तहसील सभागार में आमजन के बीच राष्ट्रीय हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों और विशेष रूप से बच्चों को हिंदी के इतिहास, संवैधानिक महत्व तथा दैनिक जीवन में इसके प्रभावी प्रयोग के प्रति जागरूक करना रहा। गांवों में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने हिंदी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और भाषा के सम्मान एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पा पाल ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा से संबंधित प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की अलग-अलग संस्कृतियों, क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे हिंदी का सम्मान करने के साथ ही उसके सही और प्रभावी प्रयोग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

हिंदी दिवस पर विद्यालयों से महाविद्यालय तक गूंजा हिंदी का गौरव

निबंध, सुलेख, कविता व भाषण प्रतियोगिताओं के साथ एमएलके पीजी कॉलेज में संगोष्ठी व कवि सम्मेलन आयोजित

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

हिंदी दिवस के अवसर पर जनपद के परिषदीय विद्यालयों से लेकर एमएलके पीजी कॉलेज तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध विरासत और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालयों में निबंध लेखन, सुलेख, कविता लेखन एवं पाठ, भाषण, पोस्टर तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित हुईं, वहीं एमएलके पीजी कॉलेज में संगोष्ठी और कवि सम्मेलन के माध्यम से हिंदी के महत्व तथा रोजगार के अवसरों पर चर्चा की गई

जनपद के परिषदीय विद्यालयों में हिंदी दिवस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने सुंदर अक्षरों में सुलेख लिखने के साथ निबंध और कविता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिताओं में बच्चों ने हिंदी की समृद्ध विरासत, दैनिक जीवन में उसके महत्व तथा देश को एक सूत्र में जोड़ने में हिंदी की भूमिका पर विचार रखे। इन गतिविधियों से बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ावा मिला।

कंपोजिट विद्यालय आदर्श नगर, नगर क्षेत्र बलरामपुर में विद्यार्थियों ने हिंदी वर्णमाला, पुस्तक, कलम-दवात और अक्षर-वृक्ष जैसे प्रतीकों के माध्यम से आकर्षक शिक्षण सामग्री और कलाकृतियां तैयार कीं। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय गुमड़ी, विकास क्षेत्र श्रीदत्तगंज में विद्यार्थियों ने पोस्टर और चित्रों के माध्यम से हिंदी वर्णमाला, प्रकृति और पर्यावरण सहित विभिन्न विषयों को हिंदी भाषा से जोड़ते हुए अपनी कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

विद्यालयों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि हिंदी केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि विचारों, भावनाओं और संस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति का माध्यम है। बच्चों को शुद्ध लेखन-पठन की आदत विकसित करने तथा पुस्तकों और साहित्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

एमएलके पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाश चंद गिरि के निर्देशन में कक्ष संख्या 29 में हिंदी विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व और उसके उन्नयन के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विमल प्रकाश वर्मा ने किया। उन्होंने हिंदी के महत्व के साथ ही हिंदी भाषा से जुड़े रोजगार के अवसरों पर उपयोगी जानकारी दी।

साहित्यकार डॉ. शिवम् तिवारी 'हिंदी भाषा भूषण-26' सम्मान से अलंकृत

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी/बछरावां, रायबरेली।

प्रतिज्ञा सैनिक स्कूल तथा प्रतिज्ञा सैनिक टेक्निकल एवं वोकेशनल एजुकेशन, बछरावां, रायबरेली के प्रबंधक ख्यातिप्राप्त शिक्षा विद डॉ शिवम तिवारी को राजस्थान में राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'हिंदी भाषा भूषण-26' सम्मान से अलंकृत किया गया। राजसमंद जिले के श्रीनाथद्वारा में आयोजित तीन दिवसीय 'हिंदी लाओ, देश बचाओ' राष्ट्रीय समारोह में वर्ष 1937 में स्थापित प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'साहित्य मंडल' की ओर से डॉ. शिवम् तिवारी को यह सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा ने उन्हें अंगवस्त्र, श्रीफल, भगवान श्रीनाथजी की प्रतिमा, सम्मान राशि एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. शिवम् तिवारी ने हिंदी भाषा, साहित्य एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है।

एनटीपीसी टांडा में हिंदी दिवस पर हिंदी पखवाड़ा-2026 का भव्य शुभारंभ

- हिंदी हमारी पहचान और कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा : सुभाष चंद्र सिंह

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।

एनटीपीसी टांडा परियोजना में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़ा-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सुभाष चंद्र सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में डालिम्स के हिंदी प्रवक्ता कृष्ण मोहन तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, राजभाषा नोडल अधिकारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। विशिष्ट अतिथि कृष्ण मोहन तिवारी ने हिंदी के ऐतिहासिक एवं संवैधानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था। इसलिए यह दिन देश के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है।

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी महराजगंज

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय आलू एवं शाकभाजी प्रक्षेत्र विजयपुर महराजगंज पर जायज मौसम 2025-26 में उत्पादित आजाद भिंडी-1 मात्रा-9.74 कुंतल, लौकी पूसा नवीन श्रेणी आधारित प्रथम मात्रा -0.80 कुंतल एवं तरोई काशी श्रेया श्रेणी-आधारित प्रथम मात्र 1.18 कुंतल बीज, खरीफ मौसम 2025-26 में उत्पादित भिंडी बीज मात्रा 3.92 कुंतल एवं रवी मौसम में उत्पादित मटर बीज लगभग 15 कुंतल की नीलामी दिनांक 21.09.2026 को दिन में 12:00 बजे से राजकीय आलू एवं शाकभाजी प्रक्षेत्र विजयपुर परिसर पर आयोजित की जाएगी नीलामी की शर्तों से संबंधित सूचना किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

पत्रांक-686,14 सितंबर 2026

जिला उद्यान अधिकारी,
महराजगंज

जनविश्वास ही लोकतंत्र की असली कसौटी : सीएम

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं में सामान्य नागरिक का विश्वास ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जनविश्वास पर खरा उतरना लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक आयुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संगठन की स्मारिका व सूचना पुस्तिका का विमोचन किया और 50 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व लघु फिल्म देखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों का मेरिट के आधार पर समयबद्ध निस्तारण और शिकायतकर्ता की

संतुष्टि जरूरी है। वहीं झूठी व अनावश्यक शिकायतों से व्यवस्था और जरूरतमंद लोगों का समय बर्बाद होता है, ऐसे मामलों पर अंकुश जरूरी है। उन्होंने बताया कि तकनीक के इस्तेमाल से पीडीएस में हेराफेरी पर प्रभावी रोक लगी है। राजस्व विभाग में लंबित 34 लाख मामलों का निस्तारण किया गया है। योगी ने कहा कि एआई, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी और ई-गवर्नेंस से पारदर्शिता बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में लोक आयुक्त संगठन का कार्य 14 सितंबर 1977 से शुरू हुआ था।

दोषियों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का संवेदनशीलता और शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के इलाज की समुचित व्यवस्था करने तथा भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि थाना, चौकी और बीट स्तर पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

कृषि विश्वविद्यालय में बढ़े शोध-नवाचार : शाही

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालय नई प्रजातियों के विकास पर विद्यार्थियों से अधिक से अधिक शोध कराने चाहिए, जिससे प्रदेश में कृषि का सतत एवं धारणीय विकास सुनिश्चित हो सके और किसानों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार दिखाई दे। यह निर्देश उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कृषि भवन सभागार में प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालयों द्वारा शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों की नियुक्ति में अपनाई जा रही ढिलाई पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश

कार्मिकों की नियुक्ति में अपनाई जा रही ढिलाई पर जताई कड़ी नाराजगी

दिए कि सभी रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरी तत्परता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप विशेष नई प्रजातियों को तैयार करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करे। श्री शाही ने जोर देते हुए कहा कि फसलों की नई प्रजातियों के विकास में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि हमें खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा भी उपलब्ध करानी है। विकसित की जाने वाली प्रजातियां वैश्विक खाद्य सुरक्षा मानकों पर पूरी तरह खरी उतरनी चाहिए, ताकि प्रदेश के कृषि उत्पादों का निर्यात भी बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के सभी नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों (एग्रो-क्लाइमैटिक जोन) की परिस्थितियों, सिंचाई के उपलब्ध साधनों तथा मौसम के बदलाव को ध्यान में रखकर अनुसंधान किए जाएं। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद से अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियों के विकास पर विशेष बल दिया।

खबरें एक नजर में

नकली पान मसाला फैक्ट्री का भंडाफोड़

लखनऊ। राजधानी में मड़ियांव पुलिस ने नकली पान मसाला बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिकरवार चौराहे के पास एक मकान में संचालित इस अवैध फैक्ट्री में नामचीन कंपनियों के ब्रांड के रैपर में नकली पान मसाला भरकर बाजार में खपाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से करीब 30 लाख रुपये कीमत का तैयार और पैकिंग सामग्री समेत अन्य सामान बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी नवीन कुमार के मुताबिक, नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित केवीएन एमएमसीजी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी अंकित कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि कंपनी के नाम से नकली पान मसाला बाजार में बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र के निर्देशन में इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर सिकरवार चौराहे के पास स्थित मकान में छापेमारी की। यहां नकली पान मसाला तैयार करने और उसकी पैकिंग का काम चल रहा था। मौके से रायबरेली के शिवगढ़ क्षेत्र के दहेली महराजगंज निवासी पिंटू गुप्ता और उसके साथी पवन साहू को गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र ने बताया कि छापेमारी के दौरान करीब 39.5 किलो तैयार पान मसाला, 5.5 किलो तंबाकू, कत्था-चूना पाउडर, एक बोरी जर्दा और पैकिंग सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा कमला पसंद के चार बोरी पैकेट, किशोर सुपर का एक बोरी पाउच, राजश्री के चार बोरी पैकेट और एक बोरी पाउच भी मिला। फैक्ट्री से विभिन्न ब्रांडों के रैपर, रैपर चिपकाने वाला हीटर, पैकिंग मशीन, छोटे-बड़े रोल, मशीन के पार्ट्स और करीब 20 बोरी अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नकली पान मसाला तैयार कर उसे नामचीन ब्रांडों के रैपर में पैक करते थे और फिर बाजार में बेचते थे। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

युवक की गला रेतकर हत्या, सड़क किनारे मिला शव

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाया। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी (एडीसीपी) बसंथ कुमार ने बताया कि आज सुबह कृष्णानगर पुलिस को एक शव सड़क किनारे मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देख तो एसएस ग्रांड होटल के पास सड़क किनारे पड़ी मौरंग पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मृतक की गर्दन पर नुकीली वस्तु से कटे एवं चोट के निशान पाए गए। आसपास के लोगों की मदद से शव की शिनाख्त टिकैतगंज गोला कुआं निवासी राम बाबू मौर्य (35) के रुप में हुई है। वह एक निर्माणाधीन भवन में मजदूरी का कार्य करता था। घटना की जानकारी पर पहुंची बहन दीपिका ने बताया कि रविवार की रात को भाई की फोन पर मां से बातचीत हुई थी। वह घर नहीं पहुंचा। सोमवार की सुबह उसका शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

युवक पर जानलेवा हमले में बाल अपचारी हिरासत में

मलिहाबाद-लखनऊ। जनसेवा केंद्र के पास युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में मलिहाबाद पुलिस ने एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। उसके कब्जे से 315 बोर का देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर को ग्राम ढेढ़ेमऊ स्थित दुर्गेश जनसेवा केंद्र के पास समरेन्द्र कुमार यादव को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। मामले में नरेन्द्र कुमार पुत्र उमाशंकर यादव निवासी सैफलपुर, काकोरी की तहरीर पर थाना मलिहाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में 14 सितंबर को एक बाल अपचारी स्वयं थाने पहुंचा और घटना के संबंध में जानकारी दी। बाल कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में बाल अपचारी ने घटना और इसमें शामिल अन्य लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। विद्यालयी अभिलेखों के आधार पर उसकी उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई है। इसके चलते किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है और उसकी पहचान गोपनीय रखी गई है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

प्रदेश के सभी मुख्यालयों पर आज होगा रक्तदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के हृदय सम्राट स्व. आर.के. दत्त जी के निर्वाण दिवस पर प्रतिवर्ष प्रदेश के समस्त मण्डल व जनपद मुख्यालयों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में कल 15 सितम्बर दिन मंगलवार को स्व. दत्त जी के 38वें निर्वाण दिवस पर प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसी के साथ ही साथ हवन-यज्ञ, वृक्षारोपण, दरिद्र नारायण भोज आदि सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर महासंघ के सभी सदस्य स्व. दत्त जी को श्रद्धांजली अर्पित करते हैं। कल 15 सितम्बर को प्रदेश व्यापी रक्तदान शिविर के अन्तर्गत लखनऊ में होने वाले रक्तदान शिविर का आयोजन लोक निर्माण विभाग के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में किया जायेगा। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया जायेगा।

हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता : केशव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने कैंप कार्यालय, सात कालिदास मार्ग पर 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ों लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से

झूठ की जीत बार-बार नहीं होती : डिप्टी सीएम

सपा में होता है गुंडों और अपराधियों का संरक्षण : केशव प्रसाद मौर्य

भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा में गुंडों और अपराधियों का संरक्षण है। उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भाजपा अगड़ा-पिछड़ा-दलित समाज की उस पवित्र 'त्रिवेणी' संगम की तरह है, जिसमें सबका सम्मान, सबका विकास और सबका विश्वास शामिल है। दूसरी ओर सपा का पीडीए यानी परिवार डेवलपमेंट एजेंसी- जहां जनता के विकास से ज्यादा परिवार, गुंडों और अपराधियों के संरक्षण की चिंता होती है। उन्होंने लिखा सपा का इतिहास उत्तर प्रदेश के लिए ख़तरनाक रहा है। साज़िश और झूठ के सहारे चुनाव एक बार जीता जा सकता है, बार-बार नहीं।

सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।

उन्होंने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल करे, जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हों, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

हिन्दी दिवस पर डॉ. विद्यासागर की दो कृतियों का हुआ लोकार्पण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

हिन्दी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में 24 ग्रंथों के रचनाकार डॉ. विद्यासागर उपाध्याय की दो कृतियों का विमोचन हुआ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'संक्रान्ति का संहार' और 'काल यात्रा : वेद से बर्लिन तक' के विमोचन के अवसर चली साहित्यिक परिचर्चा में विद्वानों ने विचार भी व्यक्त किये।

डॉ. विद्यासागर उपाध्याय की अद्रिक प्रकाशन द्वारा छापी कृति 'संक्रान्ति का संहार' पानीपत के 14 जनवरी 1761 को हुए तृतीय युद्ध पर आधारित ऐतिहासिक उपन्यास है। इस निर्णायक युद्ध की पृष्ठभूमि में रचित उपन्यास में इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय को मानवीय संवेदना, राजनीतिक अंतर्दृष्टि और साहित्यिक कल्पना के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। वहीं बेंजाई प्रकाशन सुल्तानपुर द्वारा प्रकाशित 'काल यात्रा : वेद से बर्लिन तक' कहानी-संग्रह है। इसमें वेद से आधुनिक विश्व तक की वैचारिक और सांस्कृतिक यात्रा को कथा के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है।

परिषद के लखनऊ अध्यक्ष निर्भय नारायण गुप्त की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता आलोचक डॉ. रिंकी मणिकर्णिका ने दोनों कृतियों के साहित्यिक, ऐतिहासिक और वैचारिक पक्षों पर विचार रखा।

पल्लवी पटेल ने किया पंचायत सहायकों की मांगों का समर्थन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले मानदेय बढ़ाने और सेवा संबंधी अन्य मांगों को लेकर लखनऊ स्थित इको गार्डन में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में सोमवार को अपना दल (कमेरावादी) की नेता व सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल पहुंची। उन्होंने प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से आए पंचायत सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरिट के आधार पर चयनित पंचायत सहायकों के रोजी-रोटी एवं सम्मान की लड़ाई है। उनकी मांगे बिल्कुल जायज और नियम संगत है। जिसे तत्काल प्रदेश सरकार को मान लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार पंचायत सहायकों की मांगों पर तत्काल सुनवाई नहीं करती है तो आर पार की लड़ाई के साथ निर्णायक आंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम में अपना दल कमेरावादी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी एल पटेल, प्रदेश महासचिव गगन प्रकाश यादव, रामशिला पटेल, अजय सिंह आदि पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

विश्व में हिन्दी की व्यापक उपस्थिति : वीके मिश्र

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

कालीचरण पीजी कॉलेज के प्रबंधक इं. वीके मिश्र ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में 14 सितम्बर को आयोजित हिन्दी-दिवस के उपलक्ष्य में इन्हीं पंक्तियों से अपने वक्तव्य की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज विश्व में सर्वत्र हिन्दी भाषा की सामान्य बोल-चाल में उपस्थिति, ज्ञान-विज्ञान, व्यापार चिकित्सा व लोक-जीवन के परस्पर सम्वाद में हिन्दी का निरंतर प्रयुक्त होते जाना हिन्दी को विश्व की नंबर एक भाषा बनाने का प्रबलतम् आधार है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला उपाध्याय प्राचार्या, नवयुग कन्या पीजी कॉलेज, ने कहा कि हिन्दी की सर्व-समाज ग्राह्यता वैश्विक व्यापार में हिन्दी का बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से हिन्दी की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ बनाती है।

मुख्य वक्ता जिला सेवा योजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी जी ने हिन्दी की लोकप्रियता को बढ़ाने में प्रेमचन्द द्वारा हिन्दी को सरल-सहज और सर्वग्राहयता प्रदान करने वाले प्रयासों की सराहना की और आज के दौर में इसे प्रांसगिक बताया। मंचस्थ अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते

'हिन्दी हो विश्व की नंबर एक भाषा'

कालीचरण पीजी कॉलेज के प्रबंधक इं. वीके मिश्र ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में 14 सितम्बर को आयोजित हिन्दी-दिवस के उपलक्ष्य में इन्हीं पंक्तियों से अपने वक्तव्य की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज विश्व में सर्वत्र हिन्दी भाषा की सामान्य बोल-चाल में उपस्थिति, ज्ञान-विज्ञान, व्यापार चिकित्सा व लोक-जीवन के परस्पर सम्वाद में हिन्दी का निरंतर प्रयुक्त होते जाना हिन्दी को विश्व की नंबर एक भाषा बनाने का प्रबलतम् आधार है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला उपाध्याय प्राचार्या, नवयुग कन्या पीजी कॉलेज, ने कहा कि हिन्दी की सर्व-समाज ग्राह्यता वैश्विक व्यापार में हिन्दी का बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से हिन्दी की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ बनाती है। मुख्य वक्ता जिला सेवा योजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी जी ने हिन्दी की लोकप्रियता को बढ़ाने में प्रेमचन्द द्वारा हिन्दी को सरल-सहज और सर्वग्राहयता प्रदान करने वाले प्रयासों की सराहना की और आज के दौर में इसे प्रांसगिक बताया। मंचस्थ अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्राचार्य प्रो.चन्द्रमोहन उपाध्याय ने संगोष्ठी के विषय 'हिन्दी के वर्तमान स्वरूप में प्रेमचन्द के स्त्री विमर्श' पर प्रकाश डालते हुए प्रेमचन्द के साहित्य में बेमेल विवाह, विधवा विवाह तथा लड़कियों के बेचने की कुप्रथा को रेखांकित किया। संगोष्ठी का मंच संचालन हिन्दी विभाग के प्रभारी प्रो मनोज कुमार पाण्डेय जी ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गणेशोत्सव पर सांस्कृतिक समारोह आयोजित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। गांधी भवन सभागार में गणेशोत्सव के अवसर पर एकता सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों के भजनों व भक्ति नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

एकता अग्रवाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल थीं।आयोजन में व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्पेशल परफॉरमेंस के अंतर्गत समीर विवान ने स्वरचित व कंपोज किये हुए भजन प्रस्तुत किये, जिन पर दर्शकों की

इंजीनियर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
इं विपिन यादव
निर्माण खंड-1 लोक निर्माण विभाग, शाहजहांपुर

इंजीनियर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
इं सुशील कुमार
स्थानिक अभियंता, सीएण्डडीएस, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) शाहजहांपुर

इंजीनियर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
इं नरेंद्र कुमार
स्थानिक अभियंता, सीएण्डडीएस, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) शाहजहांपुर

इंजीनियर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
इं अहमद मुबीन
जनपद सचिव डिप्लोमा इंजीनियर संघ, लोनिवि शाहजहांपुर

तैयारी

संचालकों को सिखाए जाएंगे आतिथ्य के गुर

विजिट माय स्टेट से मजबूत होगा होम-स्टे मॉडल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

विजिट माय स्टेट अभियान को गति देने के साथ उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को विशिष्ट पहचान दिलाने और स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने कदम बढ़ाया है।

इसी क्रम में विभाग के अंतर्गत संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए करीब 30 होम-स्टे संचालकों के लिए 15 से 19 सितंबर तक पांच दिवसीय

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को होम-स्टे के प्रभावी संचालन, आधुनिक पर्यटन कौशल और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल सरकार के 'आतिथ्य से आत्मनिर्भरता' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सीखेंगे मार्केटिंग से लेकर ब्रांडिंग तक के गुर

होम-स्टे संचालकों को पेशेवर आतिथ्य सेवा प्रदाता बनाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें व्यवसाय को सफल बनाने के हर पहलू की जानकारी दी जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान विशेषज्ञ, प्रशिक्षुओं को बताएंगे कि कम लागत में प्रभावी मार्केटिंग, होम-स्टे की ब्रांडिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्रचार कैसे किया जा सकता है। साथ ही, अतिथियों के पंजीकरण, शिकायत निवारण, सेवा प्रबंधन, टैरिफ निर्धारण, मूल्य तय करने और लागत नियंत्रण की व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण में हाउसकीपिंग, रखरखाव, इंटीरियर सहित अन्य जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा, होम स्टे संचालकों को बेहतर आतिथ्य सेवा, व्यक्तित्व विकास, ग्रूमिंग, स्थानीय व्यंजनों और जैविक उत्पादों के मानकीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य, टेबल एटीकेट और सेवा प्रोटोकॉल की बारीकियां भी बताई जाएंगी। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में होम स्टे संचालकों को चार दिन थ्योरी और पांचवें दिन एक होम स्टे का भ्रमण कराकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए नवाचार, कौशल विकास और स्थानीय युवाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस कर रही है। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले होम-स्टे संचालकों में अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने औपचारिक शिक्षा के बाद पर्यटन विभाग के सहयोग से स्वरोजगार के रूप में होम-स्टे संचालन को अपनाया है। विभाग के सतत प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से युवा सफल होम स्टे संचालक बन रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पर्यटन विभाग द्वारा बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम-स्टे नीति-2025 के तहत अब तक 1,000 से अधिक सर्टिफिकेट जारी किए जा चुके हैं। जनवरी 2026 के उपरांत आवेदन में तेजी आई है।

प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, पीड़ितों को बांटी राहत किट

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।

जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सोमवार शाम जलालाबाद क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले ग्राम कसारी पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रशासनिक अधिकारियों को पीड़ितों की हर संभव मदद करने तथा जलजमाव की निकासी के कड़े निर्देश दिए। घ्निरीक्षण के उपरांत प्रभारी मंत्री ग्राम कोला स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने अपने कर-कमलों द्वारा पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जा रही बाढ़ राहत राशन किट एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया। घ्यामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार संकट की इस घड़ी में हर बाढ़ पीड़ित के साथ मुस्तैदी से खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी परिवार को भोजन, राशन और दवाओं की कमी न होने पाए। जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रांशुसिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में वृद्ध गंभीर घायल

मदनापुर, शाहजहांपुर। थाना मदनापुर क्षेत्र के फिरोजपुर डूडा गोदाम के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। ग्राम अमरोली निवासी आशुतोष सिंह ने थाना मदनापुर में तहरीर देकर बताया कि उनके पिता पुत्तू सिंह 6 सितंबर 2026 को गांव से मदनापुर दवा लेने साइकिल से आ रहे थे। इसी दौरान फिरोजपुर गोदाम के पास पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पुत्तू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए श्री सिद्ध विनायक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। तहरीर में आशुतोष सिंह ने बाइक चालक बलराम पुत्र श्यामवीर, निवासी फिरोजपुर डूडा, थाना मदनापुर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। तहरीर 9 सितंबर 2026 को थाना मदनापुर में दी गई।

नगर निगम में समस्याओं को लेकर धरना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वाराधरना प्रदर्शन नगर निगम कार्यालय में किया गया। समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम की जलकल व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो गई है, 10 से 12 दिन पहले से पानी नहीं आ रहा है। जिस कारण मोहल्ले में लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। एक आवेदक द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए 27 जुलाई 2026 को आवेदन दिया गया, निर्धारित समय पूर्ण होने के बाद जब संपर्क किया गया तो निगम में वहां के कर्मचारियों ने बताया कि अब 6 अगस्त से नियमावली बदल गई है। आपका कार्य नहीं हो पाएगा, इसलिए कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। कुछ समय पहले नगर में बारिश का पानी भर जाने के कारण मच्छर पैदा हो गए, फॉगिंग शीघ्र कराई जाए, समय वृद्धि रूप से उचित समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पूरी तरीके से नगर निगम में नगर निगम का घेराव करेगा ।महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में धरना किया गया। इस मौके पर महानगर महामंत्री श्याम मोहन मिश्रा, महानगर संरक्षक आशीष वर्मा, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार मल्होत्रा, बहादुरगंज इकाई अध्यक्ष मोहम्मद रईस ,युवा महानगर अध्यक्ष चमन तिवारी, संदीप, गौरव, चन्दू खान, आरके पाल, पंकज, अनुपम सक्सेना, धीरेन्द्र, दिनेश आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

अल्पना बनीं कायस्थ महासभा की प्रदेश महासचिव

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की परिचय बैठक एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह लखनऊ स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाहजहांपुर नगर निगम की नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, उत्तर प्रदेश की प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। अल्पना नगर निगम में नामित पार्षद के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ ही सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों को लेकर भी लगातार मुखर रही हैं ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव बाबा ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुधांशु श्रीवास्तव सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंजीनियर्स डेः आज जूनियर इंजीनियर करेंगे रक्तदान

शाहजहांपुर। भारत के प्रथम भारतीस इंजीनियर डा.एम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन 15 सिंतबर को देश मे इंजीनियर्स डे के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ शाहजहांपुर के तत्वधान में इंजीनियर्स डे के अवसर पर उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के संस्थापक इं.आर के दत्ता की पुण्यतिथि भी होती है। स्वरूआर के दत्ता का स्वर्गवास खून की कमी की बीमारी के कारण हुआ था। इसलिये उनकी याद में प्रदेश भर में विभिन्न इंजीनियरिंग विभाग के अवर अभियंत जूनियर इंजीनियर, हर साल पूरे प्रदेश में 15 सितंबर को रक्तदान महादान के कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इस साल भी सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में इंजीनियर्स डे और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने कार्यक्रम जिलाधिकारी को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी 11 बजे तक पहुंजाएगी। जानकारी इंजीनियर अहमद मुबीन, जनपद सचिव डिप्लोमा इंजीनियर संघ, लोनिवि ने दी।

कलान में आयोजित पूजन कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कलान, जलालाबाद। कलान क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम में जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र से सम्भावित प्रत्याशी अपूर्वा सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपूर्वा सिंह ठाकुर ने भगवान श्री गणेश के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती में भाग लिया। उन्होंने विघ्नहर्ता से समस्त जलालाबाद क्षेत्र और परशुरामपुरी के निवासियों के जीवन में सुख, शांति, खुशहाली और समृद्धि बनाए रखने की कामना की। घ्पूजा के उपरांत उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान जय श्री गणेश के जयकारों से पूरा प्रांगण भक्तिमय हो उठा। घ्अपूर्वा सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और क्षेत्र की प्रगति व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।

हिंदी विश्व की सम्भवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जीएफ कॉलेज में आज हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत पूरे सप्ताह में औपचारिक पत्र लेखन, सुलेख, शुद्ध वर्तनी लेखन, स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।इसी क्रम में आज औपचारिक पत्र लेखन विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर के हर्षुल सिन्हा को प्रथम, एमए तृतीय सेमेस्टर की प्रियतमा बौद्व को द्वितीय और बीए तृतीय सेमेस्टर के मोहम्मद नोमान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।दूसरी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को दिए गए अक्षर से एक मिनट में अधिकतम शब्द निर्मित करने थे। इस प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की नव्या राठौर को प्रथम, बीए तृतीय सेमेस्टर के मोहम्मद नोमान को द्वितीय तथा बीए तृतीय सेमेस्टर की निधि गौतम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।प्राचार्य प्रचार्य प्रो मोहसिन हसन खाँ ने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने कहा कि किसी भी स्वाधीन देश के लिए, जो महत्व उसके राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का है,वही उसकी राजभाषा का भी है। हिंदी भाषा बहुत सरल,सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की सम्भवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। हिंदी विभाग के प्रो मो. साजिद खान, प्रो मो. अरशद खान, डॉ. दरख्शाँ बी, डा.शमशाद अली, डा. मो. काशिफ नईम डा. परवेज मुहम्मद, डा. शीनुल इस्लाम मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डा. निजामुद्दीन खान ने किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रधान रूबी देवी गंगवार पंचायत रत्न पुरस्कार 2026 के लिए चयनित

खुदागंज,शाहजहांपुर। कटरा खुदागंज विकासखंड की ग्राम पंचायत पहाड़ीपुर भोपत की ग्राम प्रधान श्रीमती रूबी देवी गंगवार का चयन प्रतिष्ठित 'पंचायत रत्न पुरस्कार 2026' के लिए किया गया है। देशभर से इस सम्मान के लिए चयनित किए गए 50 ग्राम प्रधानों में रूबी देवी गंगवार का नाम शामिल होने से क्षेत्रवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। बताया गया है कि वह पूरे बरेली मंडल से इस पुरस्कार के लिए चयनित होने वाली इकलौती ग्राम प्रधान हैं। ग्राम प्रधान के चयन की सूचना क्षेत्र में पहुंचते ही ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान संघ की ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों तथा ग्रामीणों ने उनके आवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और इस उपलब्धि पर खुशी जताई। लोगों ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों और विकास की दिशा में प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि को लेकर ग्राम पंचायत के लोगों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान के चयन से पहाड़ीपुर भोपत ग्राम पंचायत को एक अलग पहचान मिलने की उम्मीद है। वहीं, ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने भी रूबी देवी गंगवार को शुभकामनाएं देते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। जानकारी के अनुसार, श्रीमती रूबी देवी गंगवार को आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आजमगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित भव्य समारोह में 'पंचायत रत्न पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह को लेकर ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है। रूबी देवी गंगवार के चयन पर ग्रामीणों, ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह सम्मान ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को और गति देने के साथ ही अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणा का काम करेगा।

बाइकों की भिड़ंत में तीन गंभीर घायल

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। लखनऊ पलिया हाईवे पर पड़ने वाले गाँव चन्दगोई मोड़ पर दो बाईकों की आमने सामने हुई दो बाईकों की भीषण भिड़ंत में चालकों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से घायलों को सरकारी एम्बुलेंस से उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। थाना बेहटा गोकुल में पड़ने वाले गाँव बिसौली निवासी धीरेन्द्र कुमार अपनी पल्सर बाइक पर सवार होकर सोमवार सुबह करीब दस बजे शहर की तरफ से शाहाबाद की तरफ जा रहे थे। जिस समय धीरेन्द्र कुमार की बाइक चंद गोई के सामने पहुंची उसी समय चंद गोई निवासी विमलेश अपनी बाइक पर गाँव निवासी सुमित कुमार को लेकर गाँव को जाने वाले सम्पर्क मार्ग को क्रास कर दूसरी तरफ से आ रहे बाइक सवार धीरेन्द्र कुमार की बाइक से जोरदार टक्टर लग हो गई। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों के अलावा पुलिस टीम ने घायलों को उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। सीओ शुभम वर्मा ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी जायेगी।

एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं का धरना 5वें दिन जारी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

तहसील सदर में एसडीएम के रवैये के विरोध में अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन शनिवार के बाद रविवार 14 सितंबर को भी जारी रहा। लगातार कई दिनों से चल रहे आंदोलन के बावजूद अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच गतिरोध समाप्त नहीं हो सका। इससे तहसील परिसर में अधिवक्ताओं में आक्रोश बना हुआ है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उनकी समस्याओं और मांगों को लेकर प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। रविवार को भी अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना देकर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। अधिवक्ताओं का कहना है कि आंदोलन के दौरान एसडीएम अपने कार्यालय कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने धरना दे रहे अधिवक्ताओं से बातचीत करने अथवा उनकी समस्याएं सुनने के लिए कोई पहल नहीं की। अधिवक्ताओं के अनुसार, उनकी ओर से संपर्क करने के बावजूद कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। धरने पर मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का उचित समाधान नहीं किया जाता और एसडीएम के रवैये को लेकर आवश्यक कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर गतिरोध समाप्त कराने की मांग की है। लगातार चल रहे धरना-प्रदर्शन के कारण तहसील सदर में प्रशासनिक कार्यों को लेकर भी स्थिति पर लोगों की नजर बनी हुई है। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगों की अनदेखी किए जाने पर आंदोलन को और व्यापक किया जा सकता है।

हिंदी हमारी राष्ट्रीय एवं मातृभाषा, इससे बढ़कर कोई भाषा नहीं: आसिफ मंसूरी

सिंधौली, शाहजहांपुर। कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल लिटिल स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल एम ए पब्लिक स्कूल में आज हिंदी दिवस मनाया गया। स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापक इरम मंसूरी ने अपने विचार प्रस्तुत किये तो वहीं बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर हिंदी को याद किया स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा की हिंदी हमारी राष्ट्रीय एवं मातृभाषा है इस भाषा से प्यारी एवं इस भाषा से बढ़कर कोई दूसरी भाषा नहीं है आज स्थिति यह है कि अपने देश वासी अपनी मात्र भाषा को छोड़कर अंग्रेजी भाषा की ओर भाग रहे हैं हमें अपनी भाषा को पूर्ण रूप से जानकर इसका प्रचार प्रसार अन्य देशों में भी करना चाहिए जिससे हमारी हिंदी भाषा को नई पहचान मिल सके हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा बने इसके लिए सभी देशवासियों को पूरे प्रयास करने चाहिए बच्चों को इरम बानो अब्दुल रहमान कृष्ण पाल आसना चैहान ऋषभ पाल ने संबोधित कर बच्चों को हिंदी के प्रति स्नेह का भाव उत्पन्न किया इस मौके पर रीता चैहान जितेंद्र कुशवाहा करुणा शंकर पांडे बृजेश वर्मा सोनम मिश्रा रोमाना खान गुलफशा शहजादी निदा अंसारी आदित्य सिंह आदि मौजूद रहे।

अभद्र टिप्पणी के विरोध में पत्रकारों ने किया विरोध-प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम, सीओ को सौंपा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

एक डाक्टर के द्वारा जनपद के पत्रकारों के खिलाफ अभद्रत टिप्पणी करने के बाद पत्रकारों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम और सीओ को सौंपा है। उन्होंने उक्त डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डॉ. केपी गुप्ता द्वारा पत्रकारों के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में सोमवार को पुवायां, खुटार, बंडा और सिंधौली क्षेत्र के पत्रकार एकजुट हुए। वरिष्ठ पत्रकार हरिओम त्रिवेदी के नेतृत्व में सभी पत्रकार बंडा रोड पर एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए राजीव चैक पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदानंद सरोज और सीओ प्रवीण मलिक को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पुवायां के चरक हॉस्पिटल में आठ जुलाई को ककरहा गांव निवासी किशनपाल की पत्नी जूली का प्रसव के लिए ऑपरेशन डॉ. केपी गुप्ता ने किया था। हालत बिगड़ने पर नौ सितंबर को उनकी मौत हो गई थी। मामले में मृतका के ससुर जोगराज की तहरीर पर अस्पताल संचालक डॉ. फिरोज खां और डॉ. केपी गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पत्रकारों का आरोप है कि घटना की खबरें प्रकाशित होने के बाद डॉ. केपी गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की। इससे महिला और पुरुष पत्रकारों के सम्मान को ठेस पहुंची है। पत्रकारों ने मांग की कि टिप्पणी के मामले में पुलिस अधीक्षक स्तर से जांच कर बीएनएस और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाए। साथ ही निजी अस्पतालों में स्थायी सर्जन व एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की उपलब्धता और सूचना बोर्ड पर दर्ज डॉक्टरों की वास्तविक तैनाती की जांच कराई जाये। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिला अध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने भी ज्ञापन सौंपा और पत्रकारों का समर्थन किया। उन्होंने भी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हरिओम त्रिवेदी, रामलड़ैते तिवारी, आशुतोष शुक्ला उर्फ पप्पू, नीरज मिश्रा, अवनीश मिश्रा, विशेक मिश्रा, सोनू मिश्रा, अंकित पांडेय, बलजीत सिंह, उमेश शर्मा, पारूल मिश्रा, पवन पांडेय, पवन मिश्रा, हरीश वर्मा, अश्वनी शुक्ला, सौरभ त्रिवेदी, नवीन मिश्रा, विमलेश गुप्ता, बृजेश पांडेय, ओमकार मिश्रा, रवि पांडेय, देवेंद्र पटेल सहित बंडा, खुटार, पुवायां, सिंधौली के पत्रकार मौजूद रहे।

हाईवे की रेलिंग तोड़ हार्डवेयर की दुकान में घुसी डीसीएम

सिंधौली, शाहजहांपुर। कस्बे में सोमवार की देर रात करीब 1:30 बजे तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर हाईवे की रेलिंग तोड़ते हुए मानस हार्डवेयर की दुकान में जा घुसी। हादसे में दुकान को भारी नुकसान हुआ, हालांकि गनीमत रही कि घटना के समय दुकान बंद थी, जिससे जनहानि होने से टल गई। बताया गया कि हिमाचल प्रदेश निवासी चालक लखीमपुर सेब लेकर गया था। वहां से डीसीएम में केला लादकर वापस हिमाचल प्रदेश जा रहा था। सिधौली कस्बे में पहुंचते ही अचानक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। डीसीएम हाईवे की रेलिंग तोड़ते हुए दुकान में जा घुसी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। दुकानदार अबनीश पांडे ने पुलिस को तहरीर देकर दुकान में हुए नुकसान की भरपाई कराने और कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि डीसीएम चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। फिलहाल वाहन मालिक और दुकानदार के बीच नुकसान की भरपाई को लेकर बातचीत चल रही है। यदि आपसी सहमति से नुकसान की भरपाई हो जाती है तो आगे की कार्रवाई न होने की बात कही जा रही है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बच्चियों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उड़ान एक उम्मीद संस्था ने संजय विद्या मन्दिर में सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किया। डा.संगीता मोहन ने सभी बच्चियों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया और बच्चियों में होने वाली अन्य बीमारियों और समस्याओं के विषय में जानकारी दी और बचाव के उपाय भी बताए बच्चियों में खासा उत्साह दिखा। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने भी बच्चियों को स्त्रियों और बच्चियों में होने वाली बीमारियों से सावधानी बरतने को प्रेरित किया। ज्ञात हो कि संस्था पिछले वर्ष से ही सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण का जागरूकता अभियान चला रही है पर तब सरकार द्वारा टीकाकरण नहीं किया जा रहा था। अब सरकार ने टीकाकरण पूर्ण रूप से निःशुल्क कर रही है, जिसके लिए संस्था जागरूकता अभियान चलाकर बच्चियों को एकत्र करके कैम्प लगाकर टीकाकरण करवा रही है। संस्था अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष डा. संगीता मोहन ने आम लोगों से अपील की है कि चैदह वर्ष की बालिकाओं को टीकाकरण अवश्य कराए और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सत्येंद्र श्रीवास्तव, शिक्षिका स्नेहलता, उपस्थित रही।

लोक दल के तौहिद बने बूथ अध्यक्ष

सिंधौली, शाहजहांपुर। जमदुइया गांव में लोकदल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में लोक दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को लोक दल की नीतियों और विचारधारा की जानकारी देते हुए उन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए तौहिद को बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं शमशाद, सबील, मोहम्मद नबी, समीम और बारिश समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि लोक दल किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों को लेकर लगातार आवाज उठाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को परिवहन विभाग का कड़ा कदम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

- 14 से 19 सितंबर तक चलेगा 6 दिवसीय विशेष अभियान मिशन सेफ फ्यूचर 3.0

स्कूली बच्चों के सुरक्षित व सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त के अनुपालन में प्रदेश भर में 14 सितंबर से 19 सितंबर तक 6 दिवसीय विशेष अभियान श्मिशन सेफ फ्यूचर 3.0श् संचालित किया जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम 222-छ के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में श्विद्यालय परिवहन सुरक्षा समितियोंश् का अनिवार्य रूप से गठन कराना तथा उनकी नियमित बैठकें सुनिश्चित करना है। समिति में संबंधित तहसील के नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उपखण्ड निरीक्षक पदेन सदस्य के रूप में सम्मिलित हैं। यह समिति प्रत्येक वर्ष जुलाई, अक्टूबर, जनवरी एवं अप्रैल माह में अनिवार्य रूप से बैठकें आयोजित करेगी। उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए कड़े दिशा-निर्देशों के क्रम में विद्यालय प्रबंधनों को निम्नलिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एआरटीओ ने कहा कि प्रत्येक स्कूल वाहन में चालक के अतिरिक्त अनिवार्य रूप से एक परिचर की उपस्थिति रहेगी, जिससे छात्र-छात्राएं सुरक्षित रूप से वाहन में चढ़ व उतर सकें। छात्राओं के वाहनों में महिला परिचर अनिवार्यः यदि किसी स्कूल वाहन में छात्राएं यात्रा कर रही हैं, तो उसमें परिचर का अनन्य रूप से महिला परिचर होना अनिवार्य है। शिक्षक की सह-यात्राः उक्त बस,वाहन में बच्चों की सुरक्षा व अनुशासन के दृष्टिगत अनिवार्य रूप से एक अध्यापक भी बच्चों के साथ यात्रा करेंगे। चालकों का शत-प्रतिशत पुलिस चरित्र सत्यापनः स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विघ्द्यालय प्रबंधन अपने स्वामित्व अथवा अनुबंधित समस्त वाहनों के चालकों का स्थानीय पुलिस के माध्यम से शत-प्रतिशत चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएंगे। बिना सत्यापित चरित्र वाले किसी भी चालक को वाहन संचालन की अनुमति कदापि नहीं दी जाएगी। अभियान अवधि 14 से 19 सितंबरके दौरान परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों एवं विद्यालयों पर सघन चेकिंग की जाएगी। नियमों की अनदेखी करने वाले अथवा बिना फिटनेस-अवैध रूप से संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान, सीज एवं विधिक दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

एडी हेल्थ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

ढाई घण्टे तक चले निरीक्षण के दौरान हलकान रहा स्टाफ

समृद्धि न्यूज, तिलहर- शाहजहांपुर।

एडी हेल्थ बरेली डॉ सीमा अग्रवाल ने सीएचसी पहुंचकर सघन निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मिशन प्रोग्रामिंग की समीक्षा की और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पर विशेष नजर रखने के कड़े निर्देश दिए। एडी हेल्थ डॉ सीमा अग्रवाल सोमवार को अपरान्ह एक बजे सीएचसी पहुंची। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओमेन्द्र राठौर के सानिध्य में सर्व प्रथम एक्सरे रूम का निरीक्षण किया। यहां साफ सफाई पर जोर देते हुए एयर कंडीशनर लगवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ऑपरेशन थियेटर की ओर रुख किया। एडी ने अगस्त माह में 40 सीजर होने पर संतुष्टि जाहिर करते हुए इसे मेंटेन रखने पर बल दिया। इसी क्रम में एडी ने स्वास्थ्य मिशन प्रोग्रामिंग की समीक्षा करते हुए अभिलेखों का सघन निरीक्षण किया। सीएचसी में दवाओं की उपलब्धता की जानकारी में चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि 226 प्रकार की दवाये उपलब्ध हैं। तदोपरांत एडी डॉ सीमा अग्रवाल ने वार्डों, इमर्जेंसी सुविधाओं के साथ ही लैबोरेट्री का भी अवलोकन किया। यहां तकनीशियन से जांचों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में तीन शिफ्टों में सफाई कार्य करवाने के कडे निर्देश दिए और अस्पताल सम्बन्धी किसी भी रिक्वायरमेंट के लिए उनसे सीधे पत्राचार करने को कहा। अपरान्ह साढ़े तीन बजे एडी के गन्तव्य को रवाना होने के बाद ही अस्पताल स्टाफ ने राहत की सांस ली।

करंट लगने से गर्भवती महिला झुलसी, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

करंट लगने से एक गर्भवती महिला झुलस गई , गंभीर हालत में परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम ग्राम डभौरा निवासी 28 वर्षीय गर्भवती महिला फूलबानो पत्नी इदरीश करंट लगने से झुलस गईं। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कार्रवाई न होने पर हिंयुवा ने किया प्रदर्शन

- कोतवाली गेट पर बैठकर दिया धरना
- रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही शांत हुए प्रदर्शनकारी

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

सोशल मीडिया पर हिंदू संगठनों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित आपत्तिजनक व धमकी भरी टिप्पणियों के मामले में कार्रवाई न होने पर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया! कोतवाल के समझाने के बाबजूद कार्यकर्ता जमीन पर बैठ गए और नारेबाजी करते नजर आए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही प्रदर्शनकारी शांत हुए। सोमवार को अपरान्ह करीब एक बजे हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी और जिला महासचिव शुभम मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कोतवाली गेट पर पहुंचे। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने गेट पर पहुंचकर उनकी शिकायत को सुना और जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की बात कही। इस पर कार्यकर्ता भड़क उठे और गेट पर ही जमीन पर बैठ नारेबाजी करने लगे। कोतवाल द्वारा तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने आश्वासन पर सभी शांत हुए और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गन्तव्य को रवाना हो गए। इस दौरान रामलखन, आशीष सिंह, लोकेश शास्त्री, मोहित, कुलदीप, सूरज, लखन, विनय, दिव्यांश अग्रवाल, राजीव समेत संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

सांप के डंसने से महिला की गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। सांप के डसने से महिला की हालत गंभीर हो गई जिसको परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह ग्राम बंधीचक निवासी 55 वर्षीय गजेन्द्रा पत्नी मकरंद की हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल सीएससी लेकर आए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर

खनन में लगी ट्रॉली पुलिस ने पकड़ी, चालक फरार

खुटार, शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस ने सोमवार सुबह खनन की सूचना पर जादौपुर गांव में कार्रवाई करते हुए मौके से एक ट्राली बरामद की। पुलिस टीम के पहुंचते ही ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जबकि ट्राली मौके पर ही छोड़ गया। पुलिस ने ट्राली को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया और लावारिस में दाखिल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गांव में खनन किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर नहीं मिलने से पुलिस अब उसके संबंध में जानकारी जुटा रही है। साथ ही खनन कार्य में शामिल लोगों और ट्राली के स्वामी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना अध्यक्ष लोकेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्राली को थाने में लावारिस दाखिल कराया गया है। मौके पर ट्रैक्टर नहीं मिला। मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पंजाबी महासभा के सुरेंद्र सेठी बने जिला अध्यक्ष

शाहजहांपुर। पंजाबी महासभा का स्थापना दिवस समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सुरेंद्र सेठी को जिला अध्यक्ष और रितेश आनंद उर्फ रोमी को महानगर अध्यक्ष चुना गया। दोनों नवनियुक्त अध्यक्ष दो वर्ष तक संगठन की जिम्मेदारी संभालेंगे। समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष लाजपत बत्रा का कार्यकाल पूरा होने पर फूल-माला पहनाकर सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षों का भी स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सेठी ने कहा कि महासभा का जल्द ही पूरे जिले में विस्तार किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष रितेश आनंद ने संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द महिला और यूथ विंग के गठन की बात कही। कार्यक्रम में महिलाओं ने तंबोला (हाऊजी) खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को उपहार दिए गए। इस मौके पर प्रेम नारंग, विनय चड्ढा, रूपेश बोहरा, विजय मेहरोत्रा, सतीश आनंद, श्याम सुंदर कपूर, जगदीश गांधी, महेंद्र चावला, नरेंद्र कुकरेजा, राजीव कामरा, कृष्ण गोपाल बिन्नू, जुगल तनेजा, मनोज खुराना, जगदीश गांधी, ममता गांधी, राजकुमार, हरीश बजाज, नंदलाल खंडूजा और गगन खन्ना समेत बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में रितेश आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

घाघरा में तीन किशोरियां बही, ग्रामीणों ने एक को सकुशल बचाया

धौरहरा (लखीमपुर खीरी)। तहसील क्षेत्र के ग्राम हटवा निवासी तीन नाबालिग लड़किया सोमवार सुबह 10 बजे घाघरा नदी में स्नान करने घर से निकली थी। नहाने के दौरान पैर फिसलने से तीनों गहरे पानी में चली गई। प्राप्त विवरण के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम हटवा निवासी शैलेन्द्री 10 वर्ष, सुनीता 15 वर्ष पुत्री प्यारेलाल व गोल्डी 11वर्ष पुत्री रामप्रसाद। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने एक लड़की को सुरक्षित निकाल लिया व दो लड़कियां धारा में विलीन हो गई। जिसके लिए तलाश जारी है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ईसानगर पुलिस व एसडीएम धौरहरा राशी कृष्णा ने तलाशी अभियान शुरू कराया। समाचार लिखने तक बरामदगी नहीं हो सकी है तलाश जारी है।

विवि के विकास को कुलपति ने की राज्यपाल से चर्चा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित द्विदिवसीय एआई मंथन 2.0 के समापन दिवस पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलती तकनीकी दुनिया में एआई शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, नवाचारपरक और गुणवत्तापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, लेकिन इसके उपयोग में संतुलन और विवेक बेहद जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि एआई का प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिए कि वह मानव की क्षमता का विस्तार करने वाला सहायक बने, स्वयं मानव पर हावी न हो जाए। उन्होंने विश्वविद्यालयों से आग्रह किया कि एआई को शिक्षा, शोध और अकादमिक गतिविधियों में उपयोगी उपकरण के रूप में अपनाया जाए, लेकिन विद्यार्थियों और शिक्षकों की मौलिक सोच, रचनात्मकता, विश्लेषण क्षमता तथा मानवीय संवेदनाओं को तकनीक का विकल्प न बनने दिया जाए। कार्यक्रम के समापन के पश्चात राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश में नवस्थापित पांच विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में उन्होंने इन विश्वविद्यालयों की वर्तमान प्रगति, उनके सामने आ रही चुनौतियों तथा विकास की संभावनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। राज्यपाल ने कुलपतियों से विश्वविद्यालयों को मजबूत अकादमिक संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कदमों पर भी चर्चा की। इस विशेष बैठक में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषय राज्यपाल के समक्ष रखे। उन्होंने शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों और नए संकायों के विस्तार के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है, ताकि भविष्य की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विश्वविद्यालय का आधारभूत ढांचा विकसित किया जा सके। कुलपति प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय के अकादमिक दायरे को और विस्तृत किए जाने की आवश्यकता भी राज्यपाल के समक्ष रखी। उन्होंने आसपास के जिलों के महाविद्यालयों को भी विश्वविद्यालय से संबद्ध किए जाने का अनुरोध किया, जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध हो सकें और नवस्थापित विश्वविद्यालय अपनी क्षेत्रीय भूमिका को और प्रभावी ढंग से निभा सके। कुलपति की ओर से रखी गई इन अपेक्षाओं और विश्वविद्यालय के विकास से जुड़े विषयों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गंभीरता से सुना तथा विश्वविद्यालय की अपेक्षित प्रगति के लिए पूर्ण सहयोग और आश्वासन दिया।

2027 के चुनाव को लेकर पीडीए कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

- कार्यकर्ताओं ने सपा को मजबूत कर सरकार बनाने का लिया संकल्प

कांट, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम झबरा में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पीडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया गया। बैठक का आयोजन नीरज मिश्रा के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शामली के एमएलसी किरण पाल कश्यप, पूर्व एमएलसी अमित यादव गायत्री वर्मा, तनवीर खां, ज्योतिसना कश्यप आदि ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएं। नीरज मिश्रा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच पार्टी की नीतियों को लेकर संवाद स्थापित करे उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में पीडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गो आश्रय स्थलों में लंपी से बचाव को चला महाअभियान, शत-प्रतिशत टीकाकरण पर जोर

सीतापुर। जनपद में गोवंश को लंपी स्किन डिजीज (LSD) से सुरक्षित रखने के लिए पशुपालन विभाग की ओर से विशेष महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी गो आश्रय स्थलों में प्राथमिकता के आधार पर गोवंश का टीकाकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एमपी सिंह चन्देल ने विकासखंड बिसवां स्थित शिवथाना गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गो आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं, गोवंश के स्वास्थ्य और चल रहे लंपी रोधी टीकाकरण अभियान की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान को गोवंश का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने और बीमारी के संभावित लक्षण दिखाई देने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने बताया कि लंपी स्किन डिजीज गोवंश में होने वाला विषाणुजनित संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से मच्छर, मक्खी और अन्य रक्त चूसने वाले कीटों के माध्यम से फैल सकता है। संक्रमित पशुओं में बुखार, कमजोरी, भूख में कमी तथा शरीर पर गांठें या त्वचा पर उभरे घाव जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इससे दूध उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। विभाग की ओर से पशुपालकों और गो आश्रय स्थलों से जुड़े जिम्मेदार लोगों से अपील की गई है कि वे पशुओं का समय से टीकाकरण कराएं। साथ ही गो आश्रय स्थलों में स्वच्छता, कीट नियंत्रण और नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान दें। किसी पशु में बीमारी के लक्षण नजर आने पर तत्काल निकटतम पशु चिकित्सा केंद्र या पशु चिकित्साधिकारी को सूचना देने की अपील की गई है। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बिसवां सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आनंदी देवी इंटर कॉलेज में 37वीं क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन

- खेलों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ संस्कारों पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज, सीतापुर।

आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सीतापुर में आयोजित तीन दिवसीय 37वीं क्षेत्रीय खो-खो एवं योगासन प्रतियोगिता का सोमवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निवास सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और स्वावलंबन की सीख दी जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के साथ सभी का सम्मान करना चाहिए। सरल और सहज स्वभाव रखने वाले विद्यार्थी ही जीवन में वास्तविक प्रगति करते हैं। कार्यक्रमाध्यक्ष श्रद्धा सागर ने कहा कि शिक्षा और ज्ञान के साथ बच्चों के आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा उन्हें उच्च संस्कारों से जोड़ना भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को निरंतर कुछ नया सीखते हुए स्वयं के व्यक्तित्व विकास पर कार्य करना चाहिए। क्षेत्रीय खेलकूद संयोजक जगदीश कुमार सिंह ने विद्या भारती के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1952 में गोरखपुर से शिशु मंदिर के रूप में शुरू हुई संस्था आज पूरे देश में शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजकों का आभार जताया। प्रतियोगिता के खो-खो वर्ग में शिशु वर्ग बालक में अवध प्रांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल एवं किशोर वर्ग में काशी प्रांत, जबकि तरुण वर्ग में अवध प्रांत ने बाजी मारी। बहनों के वर्ग में बाल वर्ग में काशी प्रांत, किशोर वर्ग में अवध प्रांत तथा तरुण वर्ग में काशी प्रांत ने स्थान प्राप्त कर अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। समापन अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विद्यानंद मिश्र ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीराम रस्तोगी, कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, प्रांतीय खेलकूद संयोजक रमेश सिंह, निर्णायक बंधु तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

छोटे उद्यमियों को मिले छोटे प्लॉट आप ने डीएम से लगाई गुहार

पीलीभीत। भरा पचपेड़ा स्थित यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं और छोटे कारोबारियों की पहुंच आसान बनाने के लिए आम आदमी पार्टी ने पहल की है। पार्टी जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा और पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एवं पूरनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें मांगपत्र सौंपा। इसमें औद्योगिक क्षेत्र में कम क्षेत्रफल वाले भूखंडों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की गई।आप नेताओं का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में फिलहाल बड़े आकार के भूखंड, करीब 10 हजार वर्गमीटर तक, उपलब्ध अथवा आवंटित किए जा रहे हैं। ऐसे में सीमित पूंजी वाले स्थानीय युवा, छोटे व्यापारी और लघु उद्यमी अपनी क्षमता के अनुसार उद्योग लगाने से वंचित रह सकते हैं। उनका तर्क है कि हर व्यक्ति बड़े भूखंड और बड़े निवेश की क्षमता नहीं रखता, इसलिए औद्योगिक क्षेत्र में छोटे उद्यमियों के लिए भी जगह सुनिश्चित होना जरूरी है।मांगपत्र में न्यूनतम 1000 वर्गमीटर के औद्योगिक भूखंडों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करने की मांग की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि छोटे आकार के प्लॉट मिलने पर स्थानीय युवा अपनी पूंजी के अनुरूप उत्पादन इकाई या अन्य उद्योग स्थापित कर सकेंगे।

साइकिल सवार को बाइक चालक ने टक्कर मारी, मौत

मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी। शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर शंकरपुर चौराहे के पास युवक बाजार से सामान खरीद कर साइकिल से घर वापस जाते समय बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीरपुर से घायल हो गया इलाज के लिए पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। गांव हरना नरायनपुर निवासी ब्रजकिशोर (45) रविवार शाम मोहम्मदी से बाजार कर साइकिल से घर वापस जा रहे थे शंकरपुर चौराहे के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने इलाज के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था उसके बाद शाहजहांपुर भेजा वापसी करते समय डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया था।

दो थाना क्षेत्रों से चार स्मैक कारोबारी गिरफ्तार

- लाखों की ब्राउन शुगर बरामद

समृद्धि न्यूज, पलिया कलां, खीरी।

इन दिनों मादक पदार्थ को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है तथा कठोर कार्रवाई का भी आश्वासन दिए जा रहा है इसी बीच पलिया पुलिस ने पीयूष मिश्रा और बिहारी पुत्र लव कुश मिश्रा दूसरा छोटे और भूरा पुत्र नरेश कश्यप को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। 107.26 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) व 147.25 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर कुल के साथ पलिया से दिनांक 13.09.2026 को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणो के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं 274/2026 अन्तर्गत धारा 8/21 NDPS ACT पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

गौरीफंटा पुलिस ने मादक पदार्थ में दो युवकों को किया गिरफ्तार: गौरीफंटा थाना क्षेत्र के चंदन चौकी मार्ग पर बनकटी मोबाइल टावर के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है अभियुक्त 1.प्रमोद कुमार राना पुत्र बदनू राना नि. ग्राम बनकटी थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी व 2.विनय चौधरी पुत्र संजय चौधरी नि. आई गांव वार्ड नं 19 उपमहानगर पालिका धनगढ़ी थाना बहुलिया जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र को मो.सा. होंडा ड्रीम नम्बर UP31AF5620 से 4.81 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर ले जाते समय गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण: 1. प्रमोद कुमार राना पुत्र बदनू राना नि. ग्राम बनकटी थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी उम्र करीब 31 वर्ष। 2.विनय चौधरी पुत्र संजय चौधरी नि. आई गांव वार्ड नं 19 उपमहानगर पालिका धनगढ़ी थाना बहुलिया जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र उम्र करीब 26 वर्ष।

बरामदगी का विवरण: 1. अभियुक्त प्रमोद कुमार राना के कब्जे 1.41 ग्राम ब्राउन शुगर 2.अभियुक्त विनय चौधरी के कब्जे 1.87 ग्राम ब्राउन शुगर 3. एक मो.सा. होण्डा ड्रीम रजि. नम्बर UP31AF5620, जिसके बेट्री बॉक्स में 1.53 ग्राम ब्राउन शुगर पाया गया।

हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी। नगर की शिक्षण संस्थानों में हिंदी दिवस के पर्व पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति दी है। शिक्षण संस्थान दून पब्लिक स्कूल,न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल, उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी, टीपीआरएस एजुकेशन इंस्टीट्यूट, ब्रेनिटी पब्लिक स्कूल समेत प्रमुख शिक्षण संस्थानों में आयोजित दिवस पर सुलेख, निबंध, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। दून पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक डॉ गुरमेजर सिंह और प्रधानाचार्या कविता शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया संचालन अजय पांडे और कल्पना ने किया है। विद्यालय की छात्रा पीहू मंडल और ज्योति ने भारतीय नृत्य पेश कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।उप प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने हिंदी मातृभाषा नहीं अपितु संस्कृत परंपरा और भावनाओं को जोड़ने वाली कड़ी बताया है। न्यू एन टी आई स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता में अनिका, ताशु, बाबर खान, समीरा, सूर्यांश, मानवेंद्र सिंह और निबंध प्रतियोगिता में तनिष्का, आर्यन, नंदिनी, हलीम, आराध्या और हर्षित के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर प्रबंधक शाहनवाज खां ने पुरस्कार देते हुए कहा है हिंदी हमारी शान है भारत देश की पहचान है।

13 दरोगाओं के तबादले से बदली जिले की पुलिसिंग, कई चौकियों पर नए चेहरे

- पूरनपुर गेट व ठेका चौकी के प्रभारी हटे पुलिस लाइन भेजे गए, महिला उपनिरीक्षक को धनकुना चौकी की कमान

समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।

जिले की पुलिस व्यवस्था में रविवार देर रात व्यापक फेरबदल किया गया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड की मंजूरी के बाद 13 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। स्थानांतरण के साथ कई महत्वपूर्ण चौकियों पर नए प्रभारियों की तैनाती की गई है, जबकि कुछ उपनिरीक्षकों को थानों और पुलिस लाइन भेजा गया है। तबादला आदेश के तहत पूरनपुर गेट चौकी प्रभारी आकाश और कोतवाली की ठेका चौकी के प्रभारी मनवीर सिंह को चौकी की जिम्मेदारी से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। पूरनपुर गेट चौकी का नया प्रभारी सुनगढ़ी थाने में तैनात उपनिरीक्षक कविराज सिंह को बनाया गया है। ठेका चौकी की जिम्मेदारी अब हजारा थाने से स्थानांतरित होकर आए उपनिरीक्षक राहुल कुमार संभालेंगे।

महिला उपनिरीक्षक को मिली चौकी की कमान: न्यूरिया थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक अनुराधा वर्मा को धनकुना चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। धनकुना में तैनात अतुल कुमार आर्य का स्थानांतरण हजारा थाने किया गया है। जहानाबाद की शाही चौकी के प्रभारी राकेश कुमार गौतम को घुंघचाई थाने भेजा गया है। वहीं घुंघचाई में तैनात उपनिरीक्षक निशांत अब शाही चौकी की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा लालौरीखेड़ा चौकी प्रभारी विवेक कुमार को दियोरियाकलां थाना भेजा गया है। शाहगढ़ चौकी प्रभारी के रूप में हरीश चन्द्र की तैनाती की गई है, जो माधोटांडा थाने से स्थानांतरित होकर आए हैं। वहीं अरुण कुमार को शाहगढ़ चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। पूरनपुर थाने में तैनात सागर कुमार को घुंघचाई क्षेत्र की बलरामपुर चौकी भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात विकास कुमार को पूरनपुर थाने में नई तैनाती मिली है। एसपी ने स्थानांतरित किए गए सभी उपनिरीक्षकों को तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को क्षेत्रीय पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने और कानून-व्यवस्था की व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट पर पुलिस का शिकंजा, चार सीज

- दो दिन चले विशेष अभियान में 12 वाहनों के चालान

पीलीभीत। सड़कों पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज और कर्कश आवाज करने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ पीलीभीत पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में 12 और 13 सितंबर को चले अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग की। कार्रवाई के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी चार बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज कर दिया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के कुल 12 चालान किए गए। जन एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में अभियान चलाया गया। प्रभारी यातायात और यातायात पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की जांच की। विशेष रूप से उन बुलेट मोटरसाइकिलों को निशाने पर लिया गया, जिनमें कंपनी के निर्धारित साइलेंसर के स्थान पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए थे। पुलिस के अनुसार मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी जारी रखने की बात पुलिस ने कही है। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर अभियान लगातार चलाए जाएंगे। मॉडिफाइड साइलेंसर के जरिए सड़क पर तेज आवाज का प्रदर्शन करने वाले वाहन चालकों पर अब कार्रवाई का सिलसिला जारी रहेगा।

सूचना

मेरा नाम सलमान खान पुत्र यामीन खान गलत है। सही नाम मोहम्मद सलमान खान पुत्र मोहम्मद यामीन खान है। भविष्य में इसी नाम से लिखा पढ़ा जाए। **निवासी मोहल्ला घेरचैवा तिलहर शाहजहांपुर।**

हुनर तय करेगा भविष्य

डिग्री दुनिया को यह बताती है कि आपने क्या पढ़ा है, जबकि हुनर यह दिखाता है कि आप उस पढ़ाई से क्या कर सकते हैं। भारत में उच्च शिक्षा का तेजी से विस्तार निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धि है। हर वर्ष लाखों युवा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से डिग्रियां लेकर निकल रहे हैं। इसके बावजूद रोजगार की दुनिया में प्रवेश करते समय बड़ी संख्या में युवाओं को कठिन प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। समस्या केवल रोजगार के अवसरों की कमी की नहीं है, बल्कि शिक्षा और रोजगार की जरूरतों के बीच बढ़ती दूरी की भी है। यही वह खाई है, जिसे अब केवल डिग्रियों की संख्या बढ़ाकर नहीं पाटा जा सकता। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2026 रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के स्नातकों में बेरोजगारी दर करीब 40 प्रतिशत है। यह आंकड़ा हमें शिक्षा व्यवस्था के उद्देश्य पर गंभीरता से विचार करने को मजबूर करता है। यदि बड़ी संख्या में युवा वर्षों की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि उनके पास डिग्री है या नहीं, बल्कि यह भी होना चाहिए कि उस डिग्री के साथ उनके पास रोजगार योग्य कौशल कितना है।

आज नौकरी के बाजार में बदलाव की रफ्तार अभूतपूर्व है। एक समय किसी तकनीक या कार्यप्रणाली को सीख लेने के बाद व्यक्ति वर्षों तक उसी ज्ञान के सहारे काम कर सकता था। अब स्थिति बदल गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस बदलाव की गति और बढ़ा दी है। नए उपकरण, नए अनुप्रयोग और नई कार्यप्रणालियां लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में चार वर्ष की डिग्री के दौरान सीखा गया ज्ञान स्नातक होने तक पूरी तरह अप्रासंगिक भले न हो, लेकिन उसका एक हिस्सा निश्चित रूप से अद्यतन करने की जरूरत महसूस कर सकता है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट भी बदलते रोजगार बाजार की इसी चुनौती की ओर संकेत करती है। आने वाले वर्षों में कर्मचारियों के कई प्रमुख कौशल में बदलाव होने की संभावना है। इसलिए भविष्य का सबसे महत्वपूर्ण कौशल किसी एक सॉफ्टवेयर, प्रोग्रामिंग भाषा या मशीन को चलाना भर नहीं है। सबसे बड़ा कौशल है—लगातार सीखते रहना, नई परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना और आवश्यकतानुसार अपने ज्ञान को अपडेट करते रहना।

यही कारण है कि शिक्षा व्यवस्था को भी परीक्षा और डिग्री केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़ना होगा। आज भी अनेक पाठ्यक्रमों में सैद्धांतिक ज्ञान पर पर्याप्त जोर है, लेकिन व्यावहारिक प्रशिक्षण, परियोजना आधारित शिक्षा, उद्योग से जुड़ाव और वास्तविक समस्याओं के समाधान के अवसर अपेक्षाकृत सीमित हैं। नतीजा यह होता है कि विद्यार्थी परीक्षा में अच्छे अंक तो हासिल कर लेते हैं, लेकिन नौकरी के लिए आवश्यक व्यावहारिक दक्षता विकसित नहीं कर पाते।

तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। पाठ्यक्रम बदलने में वर्षों लग सकते हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में बदलाव कुछ महीनों में हो जाता है। इसलिए उच्च शिक्षा संस्थानों को पाठ्यक्रमों में अधिक लचीलापन लाना होगा। विद्यार्थियों को केवल अपने विषय की जानकारी देने के बजाय उन्हें डिजिटल उपकरणों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा के इस्तेमाल और समस्या समाधान की क्षमता से भी लैस करना होगा। भविष्य में लगभग हर पेशा तकनीक से जुड़ा होगा। डॉक्टर को चिकित्सा ज्ञान के साथ डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों की समझ रखनी होगी। इंजीनियर को अपने तकनीकी ज्ञान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन की जानकारी रखनी होगी। शिक्षक को डिजिटल शिक्षण माध्यमों को समझना होगा और पत्रकार को सूचना के साथ-साथ डाटा, डिजिटल शोध तथा एआई आधारित उपकरणों के इस्तेमाल में दक्ष होना पड़ेगा। इसलिए अब अलग-अलग पेशों के बीच तकनीकी समझ की जरूरत लगातार बढ़ेगी।

हालांकि इसका अर्थ यह नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मनुष्य की जगह ले लेगी। वास्तविक चुनौती यह है कि मनुष्य एआई का इस्तेमाल कितनी कुशलता से करता है। जो व्यक्ति एआई को अपने काम का विकल्प समझेगा, वह उसके विस्तार से भयभीत हो सकता है। इसके विपरीत जो इसे अपनी उत्पादकता बढ़ाने वाले उपकरण के रूप में अपनाएगा, वह बदलते रोजगार बाजार में आगे निकल सकता है। इसके साथ ही मानवीय गुणों का महत्व भी कम नहीं होगा। संवाद की क्षमता, नेतृत्व, रचनात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, सहानुभूति, टीम के साथ काम करने का कौशल और नैतिक विवेक ऐसी खूबियां हैं, जिन्हें केवल मशीनों पर निर्भर होकर हासिल नहीं किया जा सकता।

आने वाले समय में तकनीकी दक्षता और मानवीय क्षमताओं का संतुलन ही किसी व्यक्ति की वास्तविक ताकत बनेगा। इस बदलाव में अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बच्चों से केवल यह पूछना पर्याप्त नहीं होगा कि वे कौन सी डिग्री कर रहे हैं या कितने अंक ला रहे हैं। यह भी पूछना होगा कि वे अपने ज्ञान का इस्तेमाल करके क्या बना सकते हैं, कौन सी समस्या हल कर सकते हैं और कौन सा नया कौशल सीख रहे हैं। इसी तरह युवाओं को भी केवल सरकारी या पारंपरिक नौकरियों की प्रतीक्षा करने के बजाय अपने कौशल को लगातार विकसित करने पर ध्यान देना होगा। भारत की विशाल युवा आबादी तभी आर्थिक शक्ति बनेगी, जब शिक्षा उसे रोजगार योग्य कौशल से जोड़ेगी। डिग्री महत्वपूर्ण है और आगे बढ़ने का पहला दरवाजा खोल सकती है, लेकिन वह अपने आप सफलता की गारंटी नहीं है। बदलती दुनिया में वास्तविक बढ़त उसी युवा को मिलेगी, जो सीखने की प्रक्रिया को डिग्री मिलने के साथ समाप्त नहीं करेगा।

दो टूक

आकाश आनंद के बहाने दलित वोटरों पर नजर

संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की सियासत में इन दिनों बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के भीतर मचे घमासान से ज्यादा चर्चा इस बात की है कि आखिर पार्टी का परंपरागत दलित वोट बैंक अब किस दिशा में जाएगा। मायावती ने 3 सितंबर 2026 को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और अपने उत्तराधिकारी के पद से हटाया था, और महज एक हफ्ते बाद 10 सितंबर को उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी पूरी तरह मुक्त कर दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ ने भी इसी दौरान सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी, जिससे बसपा के भीतर पारिवारिक विवाद खुलकर सामने आ गया। हाल ही में लखनऊ में मीडिया से बातचीत में मायावती ने अपनी सेहत को लेकर उड़ी अफवाहों और आकाश आनंद के एक फोन कॉल का जिक्र करते हुए कड़ी नाराजगी भी जताई। इस पूरे प्रकरण ने 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा की संगठनात्मक स्थिति को कमजोर कर दिया है, और यही कमजोरी अब दूसरे दलों के लिए मौका बन गई है। मायावती के फैसले के फौरन बाद नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने आकाश आनंद के लिए अपनी पार्टी का दरवाजा खोल दिया। चंद्रशेखर ने आकाश को छोटा भाई बताते हुए कहा कि दोनों मिलकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ा सकते हैं। अब मुरादाबाद पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के प्रमुख रामदास आठवले ने भी यही कोशिश दोहराई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से यूपी में बसपा से अपना हक वापस लेने का आह्वान किया और याद दिलाया कि सत्तर के दशक में जो चुनाव चिह्न आरपीआई के पास था, वही अब बसपा इस्तेमाल कर रही है। आठवले ने साफ कहा कि अगर आकाश आनंद बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो उन्हें आरपीआई से जुड़ना चाहिए, इससे यूपी में संगठन मजबूत होगा। इससे पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी एक पत्रकार के सवाल पर कह चुके हैं कि अगर कोई पत्रकार आकाश आनंद को उनके पास लेकर आए तो वे उन्हें सपा में शामिल कर लेंगे।

इन तीनों दलों की दिलचस्पी में एक साझा गणित छिपा है। आकाश आनंद भले ही संगठनात्मक तौर पर अभी अनुभवहीन माने जाते रहे हों, लेकिन बसपा के युवा और शहरी दलित समर्थकों में, खासकर सोशल मीडिया पर, उनकी पकड़ काफी मजबूत रही है। मायावती लंबे समय से खुद को बाबा साहेब के मिशन और कांशीराम की विरासत का इकलौता वाहक बताती रही हैं, और आकाश को उन्होंने ही इस विरासत का अगला चेहरा बनाकर पेश किया था।

ऐसे में अगर आकाश किसी और दल से जुड़ते हैं तो वे उस दल को बसपा की वैचारिक विरासत और उसके जनाधार, दोनों से जोड़ने वाली एक कड़ी बन सकते हैं। यही वजह है कि चंद्रशेखर आजाद और रामदास आठवले जैसे नेता, जो खुद अंबेडकरवादी राजनीति की जमीन पर खड़े हैं, आकाश को अपने पाले में लाकर बसपा के कमजोर पड़ते जनाधार का सीधा फायदा उठाना चाहते हैं। बसपा का दलित वोट बैंक, खासकर जाटव समुदाय के बीच, उत्तर प्रदेश की सियासत में दशकों से एक निर्णायक ताकत रहा है। यह वोट बैंक भले ही पिछले कुछ चुनावों में सिकुड़ता दिखा हो, फिर भी यह इतना बड़ा जरूर है कि जिस भी गठबंधन या दल के साथ यह जुड़ जाए, चुनावी नतीजों की दिशा बदल सकता है। मौजूदा उथल-पुथल के बीच कांग्रेस ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है और आरोप लगाया है कि मायावती खुद अपनी पार्टी को कमजोर करने पर तुली हैं, जबकि सपा प्रवक्ताओं की ओर से भी बसपा पर परोक्ष रूप से भाजपा की नीतियों का साथ देने के आरोप लगाए गए हैं। यानी विपक्षी खेमे के लगभग सभी बड़े दल इस मौके को बसपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाने के अवसर के तौर पर देख रहे हैं। दरअसल हर दल की रणनीति अलग है। चंद्रशेखर आजाद खुद दलित राजनीति की जमीन पर खड़े हैं और सीधे तौर पर बसपा के वोट बैंक के प्रतिद्वंद्वी दावेदार हैं, इसलिए उनके लिए आकाश आनंद जैसा चेहरा मिलना वैचारिक तालमेल के साथ-साथ संगठनात्मक विस्तार का भी मौका है। रामदास आठवले और आरपीआई के लिए यह मौका उत्तर प्रदेश में लगभग खत्म हो चुकी अपनी राजनीतिक जमीन को फिर से खड़ा करने का है, भले ही आरपीआई फिलहाल एनडीए का हिस्सा है। वहीं सपा और कांग्रेस के लिए यह मौका अपने मौजूदा सामाजिक समीकरण, यानी पिछड़ा-मुस्लिम या सामान्य-दलित गठजोड़ में दलित वोटों की और ज्यादा हिस्सेदारी जोड़ने का है।

दलितों के सामने कौन सा विकल्प, यह अभी तय नहीं

यह कहना जल्दबाजी होगी कि अगर बसपा कमजोर होती है तो उसका दलित वोट बैंक स्वाभाविक रूप से किसी एक दल की तरफ खिसक जाएगा। राजनीतिक विश्लेषक इसे अलग-अलग नजरिए से देखते हैं। एक तबके का मानना है कि कांग्रेस के पास राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय और आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रुख और राहुल गांधी की सक्रियता के चलते दलित मतदाताओं को लुभाने की गुंजाइश है, लेकिन राज्य में संगठन की कमजोरी उसकी सबसे बड़ी बाधा है। दूसरी तरफ सपा के पास यूपी में पहले से मजबूत जमीनी ढांचा और पिछड़ा-मुस्लिम आधार मौजूद है, जिसमें दलित वोटों को जोड़ने से एक बड़ा सामाजिक गठजोड़ बन सकता है, हालांकि गैर-जाटव दलितों में सपा को लेकर कुछ हिचक भी देखी जाती रही है।

भाजपा की रणनीति अलग रही है; उसने पिछले कुछ चुनाव चक्रों में गैर-जाटव दलित उपजातियों में सेंध लगाकर और सरकारी योजनाओं के जरिए एक हिस्सा अपने पक्ष में किया है, लेकिन जाटव मतदाताओं में उसकी पैठ अब भी सीमित मानी जाती है। कुल मिलाकर बसपा का जनाधार बिखरा तो जरूर रहा है, पर यह एकतरफा किसी एक दल की झोली में जाने के बजाय कई दलों में बंटने की संभावना ज्यादा है। यही अनिश्चितता है जिसके चलते चंद्रशेखर आजाद से लेकर रामदास आठवले और अखिलेश यादव तक, हर कोई आकाश आनंद जैसे प्रतीकात्मक चेहरे को अपने साथ जोड़कर इस बिखरते जनाधार पर सबसे पहला दावा ठोकना चाहता है। 2027 के विधानसभा चुनाव तक यह तय होगा कि बाबा साहेब के नाम पर बंटी यह राजनीतिक लड़ाई आखिरकार किस दल को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाती है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी

अन्नपूर्णा देवी

वर्ष 2047 का भारत आज उन बच्चों के हाथों में आकार ले रहा है, जिन्होंने अभी स्कूल की दहलीज तक कदम नहीं रखा है। एक स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सक्षम नागरिक बनने की उनकी यात्रा स्कूल जाने से बहुत पहले शुरू हो जाती है। जीवन के शुरुआती 1,000 दिन इस विकास की मजबूत नींव तैयार करते हैं। इस महत्वपूर्ण दौर में लाखों बच्चों और उनकी माताओं के लिए उनके पड़ोस की जानी-पहचानी संस्था—आंगनवाड़ी—सबसे अहम सहारा है।

आंगनवाड़ी केवल पोषण देने वाला केंद्र नहीं, बल्कि बच्चे के शुरुआती विकास और परिवार को सरकारी सेवाओं से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। स्कूल में प्रवेश से पहले ही बच्चों का वजन और कद मापा जाता है, उन्हें गर्म पौष्टिक भोजन मिलता है और खेल, बालगीत तथा गतिविधियों के जरिए सीखने का अवसर मिलता है। गर्भवती महिलाओं और माताओं को स्वास्थ्य, पोषण और शिशु देखभाल से संबंधित परामर्श भी यहीं उपलब्ध कराया जाता है। देश में करीब 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्र 8.9 करोड़ से अधिक बच्चों, महिलाओं और किशोरियों तक सेवाएं पहुंचा रहे हैं। इनके संचालन में 25.2 लाख आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं जुटी हैं। खास बात यह है कि ये कार्यकर्ता उसी स्थानीय समुदाय का हिस्सा हैं, जिसकी वे सेवा करती हैं। यही जुड़ाव आंगनवाड़ी को सरकारी व्यवस्था के साथ-साथ समुदाय की अपनी संस्था भी बनाता है।

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पोषण अभियान' की शुरुआत की थी। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र राष्ट्रीय पोषण अभियान की महत्वपूर्ण आधारशिला बन गए। इसी क्रम में 9 सितंबर 2026 को 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम के साथ नौवें 'राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष अभियान का विशेष जोर आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रति समुदाय की भागीदारी और स्वामित्व बढ़ाने पर है। सरकार की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक पात्र बच्चे, महिला और किशोरी को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं समय पर मिलें। यह दायित्व अडिग है, लेकिन किसी आंगनवाड़ी केंद्र की सफलता तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब स्थानीय समाज भी उसे अपना समझे। विकसित भारत का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि 'सबके प्रयास' से संभव होगा। इसलिए पोषण को महज सरकारी सेवा के बजाय सामुदायिक जिम्मेदारी के रूप में देखने की जरूरत है।

इसी उद्देश्य से इस वर्ष आंगनवाड़ी प्रबंधन समितियों को अधिक सक्रिय किया जा रहा है। इनमें माता-पिता, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा गया है, ताकि सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता पर स्थानीय स्तर पर निगरानी हो सके। सोशल ऑडिट के माध्यम से समुदाय उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा कर सकता है, लाभार्थियों के अधिकारों की पुष्टि कर सकता है और अपने निष्कर्ष दर्ज कर सकता है। इससे जवाबदेही व्यवस्था का हिस्सा बनने के साथ परिवारों की भागीदारी भी बढ़ती है।

इस प्रक्रिया में माताओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'पूरक पोषण कार्यक्रम' का मेनू बोर्ड लगाया जा रहा है, जिसमें गर्म पके भोजन और टेक-होम राशन का विवरण उपलब्ध रहता है। जब परिवार को यह जानकारी होती है कि बच्चे को क्या और कितना मिलना उसका अधिकार है, तो पारदर्शिता स्वतः निगरानी में बदल जाती है। इससे समुदाय सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सक्रिय भागीदार बनता है।

राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के दौरान समितियों, सोशल ऑडिट और मेनू बोर्ड को सक्रिय करने के साथ 'तिथि भोज', भोजन चखने के सत्र और पौष्टिक व्यंजनों के प्रदर्शन जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य पोषण को सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर परिवार और समुदाय की दैनिक प्राथमिकता बनाना है।

सुपोषित भारत के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। भोजन में अनाज और श्रीअन्न यानी मिलेट्स, दालें, मेवे और बीज, दूध व दुग्ध उत्पाद, अंडे, मौसमी फल और हरी सब्जियों की पर्याप्त मात्रा जरूरी है। जुलाई 2026 में जारी 'पूरक पोषण कार्यक्रम के लिए व्यापक दिशानिर्देश, 2026' में गर्म पके भोजन की व्यवस्था को स्पष्ट किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत सूक्ष्म पोषक तत्वों से जुड़े मानकों को भी मजबूत किया गया है। पोषण के साथ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा भी बच्चे के भविष्य की महत्वपूर्ण नींव है। बच्चा क्या खाता है और क्या सीखता है, दोनों उसके विकास से जुड़े हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शुरुआती तीन वर्षों में बच्चे के 34 विकासात्मक पड़ावों पर नजर रखती हैं। 'नवचेतना' और 'आधारशिला' जैसे पाठ्यक्रम पोषण और देखभाल को प्रारंभिक शिक्षा तथा स्कूल जाने की तैयारी से जोड़ते हैं।

बच्चे का विकास जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। गर्भावस्था के दौरान मां का स्वास्थ्य और पोषण सीधे बच्चे के भविष्य को प्रभावित करता है। इसी दृष्टि से 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' महत्वपूर्ण है। योजना का उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य और पोषण को मजबूत करना है। एक दशक में इस योजना के तहत 4.65 करोड़ लाभार्थियों को सीधे उनके खातों में 21,511 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। 'मिशन शक्ति' के तहत इसे और मजबूत किया गया है तथा दूसरी संतान कन्या होने पर अतिरिक्त लाभ का प्रावधान किया गया है। आर्थिक सहायता के साथ सही परामर्श भी उतना ही जरूरी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में भी इस बात पर जोर दिया गया है कि वित्तीय सहायता के प्रभाव को बढ़ाने के लिए परिवारों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना आवश्यक है। राजस्थान के 'कैश प्लस' मॉडल की समीक्षा से पता चला कि वित्तीय सहायता को लगातार व्यवहार परिवर्तन संचार से जोड़ने पर लाभ पाने वाली महिलाओं में इस राशि को भोजन पर खर्च करने का अनुपात 30 प्रतिशत से बढ़कर 89 प्रतिशत हो गया। पति और परिवार के अन्य सदस्यों को संवाद में शामिल करने से मातृ पोषण से जुड़े भ्रम और भ्रांतियों को दूर करने में भी मदद मिली।

यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि मां और बच्चे का पोषण केवल महिला की व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है। परिवार और समुदाय की साझेदारी के बिना पोषण संबंधी प्रयास अधूरे रहेंगे। इसी साझेदारी को मजबूत करने में आंगनवाड़ी केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)

कोरस

संजय एम तराणेकर

तिरंगे की बेटियाँ...!

नीला गगन गवाह बना, भारत की बेटियाँ खेलीं,
श्रीलंका के मैदान में, जीत नवद इबारत लिखीं।
शेफाली के बल्ले ने, तूफ़ान मचा दिया मैदान में,
स्मृति की साझेदारी ने, रंग भरे हरेक अरमान में।

बहत्तर रन पर रोक, श्रीलंका का सारा अभिमान,
8वीं बार एशिया कप जीत, बेटियों से बढ़ा मान।
हर चौका एक उम्मीद, विकेट जयकारा बन गया,
नीली जर्सी में भारत का, तिरंगा ऊँचा तन गया।

ये जीत सिर्फ़ ट्रॉफी नहीं, मेहनत की पहचान बनी,
देश की हरेक बेटी के मन में, एक नई उड़ान बनी।
सलाम बेटियों को,जो मैदान में इतिहास रचाती हैं,
भारत तिरंगा लहराएँ, करोड़ों धड़कनें मुस्काती हैं।
(संदर्भ - एशिया कप में भारत 8वीं बार चैंपियन।)

विश्वेश्वरैया : आधुनिक भारत के विकास के शिल्पी

योगेश कुमार गोयल

इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में इंजीनियर्स डे (अभियंता दिवस) मनाया जाता है। आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है।

दरअसल, आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं। इंजीनियरिंग के बारे में अमेरिका के जाने-माने इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कहा था कि विज्ञान का अर्थ है जानना जबकि इंजीनियरिंग का अर्थ है करना अथवा करके दिखाना। भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है। भारत के महान इंजीनियरों में से एक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दिया गया असाधारण योगदान अविस्मरणीय है, जिन्हें भारतीय सिविल इंजीनियरिंग का जनक तथा आधुनिक भारत का विश्वकर्मा भी कहा जाता है। देशभर में बने कई नदियों के बांधों और पुलों को सफल बनाने के पीछे कर्नाटक में मैसूर के कोलार जिले में 15 सितम्बर 1860 को जन्मे विश्वेश्वरैया का बहुत बड़ा योगदान रहा। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश में मैसूर में कृष्णाराज सागर बांध, पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध, ग्वालियर में तिगरा बांध इत्यादि कई महत्वपूर्ण बांध बनवाए। हैदराबाद शहर को बनाने का पूरा श्रेय भी 'फादर ऑफ मॉडर्न मैसूर स्टेट' कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया को ही जाता है। दरअसल मैसूर सरकार के साथ मिलकर उन्होंने मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, मैसूर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, परजीवी प्रयोगशाला, श्री जयचमराजेंद्र पॉलीटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, सेंचुरी क्लब इत्यादि कई फैक्ट्रियों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई थी।

अभियंता दिवस पर विशेष



विश्वेश्वरैया द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण देश आज गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी, जिसके बाद वे देशभर में विख्यात हो गए थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह की समुद्री कटाव से सुरक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। घर-घर में प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने के अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए नाली-नालों की समुचित व्यवस्था भी विश्वेश्वरैया ने ही की थी। तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके इन प्रयासों ने ही आधुनिक भारत की रचना करने के साथ देश को एक नया रूप भी प्रदान किया। वर्ष 1955 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय योगदान के मद्देनजर वर्ष 1968 में उनकी जन्मतिथि को भारत सरकार द्वारा 'अभियंता दिवस' घोषित किया गया। तभी से प्रतिवर्ष 15 सितंबर को अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस वास्तव में देश के विकास में योगदान देने और देश का मान बढ़ाने वाले इंजीनियरों के सम्मान में समर्पित होता है।

शुरुआती पढ़ाई मैसूर में करने के बाद विश्वेश्वरैया ने 1881 में मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 की एलसीई और एफसीई परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी योग्यता को देखते बॉम्बे सरकार ने उन्हें नासिक में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया। एक इंजीनियर के रूप में उसके बाद उन्होंने अनेक अद्भुत कार्यों को अंजाम दिया। विश्वेश्वरैया एक आदर्शवादी और अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे, जो अपने हर कार्य को परफैक्शन के साथ करते थे। 92 वर्ष की आयु में भी वे बिना किसी सहारे के चलते थे और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहते थे। कोई भाषण देने से पहले वे स्वयं उसे लिखते थे और फिर कई बार उसका अभ्यास करते थे। अपनी योग्यता से उन्होंने बड़े-बड़े ब्रिटिश इंजीनियरों के समक्ष भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1905 में उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा 'कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एंपायर' से सम्मानित किया गया था। विश्वेश्वरैया वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के 19वें दीवान रहे। वर्ष 1903 में विश्वेश्वरैया ने पुणे के खड़कवासला जलाशय में ऐसा बांध बनवाया, जिसमें इस्पात के ऐसे दरवाजे थे, जो बाढ़ के दबाब को भी झेल सकते थे और इससे बांध को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता था। उस बांध की सफलता के बाद उन्होंने ग्वालियर में तिगरा बांध भी बनवाया। 1932 में कावेरी नदी पर बने कृष्णा राज सागर बांध के निर्माण परियोजना में वे चीफ इंजीनियर थे। हालांकि उस बांध के निर्माण का कार्य बेहद कठिन कार्य था क्योंकि उस समय देश में सीमेंट का उत्पादन नहीं होता था लेकिन दृढ़ इरादों के धनी विश्वेश्वरैया ने इंजीनियरों के साथ मिलकर सीमेंट से कहीं ज्यादा मजबूत 'मोर्टार' तैयार किया और उससे उस बांध का निर्माण कराया, जिसमें कावेरी, हेमावती और लक्ष्मण तीर्थ नदियां आपस में मिलती है। उस समय इस बांध को एशिया का सबसे बड़ा बांध कहा जाता था। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में ऐसे ही अद्भुत कार्यों के कारण विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को उन्हें सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14 अप्रैल 1962 को 101 वर्ष की आयु में विश्वेश्वरैया का निधन बेंगलुरू में हुआ।

भारत में जहां प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है, वहीं कई अन्य देशों में भी यह दिवस अलग-अलग अवसरों पर मनाया जाता है। यह दिवस ईरान में 24 फरवरी, बेल्जियम में 20 मार्च, आइसलैंड में 10 अप्रैल, बांग्लादेश में 7 मई, पेरू में 8 जून, इटली में 15 जून, अर्जेंटीना में 16 जून, मैक्सिको में एक जुलाई, कोलम्बिया में 17 अगस्त, रोमानिया में 14 सितम्बर और तुर्की में 5 दिसम्बर को मनाया जाता है। वैसे भारत सहित सभी देशों में इस दिवस के आयोजन का मूल उद्देश्य अपने देश के इंजीनियरों के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा उनके कार्य की सराहना करना ही है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

वृंदावन जैसा दिखा हरचंदन तालाब, नागनाथ लीला ने मोहा मन

सुमेरपुर (हमीरपुर)। ऐतिहासिक तीजा महोत्सव के दौरान सोमवार को हरचंदन तालाब वृंदावन के यमुना तट जैसा नजर आया। भव्य शोभायात्रा के तालाब पहुंचने पर नागनाथ लीला का मंचन किया गया। बाल कृष्ण स्वरूप ने जल में फन फैलाए कालिया नाग पर नृत्य कर उसका मान मर्दन किया। लीला के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयकारे लगाए। इसके बाद शोभायात्रा छोटी बाजार पहुंची, जहां कृष्ण-बलराम द्वारा अत्याचारी कंस वध की लीला का मंचन हुआ। कंस वध होते ही श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनि से वातावरण गुंजायमान कर दिया। लीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। देर रात तक भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे और पूरा कस्बा कृष्णमय नजर आया।

किले की सीढ़ियों से गिरकर युवती की मौत

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी पूनम (30) सोमवार दोपहर किले से खाना बनाकर घर लौट रही थी। किले की सीढ़ियों से उतरते समय अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पूनम किले में खाना बनाने का काम करती थी। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। घटना से गांव में भी शोक का माहौल है।

एनडीपीएस एक्ट के वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

जलालपुर (हमीरपुर)। थाना जलालपुर पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में एनडीपीएस एक्ट के वारंटी सौरभ सिंह (25) पुत्र स्व. भूपसिंह निवासी भेड़ीडांडा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे गांव से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। सौरभ के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत आर्म्स एक्ट, मारपीट, धमकी और गुंडा अधिनियम के तहत आठ मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई में उपनिरीक्षक महेंद्र यादव और कांस्टेबल प्रियांशु सिंह शामिल रहे।

जुआ अधिनियम के दो वारंटी गिरफ्तार

कुरारा (हमीरपुर)। थाना कुरारा पुलिस ने न्यायालय से जारी एनबीडब्ल्यू के अनुपालन में जुआ अधिनियम समेत अन्य धाराओं से संबंधित दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्राम ककरऊ निवासी सुनील (34) पुत्र स्व. महाराजदीन और मान सिंह पुत्र स्व. महादेव को गांव से पकड़ा। दोनों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 162/2020 में धारा 188, 269, 270 आईपीसी व 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक रिंकू तिवारी, कांस्टेबल अभिषेक कुमार और अरुण कुमार यादव शामिल रहे।

यमुना पुल से युवक ने नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी

हमीरपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र में यमुना नदी पर बने पुल से सोमवार को एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। घटना के समय पुल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कराई। नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण युवक गहरे पानी में समा गया। उसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। युवक ने किन परिस्थितियों में नदी में छलांग लगाई, इसका भी पता नहीं चल सका है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुटी है।

अतिवृष्टि से फसलें बर्बाद, किसानों ने मुआवजे की मांग की

गरौठा (झांसी)। ग्राम पुछी के किसानों ने अतिवृष्टि से नष्ट हुई उड़द, मूंगफली व सोयाबीन की फसलों का प्लांट-टू-प्लांट सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। किसानों ने उपजिलाधिकारी गरौठा के नाम ज्ञापन लेखपाल आलोक कुमार यादव को सौंपा।ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल ने बताया कि बारिश से लगातार दूसरे वर्ष फसलें बर्बाद होने से किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने शासन से शीघ्र सहायता की मांग की। ज्ञापन पर राजकुमार पटेल, अंजनी कुमार, राघवेंद्र, मूलचंद, रणजीत सिंह, रानी देवी, कपूरी देवी, कमलेश पटेल, जगदीश शरण सहित कई किसानों के हस्ताक्षर हैं।

हिंदी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

गुरसराय(झांसी)। श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिवानी तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि आरती गुप्ता ने हिंदी दिवस पर काव्य पाठ किया। शिवानी ने भजन की प्रस्तुति भी दी। संचालन रमाकांत त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश दुबे ने हिंदी पर कविता प्रस्तुत करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर हरी बाबू शर्मा, प्रमोद सिंह, सरोज अर्जरिया, हरिकांत नायक, श्याम सुंदर, मेघा, पवित्र मिश्रा, अक्षय कुमारी, रश्मि सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हमें हिंदी के प्रयोग पर गर्व करना चाहिए: सीमा श्रीखंडे



उरई(जालौन)। शहर के झांसी रोड स्थित बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या सीमा श्रीखंडे और मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश साहित्य सभा जनपद जालौन के जिला संयोजक व केंद्रीय प्रचार सचिव शफीकुर्रहमान कशफ़ी, जिलाध्यक्ष डॉ. अनुज भदौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिपाठी और जिला प्रचार सचिव दिव्यांशु गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। काव्य पाठ में कक्षा 10 की छात्रा मोनिका ने हिंदी पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। इसके अलावा स्लोगन, चित्रकला, कहानी लेखन और कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने हिंदी को सात रंगों से सजाकर इंद्रधनुषी बना दिया। जिला संयोजक ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह दिया जाएगा साथ ही उत्कृष्ट छात्र को राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्या सीमा श्रीखंडे ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्रीय पहचान है, हमें इसके प्रयोग पर गर्व करना चाहिए। संचालन डॉ. अनुज भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में दीपक जतारिया, दिग्विजय सिंह, अतुल गुप्ता सहित शिक्षक मौजूद रहे।

ससुराल में युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के अरबई गांव निवासी अंजली (24) पत्नी विजनेश प्रजापति ने रविवार की शाम अटारी के ऊपर छप्पर की धन्नी में दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद सास राजुल देवी ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। वीडियो ग्राफी के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के चचेरे देवर प्रदीप ने बताया कि अंजली की शादी 2022 मे हुई थी।

कलियुगी पुत्र ने मां- पिता समेत पांच को लाठी से पीटा

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचुल्ला गांव निवासी आशीष रविवार की शाम नशे की हालत में घर आया। उसने अपनी बहन से मुस्कान से खाना बनाने कहा। खाना बनाने में देरी से नाराज आशीष गाली गलौज करने लगा। पिता केदार (55) ने विरोध किया तो पुत्र ने लाठी से पीटना शुरू कर दिया। पति को पिटता देख पत्नी चंचल (50), दो बेटी पूजा (30) पत्नी संजय, मुस्कान (15), भाई दिव्यांश (9) बचाने आए तो उन्हे भी लाठी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। सभी घायलों को थाने ले जाया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

गाजे-बाजे के साथ निकली तीजा महोत्सव की शोभायात्रा

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।

ऐतिहासिक तीजा महोत्सव की शोभायात्रा सोमवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में 37 झांकियां शामिल रहीं, जिनमें श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ राष्ट्रभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे व महोत्सव कमेटी अध्यक्ष जयप्रकाश दीक्षित ने श्रीकृष्ण विग्रह की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा श्रीकृष्ण मंदिर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए छोटी बाजार पहुंची। यहां से श्रीकृष्ण की झांकी हरचंदन तालाब ले जाई गई। शोभायात्रा में पूर्व विधायक युवराज सिंह, शिवशंकर सिंह, रामदत्त पांडे, दीपा तिवारी, नवलदाऊ व व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता समेत हजारों लोग शामिल रहे। द्रोपदी चीरहरण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

पॉलिथीन पर रोक की मांग भाजपाइयों ने दिया ज्ञापन

राठ (हमीरपुर)। पॉलिथीन से नगर में जलभराव और पर्यावरण संबंधी समस्याओं को देखते हुए भाजपाइयों ने सोमवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल को ज्ञापन सौंपकर रोक लगाने की मांग की। भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र गांधी ने बताया कि सरकारी आदेशों के बावजूद बाजारों, सब्जी मंडियों और दुकानों में पॉलिथीन कैरी बैग, थर्मोकोल व प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग जारी है। इससे नालियां चोक होने के साथ गंदा पानी सड़कों पर फैलता है। पॉलिथीन से भूमि की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन देने वालों में नगर मंत्री राजदीप पंडित, दीपेंद्र सिंह परिहार, जगदीश राजपूत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष करन सिंह, मुकेश यादव, मुकुल सोनी, बृजभूषण सोनी, बद्री सोनी, फूलसिंह राजपूत व यशोवर्धन दिहुलिया शामिल रहे।

कांग्रेस की पिछड़ा वर्ग इकाई ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

हमीरपुर। जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रजापति के नेतृत्व में सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी रतनप्पा कुम्हार की जयंती मनाने के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। धरने में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा, महासचिव केपी सिंह, रूपेश भदौरिया समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने पिछड़े वर्ग को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी देने और जातिगत जनगणना कराने की मांग उठाई। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। साथ ही जातिगत जनगणना में पिछड़े वर्ग को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, कानपुर रेफर

बिवांर (हमीरपुर)। छानी खुर्द गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार राघवेंद्र वर्मा को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। धनपुरा निवासी राघवेंद्र वर्मा पुत्र ओमप्रकाश अपनी बहन मनीषा को अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय से लेकर घर लौट रहा था। तभी सामने से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बहन को चोट नहीं आई। राहगीरों ने घायल को छानी सीएचसी पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे कानपुर ले जाने के बजाय हमीरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा था। थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार की पहचान हो गई है। प्रार्थनापत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अवकाश के दिन प्रशिक्षण पर यूटा का विरोध

- 17 व 25 का प्रशिक्षण स्थगित कर शिक्षकों को अवकाश देने की मांग

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के घोषित अवकाश दिवसों में प्रशिक्षण लगाए जाने पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने आपत्ति जताई है। यूटा ने डाइट बरुआसागर के प्राचार्य नंदित गुप्ता को ज्ञापन देकर अवकाश के दिनों में निर्धारित प्रशिक्षण स्थगित किए जाने की मांग की है।यूटा जिलाध्यक्ष अंकित बाबू राय ने कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा तथा 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अवकाश निर्धारित है। इसके बावजूद इन दोनों दिनों में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है।संगठन ने कहा कि घोषित अवकाश के दिन प्रशिक्षण आयोजित होने से शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने पारिवारिक एवं व्यक्तिगत दायित्वों के लिए मिलने वाले अवकाश का लाभ नहीं मिल पाएगा। यूटा ने मांग की कि दोनों अवकाश दिवसों में प्रशिक्षण तत्काल स्थगित कर प्रशिक्षण की तिथियां अन्य कार्य दिवसों में निर्धारित की जाएं।

यूटा पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाओं के हित एवं निर्धारित अवकाश की भावना को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष अंकित बाबू राय,जिलामंत्री प्रशांतदीप बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, आसिफ खान,दीपक वर्मा, राहुल राय, दिनेश कुमार,नरेंद्र बिजरौनिया, महेंद्र कुमार आदि कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

खेत पर फसल देखने गया किसान, बाइक चोरी

समथर (झांसी)। थाना क्षेत्र के ग्राम धौरका निवासी किसान बब्बू राजा पुत्र हाकिम सिंह गुर्जर की लाल रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल खेत के पास से चोरी हो गई।किसान के अनुसार, 11 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 11 से 12 बजे वह मोटरसाइकिल संख्या क93 क्य 2837 से ग्राम महलुआ के पास स्थित खेत पर फसल देखने गया था। बाइक खेत के पास खड़ी कर वह फसल देखने चला गया। करीब एक घंटे बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। किसान ने थाना समथर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भक्ति एवं श्रद्धापूर्वक निकाली पोशाक यात्रा

- देवी मां को पोशाक व प्रसाद अर्पित कर की सुख समृद्धि की कामना

झांसी। महानगर में झांसी चौरसिया समाज बन्धुओं द्वारा प्रतिवर्ष की भांति सोमवार को लहर गिर्द स्थित प्राचीन मां लहर की देवी मंदिर में वार्षिक पोषाक चढ़ावा का आयोजन किया गया।पानी वाली धर्मशाला के निकट श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ पोशाक यात्रा के दौरान पंडित अनिल विदुआ के आचार्यत्व में प्राचीन सिद्ध मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर, पंचकुईया स्थित मां शीतला देवी मंदिर , लाला हरदौल मंदिर आदि धार्मिक स्थलों पर प्रसाद अर्पित करने के उपरांत लहर गिर्द स्थित प्राचीन सिद्ध मां लहर की देवी मंदिर में पोशाक चढ़ाई गयी और प्रसाद अर्पित कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गयी। पोशाक यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश ब्रह्मचारी, प्रबन्धक राजेन्द्र चौरसिया, मंत्री अनुज चौरसिया, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया (रिंकू), हेमन्त चौरसिया, दिलीप चौरसिया, सुधीर चौरसिया, रामनारायण चौरसिया, डॉ राजेश चौरसिया एड, शंकर लाल, चिरंजी लाल, श्याम चौरसिया, सुरेश चौरसिया, केदार, हेमंत, रविन्द्र चौरसिया, नितिन चौरसिया, एड.वेदांत राज, विवान राज, समृद्धि चौरसिया, वासुदेव चौरसिया आदि चौरसिया समाज बन्धु उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री ब्रह्मचारी ने बताया कि 100 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार अब आगामी शुक्रवार को सायं 4 बजे लक्ष्मी गेट स्थित माँ काली देवी मंदिर पर पोषाक चढ़ाई जाएगी।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन

झांसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नितिन चौरसिया और जिला मंत्री पंकज कुमार तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संघ ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।ज्ञापन में वेतन रोकने के आदेश वापस लेने, महिला शिक्षिकाओं के सीसीएल आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण, सभी विद्यालयों में पूरी पुस्तकें पहुंचाने, खराब फर्नीचर की मरम्मत, जर्जर भवनों व बाउंड्रीवॉल के निर्माण तथा विभागीय कार्यों के लिए बाहर जाने वाले प्रधानाध्यापकों की अनुपस्थिति को अनधिकृत न मानने की मांग की गई।संघ ने चेतावनी दी कि नियमों और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी कर शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

चोरी की बैट्री व टूल बॉक्स के साथ युवक गिरफ्तार

गुरसराय। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरसराय पुलिस ने एक युवक को चोरी की दो बैट्रियों एवं एक टूल बॉक्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध थाना गुरसराय में पूर्व से मुकदमा भी पंजीकृत है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गरौठा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गुरसराय के नेतृत्व में 11/12 सितंबर 2026 को अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने भरत साहू पुत्र राम खिलौने, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम मडोरा, थाना गुरसराय, जनपद झांसी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो चोरी की बैटरियां एवं एक टूल बॉक्स बरामद किया। बरामदगी के संबंध में थाना गुरसराय में पूर्व में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 211/2026, धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस दर्ज है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी इंडियन पेट्रोल पंप से करीब 100 मीटर की दूरी पर बाईं ओर जंगल की तरफ जाने वाले मार्ग से की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक त्रिवेदी, उपनिरीक्षक उम्मेद सिंह, उपनिरीक्षक सिगदार सिंह, कांस्टेबल राजेश राजपूत त्रिवेदी एवं कांस्टेबल हरियंत सिंह शामिल रहे।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व सदस्य का जिले में आगमन पर जिलाध्यक्ष व पालिकाध्यक्ष ने किया स्वागत



कालपी (जालौन)। भाजपा पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व सदस्य कि जैसे ही ताजपोशी व उनके जिले में आगमन की सूचना जिले के पदाधिकारियों को मिली तो जिलाध्यक्ष व स्थानीय भाजपा के लोगों ने नगर के हाईवे सड़क चौराहा में अलग-अलग जगह पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित समाधिया तथा सदस्य नीरज श्रीवास्तव समेत लोगों का काफिला जैसे ही दुर्गा मंदिर चौराहे में आया। उसी समय उनके स्वागत के लिए पहले से मौजूद जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी समेत लोगों ने साथियों की मौजूदगी में माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी क्रम में अमलतास चौराहा में जैसे ही काफिला पहुंचा पहले से उनके स्वागत में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की उपस्थिति व साथियों के साथ माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया। वहीं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष स्वागत पाकर गदगद हुए। उन्होंने मौजूद स्थानीय भाजपा के लोगों का दुख दर्द जाना व लोगों से संगठित रहकर पार्टी को दिनों दिन ऊंचाइयों में ले जाने के साथ पार्टी को मजबूत करने में सदैव अग्रसर रहने का आह्वान किया।

पति ने पत्नी की त्रिशूल से गोद कर की हत्या

- तीन घंटे बैठा रहा लाश के पास
- नातिन की हत्या में सजा काट रहा है आरोपी

समृद्धि न्यूज़, महोबा।

पैरोल पर आए उम्रकैदी ने पत्नी को त्रिशूल से गोदकर मार डाला। इससे पत्नी खून में लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आरोपी पति को को शक था कि पत्नी उसे जहर मिला खाना खिला रही है। पत्नी की हत्या करने के बाद पति करीब 3 घंटे शव के पास ही बैठा रहा। इसके बाद खुद घरवालों और पुलिस को हत्या करने के बारे में बताया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। मध्यप्रदेश की सतना जेल में उम्रकैद की सजा काट पेरबेल पर आए आरोपी कल्लन का घर कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के रगौलिया बुजुर्ग गांव में है। कल्लन के बड़े बेटे संतोष ने 4 साल पहले फंदे से लटककर जान दे दी थी। उसका छोटा बेटा मुन्ना (30) दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। जबकि, बेटी विस्सा (25) की शादी हो चुकी है। कल्लन रैकवार सतना जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। साल-2014 में उसने मध्यप्रदेश के नौगांव में अपनी 10 महीने की नातिन की पत्थर पर पटककर हत्या कर दी थी। इस मामले में कोर्ट ने साल 2017 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कल्लन हर 3 महीने में पैरोल पर रगौलिया बुजुर्ग गांव स्थित अपने घर आता था। इस बार कल्लन 1 सितंबर को 14 दिन की पैरोल पर घर आया था। उसको अपनी पत्नी चम्पा (48) पर शक था। उसे लगता था कि चम्पा उसके खाने में कोई जहरीला या नशीला पदार्थ मिलाकर देती है। इसी शक के चलते दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। इसी दौरान कल्लन ने घर में रखे त्रिशूल से पत्नी चम्पा के सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इससे चम्पा की मौके पर ही मौत हो गई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पनवाड़ी (महोबा)। जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरपुरा स्टैंड के पास रविवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि 2 साथी गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है पड़ोसी राज मध्य प्रदेश के लवकुश नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दौनी गांव के 24 वर्षीय अंकुल पाल की मौत हो गई। हादसे में चरखारी थाना भैंसारी निवासी 19 वर्षीय राजदीप और 21 वर्षीय धर्मेंद्र गंभीर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी बृजकिशोर ने बताया कि अंकुल, राजदीप और धर्मेंद्र एक बाइक पर थे। बृजकिशोर अपने दो साथियों हरि सिंह और रोहित के साथ दूसरी बाइक से पनवाड़ी के मुहाल पावर हाउस की ओर जा रहे थे। रात ज्यादा होने की वजह से दोनों बाइक बहादुरपुरा स्टैंड के आगे निकल गईं। रास्ता पूछने के बाद सभी वापस पनवाड़ी की ओर लौट रहे थे।

मेडिकल कालेज के चिकित्सक की लापरवाही का खामियाजा भुगत रही मासूम

- चिकित्सक ने अपनी लापरवाही छिपाने को काट डाला मासूम का पैर
- सपा प्रमुख से हुई पीड़ित परिवार की मुलाकात, मिला मदद का भरोसा

समृद्धि न्यूज़, बांदा।

रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के एक चिकित्सक की लापरवाही का खामियाजा एक मासूम को आजीवन विकलांगता के सहारे भुगतना पड़ रहा है। मामला बीते दिसंबर माह का बताया जाता है, जिसमें पैर फ्रैक्चर के इलाज के दौरान चिकित्सक ने लापरवाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए मासूम का पैर ही काट डाला, जिससे मासूम को जीवन भर के लिए विकलांगता का अभिशाप झेलना पड़ रहा है। मामले को लेकर सपा नेता पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से परिजनों की मुलाकात कराकर मदद का भरोसा भी दिलाया। सोमवार को सपा नेता ने पीड़ित परिवार के साथ जिलाधिकारी से एक बार फिर से मुलाकात की है और दोषी चिकित्सक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग बुलंद की है। बता दें कि थाना कोतवाली नगर के पडुई गांव निवासी अनिल कुमार की पांच वर्षीय पुत्री मानवी 23 दिसंबर 2025 को ऊंचाई गिर गई, जिससे उसके बायें पैर की जांघ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। परिजनों ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.विनीत कुमार ने उसका उपचार किया, लेकिन संक्रमण फैलने के कारण उसका बायां पैर जांघ से काटना पड़ गया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक की घोर लापरवाही और समय पर समुचित उपचार न होने के कारणद उसका पैर काटना पड़ा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी चिकित्सक की है। मासूम के परिजनों की शिकायत पर मेडिकल कालेज की आंतरिक समिति ने जांच की और पूरे मामले को आकस्मिक जटिलता का नाम देकर मामले को रफा दफा कर दिया, लेकिन परिजनों ने हार नहीं मानी और जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की। उधर डाक्टर की बर्खास्तगी को लेकर मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने हड़ताल का दबाव बनाया तो तीन दिनों के भतीर ही मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने आंतरिक समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर दोषी डाक्टर की बर्खास्तगी निरस्त कर दी। पीड़ित परिवार ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करने के बाद एक बार फिर से डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है और दोषी चिकित्सक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की हुई मौत

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुड़ेरा में रहने वाले एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया गया है कि मोहित से झाग आने की शिकायत पर उसके परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखौरा में भर्ती कराया, जहां परीक्षण के दौरान ग्रामीण को मृतक घोषित कर उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। ग्राम बुड़ेरा निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र पूरन सिंह रोज की तरह रविवार को देर रात घर आया और अपने कमरे में चला गया। थोड़ी ही देर बाद उसके बच्चों ने अपने परिजनों को बताया कि उसके पिता के मुंह से झाग आ रहा है। इस बात को सुनकर उसकी परिजनानों तत्काल देवेंद्र को घर से उठाया और तत्काल जखौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सीएससी जखोरा में तैनात डॉक्टर ने जब उसका परीक्षण किया, तो उसे मृतक घोषित कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्य प्रणाली से गई महिला की जान

- हादसे में घायल हुई महिला को समय पर नहीं मिली एंबुलेंस
- अस्पताल पहुंचने पर समय पर नहीं मिला इलाज

समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।



जिला मुख्यालय पर संचालित मेडिकल कॉलेज और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं इस समय वेंटिलेटर पर हैं, जिसका जीता जागता नमूना उस समय मिला, जब अपने मायके से पति के साथ बाइक पर सवार होकर ससुराल जा रही महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा टोल फ्री नंबर पर फोन करने के बाद उसे करीब 40 मिनट तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई। जब ग्रामीणों ने निजी साधन से महिला को ललितपुर मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया, तो वहां पर भी समय पर इलाज नहीं मिला और महिला की मौत हो गई। समीपवर्ती मध्य प्रदेश के जनपद विदिशा अंतर्गत ग्राम लचारा निवासी बिनीता बाई पत्नी सुर्जन सिँह लोधी कुछ दिनों पूर्व अपनी दो छोटी बेटियों को लेकर अपने मायके कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलावन आई हुई थी, जबकि उसकी तीन बड़ी बेटियां अपने पिता के पास थी। बताया गया है कि उसका पति उसे लेने के लिए रविवार को बाइक से लेने के लिए आया हुआ था। इसके बाद सोमवार की सुबह करीब 10:00 बजे वह अपनी पत्नी और दोनों बेटियों को लेकर बाइक से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी पत्नी और बेटियों को लेकर थाना बालाबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होंरी वंशा के पास पहुंचा ही था, कि सड़क पर कुछ मवेशी टहल रहे थे। बताया गया है कि इस दौरान जैसे ही पति ने मवेशियों से बचकर अपनी बाइक को निकालने का प्रयास किया, वैसे ही उसकी पत्नी का पर एक मवेशी से टकरा गया और उसका संतुलन बिगड़ गया. बाइक पर बैठी महिला का संतुलन बिगड़ने से वह असंतुलित होकर सड़क पर सर के बल गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

बेटियों की शिक्षा समाज व राष्ट्र के प्रगति की आधारशिलाः आनन्दी बेन

- राज्यपाल ने कथा का श्रवण कर लिया आशीर्वाद
- शिव भक्ति जीवन को सदाचार से जोड़ने का मार्गः प. प्रदीप मिश्रा

पवन कुमार मिश्र

कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लेती राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल

राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल को प्रतीक चिन्ह देती नीलम पाण्डेय

समृद्धि न्यूज, रायबरेली। ऊँचाहार के चडरई के निकट श्री शिवमहापुराण कथा के चतुर्थ दिवस सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के पहुंचने से आयोजन का राजनीतिक महत्व भी बढ़ गया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला भी कथा में शामिल हुए। पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा सुनने के लिए आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बालिका शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और सनातन संस्कारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। सनातन परंपराएं जीवन को संस्कार और दिशा देने का काम करती हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मनोज पांडेय को राजनीति का वरिष्ठ और अनुभवी नेता बताते हुए कहा कि ऊंचाहार में इतने बड़े आयोजन के पीछे उनकी क्षेत्र से गहरी आत्मीयता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई देती है। उन्होंने ऊंचाहार की जनता का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों ने ऐसे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को चुना है, जो क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देते हैं। लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी को उन्होंने मनोज पांडेय के प्रति जनता के विश्वास और जुड़ाव का प्रमाण बताया। पं. प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्ति और सनातन संस्कारों का संदेश दिया, इसके बाद कथाव्यास पं. प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिवभक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, सेवा और सदाचार से जोड़ने का मार्ग है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सनातन परंपराओं से जुड़ने और भगवान शिव के प्रति आस्था को जीवन में उतारने का संदेश दिया। उनके व्याख्यान के दौरान कथा पंडाल शिवभक्ति के जयघोष से गूंजता रहा। व्यवस्थाओं में जुटा रहा प्रशासन, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पंडालों के अलावा मैदान और आसपास के मार्गों पर भी व्यवस्था की गई। पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, प्रकाश, पार्किंग और आवागमन के इंतजाम किए गए। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, बैरिकेडिंग तथा भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल लगाया। अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

राज्यपाल-प्रदेश अध्यक्ष समेत दिग्गजों की मौजूदगी से बढ़ा आयोजन का राजनीतिक कद, कथा में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, राज्यमंत्री राकेश राठौर, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अवधेश द्विवेदी, विधायक आशा मौर्या, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक प्रेम नारायण पांडेय, विधायक प्रभात वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, एमएलसी रमा निरंजन, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल समेत कई जनप्रतिनिधि ने कथा का श्रावण किया।

युवक ने लगाई फांसी, मौत

समृद्धि न्यूज, परसदेपुर रायबरेली। डीह थाना क्षेत्र की परसदेपुर पुलिस चौकी के अन्तर्गत पूरे मकन्दी मजरे ग्राम पंचायत बारा निवासी प्रेम चन्द्र सरोज उम्र 24वर्ष ने पंखे से पत्नी की साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की मां नीधा पत्नी सभादीन ने रो रो कर बताया कि उनका लड़का साडू के यहां गया था, आपस में कोई बात हुई होगी तो वह रात में लगभग 11बजे घर चला आया।

गौरतलब हो कि मृतक के बड़े भाई हरिश्चंद्र की पत्नी व मृतक की पत्नी सगी बहिन हैं। जिससे हरिश्चंद्र की पत्नी ने कहा कि सुबह आते इतनी देर को क्यों आये, रास्ते में कुछ हो जाता तो हम लोग क्या करते। इतने में वह कमरे में घुस कर दरवाजा बंद कर लिया।

राज्यमंत्री असलम भाई व स्पेशल ओलंपिक अध्यक्ष मुकेश शुक्ला का कटरा मेदनीगंज में भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के नवागत दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री असलम भाई तथा स्पेशल ओलंपिक दिव्यांगजन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश शुक्ला का कटरा मेदनीगंज (गृह जनपद प्रतापगढ़) में प्रथम बार आगमन पर अल्पसंख्यक आयोग के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रथम आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री असलम भाई ने कहा कि प्रदेश का अल्पसंख्यक समाज पिछले 12 वर्षों से राज्य की राजनीति में अपनी पूर्ण भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि वर्ष 2027 में एक बार फिर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। जिले में धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रतापगढ़ में धर्मांतरण की गतिविधियों की सूचनाएं मिली हैं। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिया कि ऐसी गतिविधियों की सूची एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराई जाए, ताकि दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी को भी लालच देकर या डरा-धमकाकर धर्मांतरण कराने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक दिव्यांगजन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश शुक्ला का भी गृह जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया।

हिंदी दिवस आयोजित

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

कमला नेहरू संस्थान में सोमवार को हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था। हिंदी ने लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनभागीदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भाषा, देश, समाज और संस्कृति के प्रति प्रेम के साथ अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति उदार दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

डॉ. पवन कुमार रावत ने वैश्वीकरण के दौर में हिंदी के बढ़ते प्रयोग पर विचार रखे। डॉ. अनुराग पाण्डेय ने हिंदी के वैश्विक स्तर पर पठन-पाठन का उल्लेख किया। डॉ. सर्वेश कुमार ने हिंदी सिनेमा को भाषा के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। डॉ. अतुल मिश्रा ने हिंदी की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए, जबकि डॉ. अतुल आनंद ने हिंदी को विरासत और गौरव बताया।

कार्यक्रम में प्रो. अनुराग पाण्डेय, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. पवन कुमार रावत, निशु, जागृति, आशा, संतोष, सचिन, महिमा, काजल सहित शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

हिन्दी दिवस पर काव्य संध्या व सम्मान समारोह का आयोजन

समृद्धि न्यूज, महाराजगंज-रायबरेली।

हिन्दी काव्य कलश मंच के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के पावन अवसर पर काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मां वीणापाणि की वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम संयुक्त मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी डॉ. राकेश ऋषभ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह के दौरान साहित्य और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को मंच की ओर से काव्य कलश पुरस्कार 2026 हेतु युवा कवियत्री आदित्या मिश्रा व आर. के. पाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. राकेश ऋषभ को अबोध स्मृति सम्मान, राज किशोर सिंह को मानस आश्रित स्मृति, पूर्व शिक्षक शीतला प्रसाद को अखिलेश स्मृति सम्मान व अपने जीते जी समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए देहदान करने के लिए दिनेश कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह चौहान, विनय त्रिवेदी व अमर सिंह राठौर को महर्षि दधीचि सम्मान 2026 से नवाजा गया। कार्यक्रम में राजकिशोर सिंह, सुकृत कनौजिया, रोहित विश्वकर्मा, कुमार मयंक, संतोष शुक्ला, मुकेश पाण्डेय पूर्ति निरीक्षक, आदित्या मिश्रा एवं आदित्य मौर्य आदि कवियों ने अपनी बेहतरीन काव्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। समारोह के अंत में संस्था के संस्थापक राकेश ने सभी आमंत्रित अतिथियों एवं रचनाकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन नीरज पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विनोद अवस्थी, केसर बक्स सिंह, मधुकर सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक राम विपत, लाल दास, विश्राम सिंह यादव, प्रदीप चौरसिया, रणविजय सिंह, ऋषि श्रीवास्तव, पवन साहू, प्रेमनाथ निर्मल, एसडीकांत सूरज, कृष्णानंद द्विवेदी, प्रवीण त्रिपाठी के अलावा दर्जनों ग्राम प्रधान, कोटेदार एवं सैकड़ों हिन्दी प्रेमी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत, गांव में पसरा मातम

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे सुखदेव गांव निवासी ट्रक चालक संजय सिंह (35) की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। संजय सिंह बीआरएल ट्रांसपोर्ट में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। बताया गया कि रविवार रात करीब नौ बजे औराई, वाराणसी के पास उनका ट्रक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार सुबह संजय सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पूरे सुखदेव लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही परिवार और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। माता-पिता, भाई, पत्नी और मासूम बच्चों का करुण विलाप सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

हिन्दी हमारी पहचान और गौरव की भाषा

लंभुआ सुल्तानपुर। हिन्दी दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मुरली में कार्यक्रम आयोजित कर हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त की गई। विद्यालय परिसर को गुब्बारों से सजाया गया और बच्चों ने केक काटकर हिन्दी दिवस मनाया। इस दौरान बच्चों, अभिभावकों व उपस्थित लोगों ने हिन्दी के संरक्षण, संवर्धन और अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया।

प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक नेता रणवीर सिंह ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, भावनाओं और राष्ट्रीय अस्मिता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने दैनिक जीवन, शिक्षा, कार्यालयी कार्यों और सामाजिक व्यवहार में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। शिक्षक सुजीत पाण्डेय ने कहा कि डिजिटल माध्यमों और इंटरनेट पर हिन्दी का बढ़ता प्रयोग इसकी व्यापकता को दर्शाता है।कार्यक्रम में सुजीत पाण्डेय, महेंद्र चौरसिया, उमेश चतुर्वेदी, आयुषी, मीनाक्षी, सृष्टि सहित विद्यालय के बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

कुड़वार सुल्तानपुर। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही की। सोमवार को लखनऊ से सुल्तानपुर की तरफ आ रही कार ने गलत दिशा में मुसाफ़िर खाना की तरफ जा रहे बाइक सवार फिरोज (32)पुत्र अली मोहम्मद निवासी खौदिया मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को लखनऊ वाराणसी हाईवे पर बधुआ कला थाना क्षेत्र के पढ़वापुर मोड़ के पास टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।तथा कार व बाइक के परखच्चे उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक युवक के दो छोटे छोटे बच्चे है।पत्नी सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

राहुल गांधी की वॉइस सैंपल अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

सुलतानपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने वॉइस सैंपल से संबंधित उनकी अर्जी को खारिज कर दिया है। मामला वर्ष 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान अमित शाह पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

जिला जेल में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनिशा द्वारा आज जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित पाकशाला के अतिरिक्त बन्दियों के बैरक व महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से उनके मुकदमें में पैरवी के सम्बन्ध में अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गयी। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है।

निरीक्षण के दौरान व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, उपकारापाल धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।

तालाब में डूबने से किशोरी की दर्दनाक मौत, ननिहाल आया था आलोक

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र के संग्रामपुर (किला पांडे का पुरवा) स्थित तालाब में सोमवार को डूबने से 15 वर्षीय बालक आलोक वर्मा की दर्दनाक मौत हो गई। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ननिहाल से लेकर मूल निवास तक कोहराम व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोहड़ौर थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव निवासी आलोक वर्मा अपने मामा उमेश वर्मा निवासी डंडवा (गड़वारा) के घर रहकर पढ़ाई व अन्य कार्य करता था। सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह शौच के लिए पास ही स्थित तालाब की तरफ गया था। इसी दौरान अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब के गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया।

मछली पकड़ते समय चक्कर आने से समुद्र में गिरा युवक

समृद्धि न्यूज, चांदा (सुल्तानपुर)।

महाराष्ट्र के अलीबाग सकरा में समुद्र में मछली पकड़ने के दौरान चक्कर आने से चांदा क्षेत्र के रेतवा साढ़ापुर गांव निवासी युवक समुद्र में गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। युवक की तलाश और सकुशल होने की जानकारी को लेकर परिवार के लोग चिंतित हैं। थाना क्षेत्र के रेतवा साढ़ापुर निवासी रामरतन निषाद (25) पुत्र दुल्लू दीन निषाद करीब 15 दिन पहले रोजी-रोटी के सिलसिले में महाराष्ट्र के अलीबाग सकरा गया था। वह अपनी मौसी के बेटे ओम प्रकाश निषाद के साथ गया था, जो समुद्र में मछली पकड़ने का काम करता है। रामरतन भी उसके साथ मछली पकड़ने लगा था। रविवार रात मछली पकड़ने के दौरान अचानक चक्कर आने से रामरतन समुद्र में गिर गया। साथ मौजूद ओम प्रकाश ने फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी पूजा निषाद का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन लगातार युवक की जानकारी लेने में जुटे हैं।

मंत्रोच्चारण के साथ हुई मूर्ति स्थापना निकाली गई शोभा यात्रा

समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।

डीह कस्बे के भीरा मोहल्ले स्थित गौरी शंकर मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति स्थापना के पावन अवसर पर सोमवार को भव्य शिव बारात यात्रा निकाली गई। शिव बारात यात्रा में सैकड़ों शिव भक्त गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों पर नाचते गाते क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों पर पहुंचकर वहां विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण कर शिव लिंग पर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। शिवबारात बाजे गाजे के साथ डीह कस्बे व क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में गई। जिससे क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर ग्राम प्रधान आवास पर शिव बारातियों का स्वागत एवं सत्कार प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि के नेतृत्व में श्रद्धा, उत्साह के साथ किया गया एवं इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्री शिव मोहन (भगत) का माल्यार्पण कर आभार व्यक्त किया गया।

एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया हिंदी दिवस

- भाषा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार रखते हुए हिंदी को सरल, सहज और जन-जन को जोड़ने वाली भाषा बताया और इसके अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। हिंदी शिक्षक धर्मेंद्र शुक्ला ने हिंदी दिवस के महत्व एवं हिंदी भाषा के विकास की जानकारी देते हुए बताया कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने हिंदी को समृद्ध बनाने के लिए निरंतर अध्ययन एवं लेखन की आदत विकसित करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य शार्मिला दास गुप्ता ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। हमें हिंदी के प्रति सम्मान रखते हुए दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, अजय सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिजली कटौती का विरोध करने पर ग्रामीणों पर एफआईआर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि समेत 100 से अधिक पर मुकदमा

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़। जिले के मानधाता बाजार और आसपास के ग्रामीण इलाकों में कई घंटों तक बिजली गुल रहने से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा।

सुबह करीब 11 बजे दर्जनों ग्रामीण 132 केवीए सराय भीमसेन पावर हाउस पहुंचे और बिजली सप्लाई ठीक करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। मौके पर 112 पीआरबी और जेठवारा थाने का पुलिस बल भी मौजूद रहा।

बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) राजेश कुमार की शिकायत पर रविवार को जेठवारा थाने में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बादल पटेल, दीपू तिवारी, निर्भय सिंह, समेत 9 लोगों को नामजद व 100 से ज्यादा अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

सशस्त्र सेना बल के जवान की गोली लगने से मौत

समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर। शाम को बेटे से बात करके सोए पिता को क्या पता था कि उसे सुबह सो कर उठते ही बेटे की मौत हो जाने की खबर मिलेगी। जवान बेटे की मौत से पिता की आँखें नम है। पिता की पथराई आंखे बेटे के अंतिम दर्शन को आतुर है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के नेवरा खादर बसंतपुर गांव से जुड़ा है।गांव निवासी बलराम तिवारी के सबसे छोटे पुत्र आनंद प्रकाश तिवारी(33) सशस्त्र सीमा बल में हवलदार के पद पर छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कुहचे अंतागढ़ में 28 वीं वाहिनी एसएसबी में तैनात है।पिता के अनुसार रविवार देर शाम उनकी बेटे से बात हुई थी।सोमवार भोर में पिता के पास फोन आया कि सुबह 05.20 पर आनंद की गोली लगने से मौत हो गई। अचानक मिली सूचना से पिता अवाक हो गए।काफी देर तक तो उन्हें घटना पर विश्वास ही नहीं हो रहा था।लेकिन अन्य विभागीय अधिकारियों से बात होने के बाद उनका मन मानने को तैयार हुआ। बता दे कि बलराम तिवारी के तीन पुत्र रवि प्रकाश तिवारी,वेद प्रकाश तिवारी व आनंद प्रकाश तिवारी थे।सबसे छोटे बेटे आनंद लगभग 15 वर्ष पहले सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल में देश सेवा करने चले गए। पिछले करीब 02 वर्षों से आनंद छत्तीसगढ़ प्रांत के कांकेर जिले के अंतागढ़ में तैनात थे।

माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 53.90 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, सुल्तानपुर से दबोचा गया

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 53 लाख 90 हजार रुपये का गबन कर फरार चल रहे शातिर आरोपी को पुलिस ने सुल्तानपुर जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आरोपी संतोष कुमार यादव (29 वर्ष) सुल्तानपुर के चांदा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसे चांदा-कादीपुर रोड पर भीटी गांव के पास से घेराबंदी कर धर दबोचा। पूरा मामला आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की ढकवा शाखा से जुड़ा हुआ है। आरोपी पर 8 मार्च 2025 से 26 जून 2025 के बीच 18 गांवों के 138 सदस्यों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का आरोप है। इस दौरान कुल 53.90 लाख रुपये के गबन की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में कंपनी के रीजनल मैनेजर ज्ञानेंद्र यादव की शिकायत पर 17 सितंबर 2025 को पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसमें शाखा प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव, उप शाखा प्रबंधक कौस्तुभ उपाध्याय, फील्ड स्टाफ सिद्धार्थ यादव, सूरज कुमार सरोज और संतोष कुमार यादव समेत कुल 6 कर्मचारियों व कुछ बाहरी दलालों को नामजद आरोपी बनाया गया था। घटना के बाद से संतोष कुमार यादव लगातार फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सदस्यों के जाली कागजात तैयार कर पूरी रकम हड़पी थी। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और फरार आरोपियों की भी जांच जारी है।

ट्रक ने महिला व दो साल के मासूम को रौंदा, दोनों की मौत

समृद्धि न्यूज, प्रयागराज। औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने पानी लेने जा रही महिला और उसके दो वर्षीय मासूम बेटे को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार सुबह करीब छह बजे महुवारी स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी के सामने हुआ। मृतकों की पहचान माया देवी पत्नी परमचंदर उर्फ बचनू और उनके दो वर्षीय बेटे खतरू के रूप में हुई है।

बताया गया कि माया देवी अपने बेटे के साथ पानी लेने जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।

विश्व हिंदी दिवस पर कवि सम्मेलन में बही काव्य की धारा

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।

हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को करौंदिया स्थित जीवन साथी मैरिज लॉन में घर सुल्तानपुर फाउंडेशन और उद्गार मंच के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राणा प्रताप पीजी कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर एवं भाजपा नेता डॉ. एमपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

नरेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन के संयोजक कवि केशव प्रसाद सिंह रहे। काव्य पाठ की शुरुआत मनोज सुल्तानपुरी की सरस्वती वंदना से हुई। युवा कवि अभिनव सिंह ने हिंदी की महत्ता पर पंक्तियां पढ़कर खूब सराहना बटोरी।

अनुभव सिंह ने देशभक्ति, अंजली द्विवेदी ने भावपूर्ण रचना, जबकि केशव प्रसाद सिंह ने श्रृंगार रस की कविता प्रस्तुत की। नरेंद्र शुक्ल, अनुपम द्विवेदी, हरिनाथ शुक्ल हरि, राजकपूर शुक्ला और सत्या पंडित ने भी काव्य पाठ किया।

हिन्दी दिवसः संस्कार और सम्मान की भाषा है हिन्दी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

हमारी मातृ भाषा और राज भाषा के साथ साथ हिन्दी हमारे संस्कार और सम्मान की भी भाषा है। सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी में ऐसी भावनाओं को व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि विख्यात साहित्यकार भूपेन्द्र प्रताप सिंह नें अपने सम्बोधन से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की जिसमें छात्राओं प्रतिष्ठा, धरा एवं छात्र आर्यन एवं ईशान ने देश के नामचीन रचनाकारों की रचनाओं का सस्वर पाठ किया। छात्रा परिधि चैहान ने कबीरदास की कविता का संगीतमय पाठ किया। छात्रा तृप्ति राठौर ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रा निष्ठा राठौर का संस्कृत भाषा में दिया गया भाषण विशेष सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृ भाषा है। हम सभी को हिन्दी का सम्मान करना चाहिए। प्रशासिका सुधा प्रधान ने कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक और भाषाई विविधता का प्रतीक है। सीईओ विश्वास प्रधान ने कहा कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। हिंदी के द्वारा हम अपने भावों को अधिक संवेदनशीलता के साथ व्यक्त कर सकते है। मधु प्रधान ने कहा कि हिन्दी भाषा में इतनी सरलता और मिठास है कि यह हर वर्ग और उम्र के लोगों के दिलों तक आसानी से पहुँच जाती है। प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद के. ने कहा कि जिज्ञासा के द्वारा हम अपनी भाषा को समृद्ध कर सकते है। हम सभी को हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए।

इसके अलावा शैक्षणिक प्रमुख प्रेमानंद नायक एवं समन्वयक राम यादव ने भी हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्त में संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान एवं सीईओ विश्वास प्रधान ने मुख्य अतिथि भूपेन्द्र प्रताप सिंह को साहित्य संवर्धक सम्मान से सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उत्कर्ष अग्निहोत्री के सहयोग से बच्चों ने किया। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक पीके तिवारी एवं जूलन कुमार का विशेष योगदान रहा।

नेहरू नगर से शुरू हुई यात्रा, विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर की पूजा-अर्चना

समृद्धि न्यूज़, समधन।

समधन में कलश यात्रा निकालकर मंदिरों का भ्रमण करती कठेरिया समाज की महिलाएं।

सोमवार दोपहर बाद समधन नगर के मोहल्ला नेहरू नगर में कठेरिया समाज की महिलाओं ने धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पैदल शामिल होकर नगर के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण किया।

कलश यात्रा नेहरू नगर स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर ठाकुरद्वारा मंदिर, रिहुआ मंदिर, लालपुर मंदिर होते हुए अनीभोज मंदिर पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ यात्रा पूरी की। विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। कलश यात्रा के दौरान नगर में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। अनीभोज मंदिर पहुंचने के बाद कलश यात्रा का विधिवत समापन किया गया।

पोषण रैली से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

कन्नौज। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सोमवार को जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम हुए। अनौगी, भटपुरी, हसेरन, करनपुर, नौरंगपुर नगरिया और कुसुमखोर में कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों ने रैली निकालकर संतुलित आहार और स्वास्थ्य का संदेश दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चल रहे अभियान का उद्देश्य गर्भवती-धात्री महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक करना है। रैली में स्थानीय व मौसमी सब्जियों, दाल, अनाज और फलों के सेवन के साथ स्वच्छता पर जोर दिया गया। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच और संतुलित आहार की जानकारी भी दी गई।

गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गूंजा पंडाल

- कलश यात्रा और हवन-पूजन के साथ विराजमान हुए भगवान श्री गणेश

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी, फर्रुखाबाद रोड की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कलश यात्रा और हवन पूजन के साथ गणेश जी को विराजमान करने के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। सोमवार सुबह आठ बजे बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा ताजपुर रोड स्थित काली मठिया से शुरू होकर इंदिरा आवास कॉलोनी पंडाल में पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद विधि-विधान से हवन-पूजन कर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने हवन-पूजन कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाए, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। हवन-पूजन के बाद भगवान श्री गणेश की आरती की गई। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजन में पवन गुप्ता, मनु गुप्ता, आशू, पवन, मीना मिश्रा, रजनी सक्सेना, अनामिका तिवारी, यशिका रानी, साक्षी, पूजा चतुर्वेदी, यश तिवारी, स्पर्श तिवारी, शिवानी अरोरा, शीला गुप्ता, हिमांशु, प्रियांशु, कृष्णा, सूरज, देवांश, शिवांश, अमन शर्मा, प्रतीक, आयुष, अनमोल, दीपू बाथम, दिव्या, तनु, आरोही, खुशबू, दीक्षा, रंजना गुप्ता, प्रिया, खुशी, अंजना कश्यप, किरण, विमला देवी, साक्षी सक्सेना, पिंकी चौहान, गीता, पूजा, विनीता और पुष्पा आदि का विशेष सहयोग रहा।

सुलेख प्रतियोगिता में तनवी और अंश ने मारी बाजी

छिबरामऊ, कन्नौज। वीणावादिनी स्कूल महमूदपुर खास में हिंदी दिवस पर आयोजित हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम आकर तनवी और अंश ने बाजी मार ली। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर तनवी ने प्रथम, नितिन ने द्वितीय एवं पार्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि जूनियर स्तर पर अंश ने प्रथम, सोनाली ने द्वितीय एवं कृष्णा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा होने के साथ उन्नति की आधारशिला है। कोई भी समाज मातृभाषा के बिना ऊंचाई पर नहीं पहुंच सकता है। प्रबन्धक रामरूप आचार्य ने कहा कि हिंदी का जन्म भले ही संस्कृत से हुआ हो लेकिन हिंदी ने अपना अलग विस्तार किया। हिंदी की भावना प्रधान शब्दावली औषधि का काम करती है। हिंदी ने अन्य भाषाओं से आए कई शब्दों को अपने में समाहित भी किया है। अब हम सबको हिंदी के विकास और प्रचार प्रसार के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे। इसके अलावा अजय सर, सचिन सर, विकास कुमार, राखी, रीमा और शिखा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

आलू किसानों की समस्या पर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

आलू किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से तहसील परिसर में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेश सरकार से राहत दिलाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और यहां बड़ी संख्या में किसान आलू की खेती करते हैं। इसके बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। यूरिया, डीएपी, बीज, सिंचाई और अन्य कृषि सामग्री महंगी होने से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने की भी मांग की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आलू का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित नहीं होने के कारण किसान अपनी फसल को कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं। कई बार बाजार में मिलने वाला मूल्य उत्पादन लागत के अनुरूप नहीं होता। वहीं, कोल्ड स्टोरेज में आलू रखने का बढ़ता भंडारण शुल्क किसानों की परेशानी को और बढ़ा रहा है। आर्थिक संकट के कारण किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से प्रदेश सरकार को आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने तथा गेहूं और धान की तर्ज पर सरकारी क्रय केंद्रों पर आलू की खरीद शुरू कराने के निर्देश देने की मांग की गई। इस दौरान देवकीनंदन दुबे, विनय त्रिपाठी, विनोद कुमार दुबे, बहार कुरैशी, मो. आमिर अंसारी, शिवम मिश्रा, विकास मिश्रा, प्रमोद कुमार शाक्य, डॉ. प्रियंका दुबे, मेराज अली, साजिद खान, ओंमकार, चंद्रभान सिंह और विजय मिश्रा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

चेयरमैन ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर चौकी प्रभारी का किया स्वागत

चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश उपाध्याय को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत करतीं चेयरमैन आसमां बेगम।

समृद्धि न्यूज़, समधन। बीते दिनों पुलिस कप्तान की ओर से जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया था। इसी क्रम में समधन चौकी प्रभारी दीपक सिंह का तबादला उमर्दा चौकी के लिए कर दिया गया, जबकि पुलिस लाइन से सूर्य प्रकाश उपाध्याय को समधन चौकी प्रभारी बनाया गया। नवागंतुक चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने समधन चौकी पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान नगर पंचायत की चेयरमैन आसमां बेगम ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर चौकी पुलिस स्टाफ सहित हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, सिपाही विपुल कुमार, सत्य प्रकाश, बिहारी बाबू आदि मौजूद रहे।

उस्ताद भूंगर खान मांगणियार व ग्रुप का राजस्थानी गायन कल

छिबरामऊ, कन्नौज। सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन कल्चर एंड म्यूजिक अमोंगस्ट यूथ (स्पिक मैके) नई दिल्ली के तत्वावधान में सुप्रभाष अकादमी के तरंग ओपन थिएटर व जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उस्ताद भूंगर खान मांगणियार तथा ग्रुप द्वारा राजस्थानी गायन एवं संगीत कार्यक्रम 16 सितंबर बुधवार को प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्पिक मैके के कोऑर्डिनेटर हिमांशु सक्सेना ने बताया कि भूंगर खान को सुप्रसिद्ध कोक स्टूडियो के माध्यम से देश विदेश में प्रसिद्धि मिली और वह केंद्रीय युवा संगीत नाटक अकादमी अवार्ड के विजेता रह चुके हैं। अब तक 50 से अधिक देशों में राजस्थानी संगीत एवं गायन की प्रस्तुति भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से प्रस्तुत कर चुके हैं। सुप्रभाष अकादमी के तरंग रंगमंच पर यह कार्यक्रम 16 सितंबर को सुबह 8:30 से 10:30 तक और फिर जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11.30 बजे से 1 बजे तक होगा।

छात्रों ने किया अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन

छिबरामऊ, कन्नौज। श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज, विशुनगढ़ में मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा कार्यक्रम विकसित भारत 2047 पहल के तहत प्रतियोगिता में कक्षा 8, 9 और 11 के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक क्षमता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया चित्रों के माध्यम से बच्चों ने वर्ष 2047 तक भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का अनूठा संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य श्याम त्रिपाठी और कला शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी ने विद्यार्थियों को विकसित भारत 2047 की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के युवा ही कल के विकसित भारत के निर्माता हैं। शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी ने राष्ट्र निर्माण में महान विभूतियों के योगदान और कला के माध्यम से सामाजिक संदेश देने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों ने अपनी पेंटिंग्स के जरिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, और सांस्कृतिक धरोहर के क्षेत्र में भारत की प्रगति को दर्शाया। विद्यालय प्रशासन ने प्रतिभावान विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

प्राथमिकता से निपटाएं उद्यमियों की समस्याएं : सीडीओ

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। सीडीओ ने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि इत्र पार्क में गैस कनेक्शन के लिए पांच उद्यमियों की सहमति मिलते ही गैस आपूर्ति एजेंसी प्रक्रिया शुरू कर देगी। सीडीओ ने उद्यमियों से समन्वय कर कार्रवाई जल्द पूरी कराने को कहा। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में संचालित अवैध स्टैंड बंद कराने और गुरसहायगंज में दुकानों के सामने नालियों के निर्माण की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने में अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। सीडीओ ने 18 से 20 सितंबर तक लखनऊ में होने वाले फूड एक्सपो में उद्यमियों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। साथ ही बैठक में संबंधित अधिकारियों को स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

नहीं रहे प्रमुख समाजसेवी अशोक गुप्ता, जलेसर घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

सनातन धर्म के पुरोधा, प्रमुख समाजसेवी, उद्योगपति और नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के पति अशोक कुमार गुप्ता का लंबी बीमारी के चलते लखनऊ स्थित वेदांता अस्पताल में निधन हो गया। परिजनों के अनुसार वे पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका उपचार चल रहा था। रविवार देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई और स्वेच्छा से बाजार बंद हो गए।

स्व. अशोक गुप्ता नगर के प्रतिष्ठित उद्योगपति होने के साथ-साथ समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहे। नगर के कई शिक्षण संस्थानों के संचालन और गरीब असहाय लोगों की मदद में वे हमेशा आगे रहते थे। उनके द्वारा कई धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहयोग किया जाता था। उन्होंने नगर की हजारों गरीब, लाचार बालिकाओं का विवाह कराकर उसका पूरा खर्चा स्वयं वहन किया, गरीब एवं लाचार लोगों का निःशुल्क इलाज कराया और जरूरतमंदों की हर संभव मदद की। वे बेहद सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही दलीय सीमा तोड़कर हजारों की संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और पुत्र पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता को ढांढस बंधाया। अंतिम दर्शन के अवसर पर पूर्व खनन मंत्री व छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र आर्य, पूर्व पालिका अध्यक्ष इंद्र कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय मिश्रा, उषा दुबे, मोहम्मद शमीम सिद्दीकी, संतोष चतुर्वेदी, दीपक गुप्ता, संजीव गुप्ता, सुधीर दीक्षित, मसरूर अहमद, ललित मोहन सिंह, शिवा गुप्ता ज्ञानेंद्र गुप्ता नगर पालिका परिषद के सभी सभासद सहित हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि दी। दोपहर बाद जलेसर घाट पर सनातन रीति-रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में हुआ लोकसभा का आयोजन किया गया। मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया और प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने संयुक्त शोक संवेदना पत्र जारी कर कहा कि सेठ अशोक कुमार गुप्ता का निधन नगर के लिए अपूरणीय क्षति है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अनिल कुमार ने कहा कि नगर पालिका परिषद परिवार इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है।

पूर्व मंत्री अर्चना पांडे ने जताया शोक

पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने कहा, अशोक गुप्ता का निधन अत्यंत दुखद है। वे एक सच्चे समाजसेवी और कर्मठ उद्योगपति थे। नगर के विकास के लिए उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। ईश्वर पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शांति। नगर के मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने भी गहरा दुख प्रकट किया है।

हिंदी भारतीय संस्कृति, परंपरा चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉ हरिओम

ब्लॉक क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ. शिप्रा वर्मा के निर्देशन में भाषण, कविता वाचन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं हुईं।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार ने हिंदी को राजभाषा बनाए जाने के ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी दी। डॉ. नागेंद्र सिंह ने हिंदी की अनिवार्यता तथा डॉ. डिम्पल कुशवाहा ने इसकी बढ़ती लोकप्रियता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने हिंदी भाषा एवं साहित्य के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन रिंकी एवं अंजलि ने किया। इस दौरान शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसीक्रम में गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में हिंदी दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पंक्तियों निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल का उल्लेख करते हुए मातृभाषा के सम्मान पर जोर दिया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव ने हिंदी के ऐतिहासिक विकास की जानकारी दी।

आलू को लेकर सपाइयों का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

आलू किसानों को आलू का वाजिब मूल्य नहीं मिलने को लेकर सोमवार को सपा मुखिया के आवाहन पर सपा महिला और पुरुष नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपाइयों ने पुलिस व्यवस्था की आंखों में धूल झोंक कर चोरी छिपे सरकार का पुतला भी फूंक दिया। इस दौरान सपाइयों की पुलिस से झड़प भी हुई। पुतला प्रदर्शन स्थल पर कैसे पहुंचा जहां यह चर्चा का विषय बना रहा, वहीं कुछ सपा नेताओं ने पुतला किसने फूंका इसको लेकर कुछ भी साफ नहीं किया। बताते चलें कि, सोमवार को सपा मुखिया और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर कन्नौज के सपाइयों ने अपनी बड़ी संख्या में मौजूदगी दर्शाकर आलू किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

दोपहर करीब 12 बजे के करीब जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर सपाइयों का प्रदर्शन हुआ। इस दौरान जहां कई सपाई महिला पुरुष अपने अपने गले में आलू की मालाएं पहने नजर आ रहे थे वहीं सपा महिला नेत्री शशिमा सिंह दोहरे कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ आलू की कांवड़ लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची। पूँछने पर उनका कहना था कि वह आलू की कांवड़ डीएम को समर्पित करेंगी, ताकि किसानों की समस्या सरकार तक पहुंच सके और उन्हें आलू का वाजिब दाम मिल सके। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खान की अगुवाई में जिले के कई सपा महिला पुरुष नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

नीरेन अध्यक्ष, प्रमोद महामंत्री व मनीष शुक्ला बने कोषाध्यक्ष

- त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन बीआरसी जलालाबाद में निर्विरोध संपन्न

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

शपथ लेते निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य

उत्तरप्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू.मा.) शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई जलालाबाद का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन सोमवार को बीआरसी जलालाबाद में निर्विरोध संपन्न हुआ। अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक- एक नामांकन होने के कारण चुनाव की नौबत नहीं आई। निर्वाचन प्रक्रिया से पहले पर्यवेक्षक आलोक चतुर्वेदी और रामकिशोर सिंह ने उपस्थित शिक्षकों से सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन की घोषणा कराई। इसमें कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद के प्रधानाध्यापक नीरेन कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, यूपीएस नेकपुर कायस्थ के सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार यादव को ब्लॉक महामंत्री तथा यूपीएस गोरियापुर के सहायक अध्यापक मनीष शुक्ला को ब्लॉक कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी के कुल 11 सदस्यों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। पर्यवेक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संगठन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं पर्यवेक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षक हित में कार्य करने की अपील की।

हिंदी दिवस पर छात्राओं ने दिखाई चित्रकारी प्रतिभा

कन्नौज। हिंदी दिवस पर मेरा युवा भारत, कन्नौज के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मित्रसेनपुर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। छात्राओं ने हिंदी भाषा, भारतीय संस्कृति और हिंदी के महत्व पर चित्र बनाए। प्रतियोगिता में सौम्या कमल ने प्रथम, शीबू ने द्वितीय और प्रियंशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को स्मृति-चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मंजू पाल, शिक्षिका सोनाली, शिक्षक नीरज और नारी शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना कश्यप मौजूद रहीं। अर्चना कश्यप ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। वक्ताओं ने हिंदी को संस्कृति, साहित्य और विविधता को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए इसके अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया।

विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, प्रतियोगिता आयोजित

समृद्धि न्यूज, समधन, (कन्नौज)।

हिंदी दिवस के अवसर पर बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज, तेराजाकेट में हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में प्रेम, सम्मान एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हिंदी भाषा के महत्व, उपयोगिता तथा भारतीय संस्कृति में हिंदी की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपनी लेखन प्रतिभा और प्रभावशाली वक्तव्य के माध्यम से हिंदी के प्रति अपने लगाव को व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, संस्कार और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करने तथा इसके प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्य बैजनाथ सिंह ने प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों के ज्ञान, लेखन क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर ऐसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशक नवनीत कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर है। इसे समृद्ध बनाने में नई पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास, ओमेंद्र, समीर, दुर्गेश, मनीष, सरनाम, रंजीत, स्वाति, मुस्कान, सुजाता, सौम्या, श्रुति, प्रियंका, प्रीति, लक्ष्मी एवं शालू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश प्रतिमा की हुई स्थापना

मेडिकल कॉलेज में त्रिदिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिवार द्वारा प्रशासनिक भवन में आयोजित त्रिदिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार, को पूर्ण विधि-विधान, मंत्रोच्चार और अपार श्रद्धा के साथ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः 7 बजे वैदिक रीति-रिवाज से भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना एवं पूजा-अर्चना की गई, जिसके उपरांत उपस्थित संकाय सदस्यों व छात्र-छात्राओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक बीएएमएस बैच-2022 के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियों से पूरा प्रशासनिक भवन परिसर गणेश मय हो उठा। शाम 5 बजे महाआरती संपन्न हुई और प्रसाद बांटा गया।

पूजा अर्चन करते भक्तगण

विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोत्सव के अंतर्गत बीएएमएस बैच-2025 के विद्यार्थियों द्वारा 6 फूड एवं गेम स्टॉल भी लगाए गए हैं। शाम 4 बजे से 7 बजे तक इन स्टॉलों पर छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टाफ की भारी भीड़ देखने को मिली। कॉलेज प्रशासन ने त्रिदिवसीय आयोजन के आगामी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यार्थियों व कर्मचारियों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने और परिसर की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि प्रेम एवं सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन 8 सितंबर से 14 सितंबर तक उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। काव्य पाठ प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, श्लोक पाठ, आधुनिक मीरा महादेवी वर्मा को श्रद्धांजलि, शिक्षाप्रद कहानियां, वाद विवाद प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गई। इसमें कक्षा प्रथम से द्वादश तक के छात्रों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। श्लोक पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों ने वाचन कला का प्रदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने हिंदी भाषा के महत्व को बताया। महादेवी वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यार्थियों ने उनके साहित्यिक योगदान का स्मरण किया। वाद विवाद प्रतियोगिता के विषय थे- सोशल मीडिया हिंदी भाषा के विकास में सहायक है या बाधक 2, क्या हिंदी को शिक्षा और रोजगार की प्रमुख भाषा बनाना चाहिए। काव्य पाठ प्रतियोगिता का परिणाम लाल सदन से आराध्या कुशवाहा प्रथम तथा पीत सदन से वान्या शर्मा प्रथम स्थान पर रहीं। हरित सदन से रिशा अग्रवाल द्वितीय स्थान पर तथा नील सदन से आराध्या सोमवंशी तृतीय स्थान पर रही। वाद विवाद प्रतियोगिता में नील सदन से कक्षा एकादश से अभिनव पांडे तथा अपूर्वा प्रथम स्थान पर रहें तथा हरित सदन से आयुष पांडे तथा काव्या अवस्थी द्वितीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। उप प्रधानाचार्या डॉ. अंजू सिंह ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रशूलपुर पिलखना निवासी योगेंद्र सिंह पुत्र रमेश चंद सोमवार शाम नवाबगंज से अपने घर वापस जा रहे थे। वह घर से शाम करीब 5 बजे मोटरसाइकिल से निकले थे। बताया गया कि वह नवाबगंज में सोलर पैनल चेंज कराने के लिए आए थे। नवाबगंज-अचरा मार्ग पर पहुंचने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में योगेंद्र सिंह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीएचसी में फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। घायल युवक के पास मिले मोबाइल फोन के माध्यम से उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिजन नवाबगंज सीएचसी पहुंचे और घायल का हाल जाना।

गणेश शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद। शोभायात्रा में मौजूद भक्तगण

सिद्धि विनायक गणेश महोत्सव कमेटी, सेठ गली के तत्वावधान में सोमवार को भगवान श्री गणेश जी महाराज की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक स्व0 विमल प्रसाद तिवारी के निवास स्थित शिव मंदिर से हुआ। शोभायात्रा नेहरू रोड होते हुए घूमना, नीतगंजा, स्टेट बैंक, मठिया देवी की परिक्रमा कर चौक चौराहे पहुंची। इसके बाद नेहरू रोड होते हुए सेठ गली स्थित श्री राम बैडमिंटन कोर्ट पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी महाराज को विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक विराजमान कराया गया। नगर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्री गणेश जी महाराज का स्वागत किया। शोभायात्रा में 9 फीट का भालू विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

कमेटी के संरक्षक गौरहरि अग्रवाल एवं अध्यक्ष शिवाशीष तिवारी के साथ सृजन अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अंकुर वर्मा, सत्यम वर्मा, गोपाल वर्मा, मोनू वर्मा, तन्मय मिश्रा, आकाश वर्मा, निखिल वर्मा, ऋतिक पाण्डेय, श्रीकांत, अरविंद मराठा, शिवम वर्मा, कमल वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, कुलदीप वर्मा, आशीष वर्मा, रामजी दर्शन शुक्ला, मनोज वर्मा, आदर्श वर्मा, संदीप वर्मा सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। बढ़पुर स्थित महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर हिन्दी भाषा की दिशा एवं दशा शीर्षक से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापिकाओं में अपूर्वा द्विवेदी, कोमल, कोमल मिश्रा, गौरी मिश्रा, कंचन शुक्ला एवं कुमकुम शुक्ला तथा बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राध्यापिकाओं तनू कनौजिया, प्रियंका कनौजिया, मोना बाथम, रिया एवं सरस्वती तिवारी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने हिन्दी भाषा को अपने दैनिक जीवन में अपनाने और आत्मसात करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दी को बोलने और अधिक से अधिक प्रयोग में लाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर शिक्षक गजेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ0 मधुवाला अवस्थी, सुनील कुमार राजपूत आदि ने भी हिन्दी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी में मौजूद छात्रायें

हिंदी दिवस पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

नगर के प्राथमिक विद्यालय नगला झब्बू सिंह में हिंदी दिवस पर सोमवार को बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा चार के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए कविता, भाषण, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश दिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों से विद्यालय का माहौल उत्साह और देशभक्ति से भर गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा चार की छात्राओं मोनी, नन्ही, संध्या और राधिका तथा छात्र आर्यन ने विभिन्न प्रस्तुतियों में प्रतिभाग किया। मोनी और संध्या ने हिंदी दिवस पर कविता प्रस्तुत कर हिंदी भाषा की विशेषताओं और महत्व को बताया। वहीं आर्यन ने हिंदी दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया। बच्चों ने हिंदी दिवस पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व को रोचक अंदाज में समझाया गया। कक्षा चार की क्लास टीचर प्रतिभा वर्मा के मार्गदर्शन में कराई गई थीं। शिक्षिका प्रतिभा वर्मा ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। बच्चों को हिंदी के प्रति रुचि और सम्मान पैदा करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में प्रतिभा के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह संदेश दिया कि हिंदी हमारी पहचान और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरान रामबरन, सहायक आकाश राजपूत, शिक्षामित्र अखिलेश आदि लोग रहे।

कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

खबरें एक नजर में

गणेश महोत्सव को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

बैठक लेते थाना प्रभारी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में आगामी गणेश महोत्सव को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना नवाबगंज प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों तक आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी ली और सभी से शांति व शालीनता के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी धर्मस्थल पर या आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा बैठक में मौजूद लोगों से गणेश पांडालों की सुरक्षा, मूर्ति विसर्जन के मार्गों और समय से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव मांगे गए, ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा सकें। इस अवसर पर क्रइम इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल, उपनिरीक्षक हरीश कुमार, उपनिरीक्षक सत्यनारायण सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। वहीं संभ्रांत नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, यशवीर, सभासद पुष्पेंद्र सिंह, सभासद राहुल यादव, दुष्यंत कश्यप, अख्तर अली, फारूक अली और पुठरी मंदिर के महंत बाबा सुरेश भारती उपस्थित रहे।

बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। थाना उसैत क्षेत्र के गांव नगासी निवासी दो युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव नगासी निवासी नंद किशोर पुत्र महेश चंद्र सक्सेना और उनके गांव के ही साथी नंदराम पुत्र जवाहरलाल सक्सेना दिल्ली के नोएडा में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। बीते दिन वे बाइक द्वारा अपने गांव नगासी, उसैत आ रहे थे।जैसे ही वे अटैना पुल के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

डीपीएस इण्टर कालेज में बच्चों ने सीखे जीवनरक्षक मंत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं के समय त्वरित बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आठवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ गाजियाबाद द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम जहानगंज स्थित डीपीएस इण्टर कालेज मूसाखिरिया में संपन्न हुआ। कमाण्डेंट सुदेश कुमार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के समन्वय से आयोजित कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक रमाकान्त यादव के नेतृत्व में एनडीआरएफटीम ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक गुर सिखाए। टीम ने भूकंप के दौरान सुरक्षित रहने के लिए विश्व प्रसिद्ध ड्राप, कवर एवं होल्ड तकनीक का सजीव प्रदर्शन किया। आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए सीपीआर बेसिक लाइफसपोर्ट और फर्स्ट एड के तरीके बताए गए। आदि की जानकारी दी गई। प्रबन्धक सर्वेश सिंह कटियार व प्रधानाचार्य शिव ओम कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और समाज सेवा की भावना का विकास होता है। टीम कमाण्डर रमाकांत यादव ने कहा आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य और सूझबूझ से काम लें। इस अवसर पर डा0 धर्मेन्द्र कुमार, सत्येन्द्र कुमार, राधा कटियार, अवनीश गंगवार, रोहित गंगवार, विकास कुमार, अंशुल सिंह, अनुराग दीक्षित, संदीप कुमार, अनूप कुमार मिश्रा, संजीव कुमार, सचिन शाक्य, संजीव त्रिपाठी, गुरुचरन, एपी दीक्षित उपस्थित रहे।

किरण पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी और हिंदी दिवस की रही धूम

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं से सराबोर हुआ परिसर

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

पट्टिया लेन कंपिल रोड स्थित शिक्षण संस्थान किरण पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी एवं हिंदी दिवस का संयुक्त उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। शुभारंभ प्रबंधक डॉ. वीरेंद्र गंगवार, मैनेजर कल्पना गंगवार एवं प्रधानाचार्य राधिका नायर ने मां सरस्वती व भगवान गणेश के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। महाराष्ट्र की पारंपरिक वेशभूषा में सजी छात्राओं ने सर्वप्रथम भावपूर्ण स्वर में गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य राधिका नायर व शिक्षिकाओं ने गणेश जी की आरती प्रस्तुत मंच की। छात्राओं ने मनमोहक मराठी नृत्य, जय गणेश देव डांस की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं हिंदी दिवस पर कक्षा सात की छात्राओं आराध्या भदौरिया एवं आर्या सिंह ने नृत्य प्रस्तुति दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत विचारोत्तेजक लघु नाटक ने भी मातृभाषा के महत्व को बखूबी रेखांकित किया। हिंदी शिक्षिका अंजू बाथम ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। हिंदी शिक्षक हरिद्वार द्विवेदी ने सारगर्भित दोहों एवं ओजपूर्ण कविताओं के माध्यम से हिंदी दिवस पर अपने विचार रखे। हिंदी, निबंध, लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए अपने प्रखर विचार प्रस्तुत किए। बच्चे घर से ही क्ले मिट्टी के माध्यम से भगवान श्री गणेश की अत्यंत मनमोहक व आकर्षक कलाकृतियां और चार्ट पेपर पर सुंदर चित्र बनाकर लाए थे। इस अवसर पर प्रभारी विक्रांत सिंह तथा अंजना जयन, शिवानी राठौर, आरजू गंगवार, आकांक्षा सैनी, अतुल प्रताप सिंह, हिरा अंसारी, जयन राजन, प्रगति सक्सेना, मंजू यादव, पूजा पाल, आशिका, पूनम, खुशी, पूजा, निखिल शाक्य, शाहरुख खान, नीरज अग्निहोत्री, अजमत अली, अल्पना यादव, फराह खान, लिपिक उमाकांत वर्मा, रवि कुमार मौजूद रहे।

गणेशोत्सव कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

महिला अवकाश पर सरकारी व्यवस्था की खुली पोल

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज। भादों मास के पवित्र महीने में महिलाओं के विशेष अवकाश पर नवाबगंज विकासखंड के सरकारी विद्यालयों में एक अजीबोगरीब सरकारी विडंबना देखने को मिल रही है। जहाँ एक ओर भारी-भरकम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को त्योहार मनाने की छूट दी गई है, वहीं मात्र कुछ रुपयों के सहारे अपना घर चलाने वाली गरीब महिला रसोइयों को ड्यूटी पर झोंक दिया गया है। विकासखंड क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में सरकार के नियमों का एक ऐसा पक्षपातपूर्ण चेहरा सामने आया है, जो निचले तबके के शोषण को दर्शाता है। विद्यालय में तैनात महिला शिक्षिकाएं जो 70,000 से लेकर 1 लाख रुपये तक का मोटा वेतन उठाती हैं, महिला शिक्षामित्र, महिला अनुदेशक और यहाँ तक कि विद्यालय की बालिकाओं को भी इस पवित्र पर्व पर सरकारी अवकाश दिया गया है। इसके ठीक विपरीत, चिलचिलाती गर्मी और धुएं के बीच मात्र 2,000 का अल्प मानदेय पाने वाली महिला रसोइयां आज भी स्कूलों में काम करने को मजबूर हैं। वे अपने अवकाश के अधिकार के लिए सरकारी तंत्र का मुँह ताक रही हैं। इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सरकारी सुविधाएँ और छुट्टियां केवल ऊंचे वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए ही बनी हैं? 2000 रुपये पाने वाली ये रसोइयां भी उसी समाज का हिस्सा हैं और उनके लिए भी यह पर्व उतना ही महत्वपूर्ण है, लेकिन इस दोहरी नीति ने उन्हें त्योहार के दिन भी चूल्हा फूंकने पर मजबूर कर दिया है, जिसे साफतौर पर उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न कहा जा सकता है। जब इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से फोन पर बात की गई, तो उनका जवाब भी सरकारी लालफीताशाही को ही दर्शाने वाला था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके पास इस बात का कोई उत्तर नहीं है। बीईओ के अनुसार इसके लिए सरकारी तंत्र ही कोई नई व्यवस्था बनाए तो ही महिला रसोइयों को अवकाश मिल सकता है, अन्यथा वर्तमान में रसोइयों के लिए अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है।

दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट दंपती सहित तीन घायल

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज। थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव में शराब के नशे में गाली-गलौज करने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। नशे में धुत पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बलीपुर गांव में पड़ोस का एक युवक शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज कर रहा था। जब गुड्डू और उनकी पत्नी मधु ने इसका विरोध किया, तो आरोपी आगबबूला हो गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने करीब सात साथियों के साथ लामबंद होकर जबरन घर में घुस आया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। हमले के दौरान मधु ने अपनी बहन बबीता को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बबीता अपनी बेटी रागिनी के साथ मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने का प्रयास करने लगीं। आरोप है कि हमलावरों ने रागिनी को भी नहीं छोड़ा और उनके साथ भी जमकर मारपीट की। इस घटना में मधु, उनके पति गुड्डू और रागिनी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस से सभी घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने उनका प्राथमिक उपचार किया। गुड्डू की हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि करीब सात लोगों ने एकराय होकर घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना की शिकायत पुलिस से की जा रही है।

सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपलब्धता पर उठे सवाल

नवाबगंज। सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था और डॉक्टरों की लापरवाही पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। नवाबगंज स्थित सरकारी अस्पताल में देर रात इलाज कराने पहुँचे मरीज को डॉक्टर न मिलने के कारण परिजनों और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार पीड़ित मरीज हसन रात में अपने घर की छत पर सोने गया था। रात लगभग 12 बजे के बीच उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हसन ने तुरंत कान और सीने में तेज दर्द होने की बात अपनी मां को बताई। परिजनों ने आसपास के पड़ोसियों की मदद से हसन को तुरंत नवाबगंज के सरकारी अस्पताल पहुँचाया। मरीज के साथ अस्पताल पहुँचे अमुद्दीन और जैनुद्दीन अंसारी ने बताया कि वे मरीज को लेकर करीब आधे घंटे तक अस्पताल में भटकते रहे और आवाज़ें लगाते रहे, लेकिन अस्पताल में कोई भी डॉक्टर या स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नहीं था।

बाढ़ के पानी में छत से गिरा मासूम, डूबने से मौत

समृद्धि न्यूज,राजेपुर।

राजेपुर थाना क्षेत्र के चैनगंज गांव में सोमवार दोपहर घर की छत पर खेल रहा तीन वर्षीय मासूम अचानक असंतुलित होकर नीचे बाढ़ के पानी में गिर गया। पानी में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, कासगंज जिले के सरौली गांव निवासी इंद्रेश का तीन वर्षीय बेटा प्रांशु इन दिनों राजेपुर के चैनगंज गांव स्थित अपने मामा मिथिलेश के घर आया हुआ था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे प्रांशु घर में खेलते-खेलते मकान की छत पर चला गया। गांव के चारों तरफ बाढ़ का पानी भरा होने के कारण मकान के आसपास भी काफी जलभराव था। छत पर खेलते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से प्रांशु सीधे नीचे भरे बाढ़ के पानी में जा गिरा। हादसे के वक्त परिजनों को प्रांशु के पानी में गिरने का तुरंत पता नहीं चल सका। काफी देर तक जब मासूम नजर नहीं आया, तो परिवार वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। तलाश करते हुए जब परिजन घर के पास खेत में भरे पानी की ओर पहुंचे, तो प्रांशु वहां पानी में मिला। परिजन आनन-फानन में मासूम को लेकर राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के चारों तरफ बाढ़ का पानी जमा होने से बच्चों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

मौके पर मौजूद परिजन व ग्रामीण

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

प्रतियोगिता में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज आवास विकास लोहियापुरम में हिन्दी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शीर्षक था राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका महाविद्यालय की लगभग 50 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने विचार अलग-अलग ढंग से प्रस्तुत किए। भाग लेने वाली छात्राओं में रुचि यादव, सुरभि, सोनम, स्वाती, आशना, ज्योति दुबे, फबीया, राशि, जागृति, आराध्या, हिमांशी, अनामिका इत्यादि छात्राएं उपस्थित रहीं। जिनमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी आशना को सबसे अच्छे ढंग से विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। दूसरे नंबर पर बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा कुमारी स्वाती रही और सुरभि ने अपनी सुंदर राइटिंग और एकदम नई तरीके के विचार प्रस्तुत किए और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बच्चों का कहना था कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं एक संस्कृति है, वह हमारी पहचान भी है। राष्ट्र के निर्माण करने में हिंदी बहुत बड़ी भूमिका निभा रही है। एक हफ्ते तक महाविद्यालय में प्रतिदिन हिंदी से संबंधित 1 से लेकर 2 बजे तक कोई ना कोई प्रतियोगिता कराने का संकल्प लिया गया है। इस घोषणा से छात्राओं में बहुत ही प्रसन्नता और उत्साह दिखा।

बंदरों के आतंक से नागरिकों और श्रद्धालुओं में दहशत

कांपिल्य तीर्थ विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

नगर एवं आसपास के गांवों में बंदरों के बढ़ते आतंक से स्थानीय नागरिकों और तीर्थयात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कांपिल्य तीर्थ विकास परिषद ने नगर पंचायत और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार देर शाम विमलयतन ट्रस्ट के मंत्री पुखराज डागा ने नगरवासियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंच चेयरमैन प्रतिनिधि उदयपाल यादव को ज्ञापन देकर मांग की है कि बंदरों को पकड़कर आबादी क्षेत्र से दूर सुरक्षित प्राकृतिक क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए। परिषद के अनुसार बंदर घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में घुसकर खाद्य सामग्री व अन्य सामान उठा ले जाते हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशान करने के साथ कई बार लोगों पर हमला कर घायल भी कर चुके हैं। तीर्थनगरी होने के कारण यहां आने वाले तीर्थयात्रियों से बंदर प्रसाद, भोजन, बैग, कपड़े और अन्य सामान छीन लेते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को भी दिक्कत हो रही है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बंदरों के आतंक के कारण बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। परिषद ने मांग की है कि बंदरों को नुकसान पहुंचाए बिना अहिंसात्मक एवं मानवीय तरीके से प्रशिक्षित दल के माध्यम से पकड़कर वन विभाग की अनुमति और निगरानी में उपयुक्त वन क्षेत्र में छोड़ा जाए। परिषद ने नगर पंचायत, वन विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से विशेष अभियान चलाकर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने तथा स्थानीय नागरिकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। चेयरमैन प्रतिनिधि उदयपाल सिंह यादव ने बताया कि नगरवासियों द्वारा बंदरों को पकड़वाने के लिए ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर बंदरों को पकड़वाने की व्यवस्था की जाएगी और उन्हें उपयुक्त स्थान पर छोड़ा जाएगा, जहां भोजन-पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो।

नागरिकों ने प्रशासन से जल्द अभियान चलाकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। इस दौरान आदेश वर्मा, ऋषभ गुप्ता, अवनीश शाक्य, सुरेंद्र शाक्य, भूरे शाक्य, उमेश शाक्य, प्रणव शर्मा, सुधाकर मिश्रा, रवि वर्मा, पंकज सक्सेना, अवधेश बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

हुसैनपुर तराई में समाजवादी नि:शुल्क स्वास्थ्य संकल्प शिविर आयोजित

250 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

समृद्धि न्यूज,शमशाबाद।

शिविर में स्वास्थ परीक्षण कराते ग्रामीण

ब्लॉक शमसाबाद की ग्राम पंचायत हुसैनपुर तराई में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी नि:शुल्क स्वास्थ्य संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 250 ग्रामवासियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक डॉक्टरी परामर्श और सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित रहकर मरीजों की जांच की। सेवाएं देने वाले प्रमुख चिकित्सकों में मो. अकलीम, डॉ. माया प्रकाश प्रजापति, डॉ. अनल प्रभात चौधरी, जियाउद्दीन खान, डॉ. जीतू शाक्य, डॉ. स्वेता यादव, डॉ.रूबी यादव और डॉ. शैफाली यादव आदि शामिल रहे। डॉक्टरों ने मौसमी बीमारियों, सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं और अन्य शारीरिक तकलीफों से जूझ रहे ग्रामीणों की गहन जांच की और उन्हें बचाव व उपचार की जानकारी दी। ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। जनहित के लिए इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य संकल्प शिविरों का आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेगा। गांव में ही नि:शुल्क जांच व विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने आयोजकों और चिकित्सकों की इस पहल की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

कनोडिया बा.इं.कॉ. में मनाया गया हिंदी दिवस

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

हिन्दी दिवस कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिक्षिका पूनम शुक्ला के नेतृत्व तथा शिक्षिका विजय लक्ष्मी एवं मंजू के विशेष सहयोग से आयोजित इन गतिविधियों में छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता का परिचय देते हुए निबंध, पोस्टर, भाषण, कविता पाठ और स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता छात्राएं स्लोगन प्रतियोगिता में कशिश रही। चित्रकला/पोस्टर प्रतियोगिता में वंशिका सक्सेना, अनन्या, आराध्या सिंह, इनाया एवं प्रियंका रही। भाषण प्रतियोगिता में सांची, सुप्रिया एवं अनुष्का पाल रही। निबंध प्रतियोगिता में अंशिका, ऐंजल, पिहू सक्सेना एवं जया शाक्य रही। कविता पाठ प्रतियोगिता में अनुष्का शाक्य, शगुन पाल, खुशी शर्मा एवं पूजा रही। छात्राओं ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान दर्शना आर्या, राधा दीक्षित, सीमा एवं सुनीता पाण्डे उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या एवं उपस्थित शिक्षिकाओं ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

ग्रामीणों ने शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद में बरसाती नाले पर अवैध कब्जे के चलते जल निकासी बाधित हो रही है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों से पानी की निकासी न होने के कारण बारिश का पानी फसलों में जमा होने से फसलें खराब होने की आशंका से किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों ने मामले की शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी एसडीएम बृजमोहन शुक्ला को देकर नाले को कब्जा मुक्त कराकर जल निकासी सुचारु कराने की मांग की है। उक्त शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के बरसाती नाले पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसे अवरुद्ध कर दिया है। नाला बंद होने के कारण बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। पानी खेतों में पहुंचकर लंबे समय तक जमा हो रहा है। इससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

माहौर वैश्य सभा की नई कार्यकारिणी घोषित

बैठक के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

15 नवंबर को धूमधाम से मनेगा वार्षिकोत्सव

बढ़पुर स्थित राजेश गुप्ता के निवास पर माहौर वैश्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्ता ने की। उन्होंने अपनी नई जिला कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का आपस में परिचय करवाते हुए फूल-माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी के पदों की घोषणा की गई। जिसमें जिला महामंत्री राजेश गुप्ता को बनाया गया।

जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अनूप कुमार गुप्ता, नरेश चंद्र गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, गोपाल गुप्ता और अंकुर गुप्ता को दी गई। जिला मंत्री अश्वनी गुप्ता, राजीव गुप्ता, राजेश गुप्ता उर्फ बबलू, विनोद कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता, श्याम कुमार गुप्ता, गोविंद गुप्ता और उज्जवल गुप्ता बने। जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मनोज कुमार गुप्ता को मिली। जिला अंकेक्षक राकेश चंद गुप्ता व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार गुप्ता को बनाया गया। संरक्षक रामनिवास गुप्ता, महेंद्र कुमार गुप्ता और सुभाष चंद्र गुप्ता को बनाया गया।

जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया है कि विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी समाज का वार्षिकोत्सव 15 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर अगले सप्ताह फिर से चर्चा की जाएगी और अंतिम रूप दिया जाएगा।

हिन्दी दिवस पर मदारपुर विद्यालय में सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न

फल दिखाते विद्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हिन्दी दिवस पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्र भाषा हिंदी दिवस पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों की सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समीर प्रथम, आदित्य द्वितीय, रिंकी, संध्या, हरिओम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पेंसिल बाक्स देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के 79 साल बाद भी हिन्दी भाषा को पूरी तरह सम्मान नहीं मिला। हमारे देश के सर्वोच्च सदन में नेता हिन्दी बोलने में अपनी तौहीन समझते हैं और अंग्रेजी में बोलना शान समझते हैं। देश के न्यायालयों में आज भी अंग्रेजी भाषा में निर्णय दिए जा रहे हैं, यह राष्ट्र भाषा हिन्दी का अपमान नहीं तो और क्या है? वर्ष में केवल एक दिन हिन्दी दिवस मना लेने से कुछ नहीं होगा। जरुरत है कि सभी विभागों में राष्ट्र भाषा हिन्दी अनिवार्य की जानी चाहिए।

एनएकेपी डिग्री कॉलेज में विचार गोष्ठी सम्पन्न

विद्यार्थियों से बने परिवर्तन का संदेशवाहक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

एनएकेपी डिग्री कॉलेज में जलवायु संरक्षण के लिए स्वच्छ वायु विषय पर डॉ. नवनीत गुप्ता द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ हवा के बिना स्वस्थ जीवन संभव नहीं है। वायु की गुणवत्ता का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। दूषित हवा के कारण अस्थमा, सीओपीडी, श्वसन संक्रमण, फेफड़ों के कैंसर, त्वचा रोग और हृदयघात जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। वर्तमान में लगभग एक तिहाई आबादी पैसिव स्मोकिंग की त्रासदी झेलने को मजबूर है, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। बताया गया कि कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग से वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे वैश्विक तापमान में साल-दर-साल बढ़ोतरी हो रही है। स्वच्छ हवा को एक प्रभावी प्रिवेंटिव मेडिसिन निवारक औषधि बताते हुए प्रदूषण नियंत्रण पर जोर दिया गया। प्राचार्य डॉ. पारुल ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए दैनिक जीवन में बदलाव आवश्यक हैं। जैसे सार्वजनिक परिवहन, साइकिल चलाने और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। खुले में कचरा या प्लास्टिक बिल्कुल न जलाएं। बिजली और ईंधन की बचत करें। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करें और हरित क्षेत्रों को बढ़ावा दें। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस संदेश के वाहक बनें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता फैलाएं। इसके लिए शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण अभियान, साइकिल दिवस और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए।

खबरें एक नजर में

मृतक के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

समृद्धि न्यूज, सण्डीला, हरदोई। अतरौली क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत के बाद सोमवार को भाजपा नेता अजय कुमार सिंह आदित्य पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे। उन्होंने किरतिहाखेड़ा में करंट की चपेट में आकर जान गंवाने वाले राजमिस्त्री बाल गोविंद और भीखपुर ऐमा में जंगली जानवर के हमले में मृतक छेदाना के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सोमवार को अजय कुमार सिंह आदित्य किरतिहाखेड़ा गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिले। उन्होंने दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने व परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इसके बाद वह भीखपुर ऐमा गांव पहुंचे वहां मृतक छेदाना के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

डीएम की अध्यक्षता में प्रथम दिवस का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (प्रगणना) के संबंध में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (14 एवं 15 सितम्बर 2026)दो दिवसीय जनगणना -2027 के क्रम में आज प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा नामित सहायक जनगणना निदेशक जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना संबंधी विभिन्न तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जनगणना की पोर्टल पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा तकनीकी पहलुओं से कंप्यूटर ऑपरेटरों को व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के क्रम में पोर्टल पर किए गए नवीन अपडेट तथा जनगणना कार्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य की निर्धारित समय-सारिणी स्व-गणना 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक सम्पन्न होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/जिला जनगणना अधिकारी विनय पाण्डेय, जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार/चार्ज अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी, स्थानीय निकाय के चार्ज अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला जनगणना लिपिक तथा संबंधित जार्ज जनगणना लिपिक, समस्त तकनीकी सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

विधि विधान से हुई गणेश प्रतिमाओं की स्थापना

बांगरमऊ, उन्नाव। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर आज नगर में कई स्थानों पर प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन एवं भव्य आरती और भजन कीर्तन एवं कथा के आयोजन का शुभारंभ हो गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान के साथ की गई है। नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित गणेश महोत्सव हाल में गणेश जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई। आचार्य पंडित रामदेव शास्त्री ने प्रथम दिवस के यजमान गोविंद गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सहित पूजन अर्चन किया और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया। वहीं छोटे कैटर्स द्वारा मोहल्ला किला शाह जी में आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने वेद मंत्रोच्चार के साथ गणेश भगवान का पूजन कराया। जबकि अस्पताल रोड पर सभासद अवधेश गुप्ता तूफ़नी एवं नरेश प्रजापति द्वारा भी मूर्ति स्थापना कर पूजन अर्चन किया गया। नगर के मोहल्ला कटरा में तीन स्थानों पर भगवान गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन किया गया।

धूमधाम से मनाया गया ब्रह्मा कुमारी केंद्र पर विश्व हिंदी दिवस

शुद्ध व मधुर वाणी अपनाने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व अन्य

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओमनिवास केंद्र जटवारा जदीद अंगूरीबाग में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ परमात्मा स्मृति तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी ने हिंदी भाषा के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इसे जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

बीके शोभा बहन ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कारों और आध्यात्मिक ज्ञान की पहचान है। सतयुगी दुनिया में शुद्ध एवं मधुर भाषा की ही महिमा होगी। बीके पूनम बहन ने कहा कि हिंदी में आध्यात्मिक ज्ञान, प्रेम और अपनापन समाया हुआ है। बीके अर्चना बहन ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ देश की एकता और विविधता को जोड़ने वाली कड़ी है। बीके प्रभा बहन ने कहा भाषा का हमारे विचारों और संस्कारों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। बीके एकता बहन ने कहा हिंदी इतनी सरल और सहज है कि हर व्यक्ति इसे बोल सकता है।

कुमार शौर्य ने हिंदी भाषा की महिमा पर एक सुंदर शायरी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बताया गया कि आने वाली स्वर्णिम दुनिया सतयुग में जीवन पवित्रता, शांति और प्रेम से परिपूर्ण होगा, जहाँ भाषा भी मधुर और संस्कारयुक्त होगी।

लोगों ने हिंदी भाषा का सम्मान करने, शुद्ध व मधुर वाणी का प्रयोग करने तथा भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

विद्यालय में भारत विकास परिषद द्वारा हुआ गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम

फतेहपुर। भारत विकास परिषद फतेहपुर की विवेकानन्द शाखा द्वारा देश के भावी भविष्य बच्चों में सम्पर्क, सहयोग, संस्कार सेवा और समर्पण विकसित करने के उद्देश्य से महर्षि विद्या मन्दिर स्कूल में 10वीं की कक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं अक्षिता शुक्ला और आयुष कुमार को वहीं भारत को जानो प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में अपना स्थान बनाने वाले छात्र/छात्राओं ब्राडिका सिंह कक्षा 12 सी, आयुषी पटेल कक्षा 9 एफव आराधना साहू कक्षा 9 एफको तथा जूनियर वर्ग में वंशिका श्रीवास्तव कक्षा 8 डी, आराध्या द्विवेदी कक्षा 8 डी को विवेकानन्द शाखा के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार गुप्ता, सूर्यकांत मिश्रा महासचिव, लाल चन्द्र गुप्ता वित सचिव सुरेन्द्र शर्मा संयोजक शिक्षक, स्मिता सिंह महिला संयोजक, सुनीता गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष केशवराम त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ड, प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं महर्षि विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी को शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के लिए प्रशंसा की गयी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने पर उनकी विशिष्ट योग्यता के लिए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार मिश्रा व शिक्षिका साधना बाजपेयी को भी अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूथ आइकॉन डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव व स्मिता नारी फाउण्डेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह को परिषद की ओर से सम्मानित किया गया। महेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों की ओर से आभार व्यक्त किया एवं सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता हेतु प्रतिबद्धता दोहरायी। कार्यक्रम का संचालन शाखा के महासचिव सूर्यकांत मिश्रा ने किया।

विधायक, डीएम-एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

गंगा नदी के बढ़ते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुए विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने तहसील बिन्दकी अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम अभयपुर-आशापुर के मजरे महुआ घाटी व बिन्दकी फार्म पहुंचकर स्थलीय जायजा लिया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का ट्रैक्टर पर बैठकर निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर बाढ़ से होने वाली परेशानियों की जानकारी ली और ग्रामीणों से राहत सामग्री, आवागमन, पेय जल सहित अन्य सुविधाओं को ससमय उपलब्ध कराने के लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महुआ घाटी में स्थापित बाढ़ राहत शिविर का भी जायजा लिया साथ ही राहत बचाव कार्य में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि कैम्प में शिक्षक/शिक्षका नामित करते हुए बच्चों को नियमित शिक्षा दी जाय।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि कैम्प में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य चेकअप किया जाय विशेषकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों को आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया जाय। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि पशुओं के चारे, टीकाकरण आदि व्यवस्था सुनिश्चित करे।

तत्पश्चात उन्होंने औंग और मलवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटरी गांवों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए संबंधित विभागों और पुलिस टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और आवश्यकता पड़ने पर राहत शिविरों का उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिन्दकी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, आपदा विशेषज्ञ, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

अपना दल एस की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।

क्षेत्र के ग्राम गोशा कुतुब में अपना दल एस की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता युवा मंच के जिला अध्यक्ष रवि पटेल ने की। उक्त अवसर पर लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने लोगों को सम्बोधित करते हुए अपना दल एस को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प भेंट कर पुष्पांजलि अर्पित की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दल के लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने कहा कि आगामी पंचायत एवं विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर झंडा अभियान चलाकर दल की नीतियों को गाँव गाँव तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट अमरेश वर्मा ने कहा कि सभी मंचों के अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष तथा जोन अध्यक्षो से अनुरोध है कि अपनी कमेटियों का गठन अति शीघ्र पूर्ण कर लें।जिससे जनपद को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिल सके। बैठक को जिला अध्यक्ष किसान मंच सुधांशु कटियार, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष नसीरुजमा ने भी संबोधित किया। संचालन लखनऊ मंडल सचिव डॉ राजेश पाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में शुभम पटेल सहित कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरण

कानपुर। जिस तरह गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है आसपास के गांव बाढ़ से पीड़ित हो रहे हैं उनके रहने की व्यवस्था खानपान की व्यवस्था को ध्यान रखते हुए सुभाष द्विवेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी ने किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आज बर्रा 8 वरुण विहार सेवा कालोनी में बाढ़ पीड़ितों को खाद्य साम्रगी वितरण की एवं बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में भ्रमण किया बाढ़ के कारण हो रही समस्याओं को जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण करने के लिए उच्च अधिकारियों से बात करके उनकी समस्याओं समापन करेंगे। आगे कहा कि भाजपा सरकार जितने भी दावे कर ले लेकिन उनके अधिकतर कार्य केवल कागज पर रहते हैं जबकि पहले से दावे मूसलाधार बारिश की हो रहे थे लेकिन सरकार के कान में जू नहीं रेग रही थी। न जाने कितने बाढ़ से पीड़ित हो चुके हैं सरकार की मदद उनके पास पहुंची नहीं रही है साथ में सुभाष द्विवेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी,जय राम यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,पूर्व विधानसभा, अध्यक्ष प्रदीप तिवारी,धीरज यादव,आशीष दीक्षित,चेतन कुमार, अश्वनी,नीरज,इत्यदि रहे।

शैक्षिक भ्रमण के लिए 1006 विद्यार्थी लखनऊ रवाना

समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।

पीएमश्री पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज खसरौल के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लखनऊ भेजा गया। जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश अर्कवंशी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

सोमवार को आठ बसों में सवार होकर कक्षा छह से 12 तक के 1006 छात्र-छात्राएं शैक्षिक भ्रमण के लिए लखनऊ रवाना हुए। इनमें 405 छात्र और 601 छात्राएं शामिल रहीं।

बसों के रवाना होने से पहले विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। हरी झंडी मिलते ही आठ बसों का काफिला लखनऊ के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और नई चीजें देखने-सीखने की उत्सुकता साफ दिखाई दे रही थी। प्रधानाचार्या राजेश्वरी ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पुस्तक मेले का भ्रमण कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें चिड़ियाघर भी ले जाया जाएगा, जहां विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को करीब से देखकर उनके बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई के साथ व्यावहारिक ज्ञान और नए अनुभवों से जोड़ना है।

प्रधानाचार्य राजेश्वरी और जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश अर्कवंशी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस मौके पर हरगोविंद सिंह, मनोज तिवारी, शीतला प्रसाद शर्मा, पंकज अवस्थी, राजबहादुर सिंह, रवि वर्मा, संजू वर्मा, अंजली सिंह, अर्चना सिंह, नदीम, पुनीत कुमार, राहुल कुमार और शुभम यादव रहे।

शोभा यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी

बांगरमऊ उन्नाव। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आज क्षेत्र के ग्राम मदारनगर में भगवान श्रीगणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान रहा। मदारनगर में शोभायात्रा में क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार की गैर मौजूदगी में उनकी धर्मपत्नी विभा कटियार शामिल हुईं। उन्होंने विधि-विधान से भगवान श्री गणेश जी की पूजा- अर्चना कर आरती उतारी तथा विघ्नहर्ता से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मंगल कामनाएं कीं। शोभा यात्रा गांव के गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर गणपति का स्वागत किया।

अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था ने दिए दिशा-निर्देश

समृद्धि न्यूज,कानपुर नगर।

कमिश्नरेट कानपुर नगर के पूर्वी जोन स्थित थाना जाजमऊ का सोमवार, को अपर पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं विभिन्न रजिस्टरों के रखरखाव का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही थाने में संचालित महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। अपर पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर में साफ-सफाई, कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थाना कार्यालय में रखे जाने वाले अभिलेखों और रजिस्टरों को नियमानुसार एवं अद्यतन रूप से व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान थाने से संबंधित कार्यों और विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्री सत्यजीत गुप्ता तथा सहायक पुलिस आयुक्त छावनी श्रीमती प्रियंका वाजपेयी भी उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने थाना जाजमऊ की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं के संबंध में अपर पुलिस आयुक्त को आवश्यक जानकारी दी। अपर पुलिस आयुक्त डॉ. विपिन ताडा ने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने तथा विवेचनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए अभिलेखों और रजिस्टरों का सही रखरखाव, शिकायतों का त्वरित निस्तारण तथा जनता के साथ बेहतर संवाद अत्यंत आवश्यक है।

सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Swarn Kaur अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम Swaran Kaur है। Swaran Kaur, M/o No-4489441P, लांस/नायक, जगमोहन सिंह द सिखलाई आरसी, निवासी-ग्राम सलेमपुर कलां, पोस्ट खिजराबाद, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब-140109 ,द्वारा शपथ पत्र नंबर-54AA056541 दिनांक-14.09.2026, फतेहगढ़, कोर्ट।

खबरें एक नजर में

गणेश चतुर्थी के अवसर पर हुआ दुकान का शुभारंभ

महराजगंज। जनपद के घुघली ब्लाक अंतर्गत शिकारपुर चौराहा से आगे पुरैना रोड पर स्थित मार्बल और आर ओ पानी मशीन की दुकान का गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान स्वामी भोजपुरी गायक रितेश रंजन के तरफ से विशेष आफर चलाया जा रहा है। दुकान के शुभारंभ अवसर पर प्रिन्स मिश्रा, श्यामबदन यादव, ब्रजेन्द्र कुमार,वेद मिश्रा,करन सिंह आदि तमाम लोग उपस्थित रहे। भोजपुरी गायक रितेश रंजन के अनुसार सायंकाल गणेश मैरेज लान मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जिसमे एक से बढ़कर एक भोजपुरी कलाकार प्रतिभाग करेंगे।

बार-बार बारिश से पक चुकी धान को सहेजना हुआ मुश्किल

महाराजगंज। कम अवधि की धान की पक चुकी फसल की कटाई- मड़ाई आवश्यक है।इस बीच कुछ अंतराल पर हो रही बार-बार बारिश से धान की कटाई -मडाई मुश्किल हो गया है। किसानों के अनुसार ऐसे ही बारिश का दौर बना रहा तो धान को सहजना मुश्किल हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि तमाम किसान तिलहनी फसलों की समय से बुवाई के लिए कम अवधि की धान की फसल लगाए हैं।कम अवधि की शंकर एवं मोटे धान की अन्य प्रजाति की धान की फसल पककर तैयार हो गई है लेकिन बार-बार हो रही बारिश के कारण तैयार धान की फसल को सहेजना मुश्किल बन गया है। किसानों के अनुसार गांवो में मवेशियों की घटती संख्या के चलते तैयार फसल को सहादे पर सहेजवाना मुश्किल बन गया है। दूसरी तरफ खेतों में बारिश का पानी लगे रहने अथवा ज्यादा नमी के कारण हाथ से कटाई और मडाई मुश्किल बन गया है।किसानों के अनुसार बारिश का दौर ऐसे ही चलता रहा तो तमाम धान की फसल को सहेजना मुश्किल बन जाएगा।

मेदनीपुर में बिरहा मुकाबला 17 सितंबर को

देवकली (गाजीपुर)। करण्डा ब्लाक के मेदनीपुर बाजार मे 16 व 17 सितंबर को दो दिवसीय विश्वकर्मा पूजनोत्सव समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जंगीपुर के विधायक विरेन्द्र यादव , सदर विधायक जय किशुन साहू व राजकुमार पाण्डेय भाग लेग? यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक प्रेमानन्द विश्वकर्मा व राम अशीष विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दी है। पदाधिकारियों ने बताया 16 सितंबर को सायं 4 बजे विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापित कर पूजन,अर्चन किया जायेगा दूसरे दिन 17 सितंबर को जनपुर की लोकगीत गायिका माया मूर्ति व गाजीपुर के गायक बुल्लू यादव के बीच बिरहा दिन मे तथा रांत्री 8 बजे से आजमगढ की लोकगीत गायिका उजाला यादव व प्रयागराज के गायक त्रिभुवन यादव के बीच शानदार बिरहा मुकाबला आयोजित है जिसमे भारी संख्या मे उपस्थिति आवश्यक है।

बारिश में पूरी तरह बर्बाद हुआ हलिया-डिघिया संपर्क मार्ग

हलिया (मिर्ज़ापुर)। हलिया से डिघिया को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग भारी बारिश के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गया है। सड़क बीच से टूटकर गहरी खाई में तब्दील हो गई है सड़क का बड़ा हिस्सा धंस कर बह गया है और करीब 10-15 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। मार्ग टूटने से दोनों ओर का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग हलिया बाजार को कई गांवों से जोड़ता है, लेकिन सड़क के टूटने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर आवागमन बहाल करने की मांग की है।

अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी छोटकइया पत्नी स्व बंगाली सोनकर ने सोमवार को तहरीर देकर अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 21 अगस्त को उनका बेटा अनिल अपने साथी राजेश उर्फमोनू के साथ बाइक से दिघिया जा रहा था। रास्ते में भटवारी गांव स्थित जगधारी प्रसाद यादव स्मारक इंटर कॉलेज के सामने अज्ञात बस चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए बेटे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी गई। टक्कर से अनिल व उसके साथी राजेश के दाहिने पैर में फैक्चर हो गया। दवा इलाज के बाद पीड़िता ने थाने में सूचना देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

मुरादाबाद से तेंदुए को हलिया रेंज के अदवा बैराज जंगल में छोड़ा गया

हलिया (मिर्जापुर)। मुरादाबाद में आबादी में घुस आए तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ने के बाद सोमवार को सुरक्षित हलिया रेंज के अदवा बैराज के जंगल में छोड़ दिया है।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मुरादाबाद क्षेत्र में लगातार तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत फैली हुई थी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा था।पशु चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद तेंदुए को पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने पर उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके बाद तेंदुए को मीरजापुर के हलिया रेंज अंतर्गत अदवा बैराज के घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अदवा बैराज क्षेत्र का जंगल तेंदुए के अनुकूल है, जहां उसे पर्याप्त भोजन और सुरक्षित ठिकाना मिल सकेगा।

साहसी छात्रों का नाम राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए भेजने का डीएम ने दिया निर्देश

समृद्धि न्यूज, महराजगंज।

निचलौल क्षेत्र में नहर में कूदी महिला की जान बचाने वाले कक्षा 10 के दो बहादुर छात्रों को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा अपने कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों छात्रों ने अपनी जान की परवाह किए बिना संकट में फंसी महिला की सहायता कर अदम्य साहस और मानवता का परिचय दिया है। उनका यह कार्य अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे साहसिक कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं और युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देते हैं। आप जैसे बच्चे समाज और देश की अमूल्य धरोहर हैं। ज्ञातव्य है कि थाना निचलौल क्षेत्रान्तर्गत एक महिला द्वारा नहर में छलांग लगाने की सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस टीम के पहुँचने से पूर्व ही मौके पर मौजूद दो बहादुर युवकों कृष्णा गुप्ता निवासी सेखुई, थाना चौक तथा सद्दाम हुसैन निवासी कोहडवल, थाना निचलौल, दोनों छात्र मसीह सेवाश्रम इंटर कॉलेज की कक्षा 10 में अध्ययनरत हैं, ने बिना अपनी जान की परवाह किए नहर के तेज बहाव में उतरकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

हरतालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

- शिव-पार्वती की पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना

समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/गाजीपुर।

क्षेत्र में हरतालिका तीज का पर्व सोमवार को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु एवं सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर निराहार और निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने भगवान शिव, माता पार्वती एवं गणेश जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों के शिवालयों में सुबह से ही व्रती महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाएं कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचीं और गौरी-शंकर का दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से हरतालिका तीज की कथा भी सुनी गई। पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार किया। हाथों में मेहंदी रचाई और आभूषणों से सज-धजकर गौरी-शंकर की आराधना की। दिनभर व्रती महिलाओं ने निर्जला रहकर भगवान शिव एवं माता पार्वती का स्मरण किया।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी सहेलियां उन्हें अपने साथ वन में ले गई थीं, इसी कारण इस व्रत का नाम हरतालिका पड़ा।

जमीनी विवाद में एक महिला सहित पांच गंभीर रूप से घायल

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर। जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र के उर्दहा टोला दुबौली गांव में सोमवार को जमीनी विवाद की जांच के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में एक महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में विवादित भूमि की जांच के लिए हल्का लेखपाल और कानूनगो राजस्व अभिलेखों की जांच करने मौके पर पहुंचे थे। जांच के दौरान दोनों पक्ष भी मौजूद थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा ने चलाया संपर्क अभियान

लखनऊ के ईको गार्डेन में 25 सितंबर को प्रस्तावित धरने में शामिल होने की अपील

समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/गाजीपुर।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 सितंबर शुक्रवार को लखनऊ के ईको गार्डेन में प्रस्तावित अटेवा के एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संगठन का संपर्क अभियान तेज हो गया है।

इसी क्रम में अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र राय ने सोमवार को भांवरकोल ब्लाक के एसएम नेशनल इंटर कालेज मच्छटी तथा मुहम्मदाबाद ब्लाक के अष्ट शहीद इंटर कालेज, मुहम्मदाबाद में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संपर्क किया। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर धरने में शामिल होने का आह्वान किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से एकजुट होकर 25 सितंबर को लखनऊ पहुंचकर अटेवा के आंदोलन को मजबूत करने की अपील की।

इस अवसर पर अटेवा के जिला उपाध्यक्ष सेराज अहमद, जिला प्रवक्ता अकबर अंसारी, संगठन मंत्री कन्हैया सिंह यादव, भांवरकोल ब्लाक अध्यक्ष मु. आलिम हुसैन, महामंत्री विश्वामित्र गुप्ता, मुहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष झारखंडे सिंह यादव सहित शिक्षक जय प्रकाश पाण्डेय, कामरान सिद्दीकी, लईक अहमद, आरजू बेगम तथा दोनों इंटर कालेजों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राहुल कुमार चतुर्वेदी चुने गए मंडल अध्यक्ष कर्मचारी संघ से जुड़े लोगों ने दी बधाई

- अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं पर की गई चर्चा

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

उत्तर प्रदेशीय मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ उ0प्र0 के लखनऊ में आयोजित 60 वें प्रान्तीय अधिवेशन में सम्पन्न हुए निर्वाचन में राहुल कुमार चतुर्वेदी को मंडल अध्यक्ष गोरखपुर चुने गए है।

अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर लखनऊ में सम्पन्न हुए प्रांतीय अधिवेशन में उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सम्पन्न हुए निर्वाचन में कुशीनगर जनपद के राहुल कुमार चतुर्वेदी को मण्डल अध्यक्ष, गोरखपुर के पद पर मनोनयन की घोषणा की गई।

श्री चतुर्वेदी के मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर राज कुमार गुप्ता, समी हैदर जिला मंत्री, विनोद पासवान जनपद अध्यक्ष, राकेश गौतम, अमित कुमार यादव, संजय पांडेय, अभिषेक सिंह, मोइन अली, साकिर अली, देवेंद्र गुप्ता, सूरज यादव बृजेश पाठक, अजय लाल कर्ण, सुजीत वर्मा प्रशासनिक अधिकारी, अजय मिश्रा एलडीसी, नितिन चतुर्वेदी नायब नाजिर, सौरभ श्रीवास्तव शस्त्र लिपिक, दिनेश मणि शस्त्र लिपिक, राम प्रताप सिंह राजस्व सहायक, रानी सिंह ईआरके, महेंद्र कुमार वेतन लिपिक, मनोज कुमार राजस्व अहलमद सदर कोर्ट, हरिकेश कुमार पेशकार सहित देवरिया जिले के वेद प्रकाश मिश्रा नाजिर सदर, अनिल कुमार पटेल राजस्व सहायक, रमेश चन्द तिवारी, उत्कर्ष श्रीवास्तव वीआईपी बाबू, श्रीमती सुनीता पटेल, यशवंत सिंह वेतन सहायक के अलावे महराजगंज जनपद के संघ से जुड़े कर्मचारियों ने बधाईयां दी है।

निर्जला तीज पर सुहागिनों ने शिव-पार्वती से मांगा अखंड सुहाग

- सुहाग की सलामती के लिए निर्जला तप

समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।

अखंड सुहाग, पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की मंगलकामना को लेकर आज जिले भर में सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही घरों में पूजा-पाठ की तैयारियां शुरू हो गईं। हाथों में मेहंदी, माथे पर सजी बिंदी और मांग में सिंदूर के साथ सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उसी आस्था और परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महिलाएं हरितालिका तीज पर पूरे दिन अन्न-जल का त्याग कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। व्रत के दौरान महिलाओं ने माता पार्वती से अपने पति की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम एवं सौभाग्य की कामना की। शाम होते ही विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की पूजा-अर्चना की। पूजा स्थल पर केले के पत्ते, फल-फूल, बेलपत्र, धूप-दीप और सुहाग सामग्री अर्पित की गई। महिलाओं ने तीज व्रत की कथा सुनी और एक-दूसरे को सुहाग की सामग्री देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। तीज को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह इस पर्व के मौके पर घरों में पूजा की तैयारियों के साथ मेहंदी लगाने और सोलह श्रृंगार की परंपरा निभाई गई।

गाजीपुर साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई, 92 पीड़ितों के ठगे गए 5.57 लाख से अधिक रुपये कराए वापस

समृद्धि न्यूज, गाज़ीपुर। वर्तमान समय में डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते चलन के बीच साइबर अपराधी आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खातों, क्रेडिट कार्ड, और अन्य गोपनीय वित्तीय डेटा में सेंध लगाकर धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को तत्काल राहत पहुँचाने के लिए पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर (नोडल अधिकारी साइबर) के मार्गदर्शन में गाजीपुर साइबर सेल द्वारा एक निरंतर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, साइबर सेल गाजीपुर ने गृह मंत्रालय के अधीन पोर्टल से प्राप्त जन-शिकायतों पर त्वरित और तकनीकी स्तर पर कड़ी कार्रवाई की गई।

संयुक्त कार्रवाई में अवैध तस्करी का सामान बरामद

समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में अवैध तस्करी की रोकथाम एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नौतनवा के मार्गदर्शन में थाना नौतनवा पुलिस एवं एस एस बी टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान बुण्डी छठ घाट के पास लावारिस अवस्था में अवैध तस्करी का सामान बरामद किया गया।बरामद सामान में 7 बोरी भारतीय यूरिया खाद, 2 सफेद बोरों में कुल 94 पीस साड़ियां तथा 1 सफेद प्लास्टिक के बोरे में कुल 105 पैकेट पटाखे शामिल हैं। बरामद सामान के संबंध में मौके पर तहसीलदार नौतनवा को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई कराई गई। बरामद माल के संबंध में धारा 113 कस्टम अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी करने वाली टीम मे 1.उ0नि0 दिव्यांशु राय थाना नौतनवा,का.हिमांशु सिंह,रणजीत व एस एस बी टीम के उ0नि0 अरुण कुमार,आरक्षी वीर चन्द्र राम, गायकवाड़ बहूजी व आरक्षी अजय प्रताप सिंह शामिल रहे।

आग से गृहस्थी का सामान राख, दो गायों की हुई मौत

- विधायक ने पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने का दिया भरोसा

समृद्धि न्यूज, महराजगंज।

सदर तहसील क्षेत्र के अरनहवा में रविवार देर शाम अचानक लगी आग से बांगर शर्मा के घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से दो मवेशियों (गाय) की भी जलकर मौत हो गई। घटना से पीड़ित परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आग लगने की जानकारी मिलने पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया सोमवार को झनझनपुर(अरनहवा) स्थित पीड़ित बांगर शर्मा के घर पहुंचे। उनके साथ मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, ग्राम प्रधान मनोज वर्मा, दिनेश मोदनवाल और नारद जायसवाल मौजूद रहे। विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली तथा नुकसान का जायजा लिया। बांगर शर्मा ने विधायक को बताया कि आग लगने से घर में रखा अनाज, कपड़े, घरेलू सामान समेत अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर नष्ट हो गईं। वहीं, आग की चपेट में आने से दो गायों की भी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार के लोग काफी परेशान हैं। विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों से घटना का संज्ञान लेते हुए नियमानुसार अहेतुक सहायता उपलब्ध कराने तथा पीड़ित परिवार को आवश्यक राहत दिलाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और प्रशासन के स्तर से मिलने वाली सहायता जल्द उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

कासिमाबाद पुलिस ने 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

- कब्जे से एक मोटर, एक स्टेपलाइजर, दो मोटरसाइकिल बरामद

समृद्धि न्यूज, गाज़ीपुर।

थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 348/2026 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया । कब्जे से 01 अदद मोटर व 01 अदद इस्टेप्लाईजर 02 अदद मोटर साइकिल बरामद हुआ। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.09.2026 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार उपाध्याय व मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 348/2026 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित चल रहे अभियुक्तगण 1.ऋषि गुप्ता पुत्र रणजीत गुप्ता नि0ग्राम नसिरुद्दीनपुर थाना कासिमाबाद गाजीपुर 02.चन्दन कुशवाहा पुत्र सुभाष कुशवाहा नि0ग्राम हब्बीपुर थाना कासिमाबाद गाजीपुर 03.छोटेराम उर्फ पुत्र राजमुनी राम नि0ग्राम खेताबपुर थाना कासिमाबाद गाजीपुर को नशोपुर ग्राम से गिरफ्तार किया गया । कब्जे से 01 अदद मोटर व 01 अदद इस्टेप्लाइजर व 02 अदद मोटर साइकिल प्राप्त हुआ चोरी का सामान मिलने के कारण 317(2) बीएनएस की धारा उपरोक्त मुकदमे मे बढोत्तरी की गई । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

तेज रफ्तार अर्टिगा ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवक घायल

हलिया (मिर्ज़ापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र के बबुरा भैरो दयाल के पास नेशनल हाईवे पर 12 सितंबर को हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात अर्टिगा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना लालगंज में गड़बड़ा धाम ड्रमंडगंज निवासी सुनीता पत्नी प्रेमचंद्र केसरवानी ने तहरीर देकर बताया कि उनका लड़का अमित कुमार (29) अपने दोस्त विनोद कुमार चौरसिया (32) पुत्र दयाशंकर चौरसिया निवासी बबुरा खुर्द थाना ड्रमंडगंज के साथ मोटरसाइकिल अपाचे से मिर्ज़ापुर गया था।

मिर्ज़ापुर से वापस आते समय थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत बबुरा भैरोदयाल के पास भ्च् पेट्रोल पम्प के सामने मेन रोड पर दोपहर करीब 2 बजे (अर्टिगा) के अज्ञात चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।दोनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल मिर्ज़ापुर में चल रहा है।पीड़िता की तहरीर पर थाना लालगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार यादव सौपी गई है।

विंध्य लिंक एक्सप्रेसवे के नक्शे में खामी, किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, भांवरकोल/गाजीपुर।

सरकार की ओर से प्रस्तावित विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के नक्शे में राजस्व अभिलेखों के विपरीत कम भूमि दर्शाए जाने के विरोध में शेरपुर खुर्द गांव के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि विंध्य लिंक एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहण संबंधी जारी अधिसूचना में गाटा संख्या 4765, 4766, 4768, 4769 सहित अन्य गाटों में राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि क्षेत्रफल की तुलना में परियोजना के नक्शे में कम भूमि दर्शाई गई है। जबकि उक्त भूमि पर खातेदार एवं सहखातेदार लंबे समय से खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं।

किसानों ने मांग की कि अधिग्रहण से पूर्व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर वास्तविक भूमि की पैमाइश कराई जाए तथा राजस्व अभिलेखों के अनुरूप परियोजना के नक्शे को दुरुस्त किया जाए।

उनका कहना है कि नक्शे में कम भूमि दर्शाए जाने से वास्तविक क्षेत्रफल, स्वामित्व, भूमि के मुआवजे तथा अधिग्रहण से जुड़े अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसानों ने खतौनी, राजस्व अभिलेख एवं राजस्व नक्शे का परियोजना के नक्शे से मिलान कराकर आवश्यक संशोधन कराने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में राघवेंद्र राय, हरिद्वार राय, अमरनाथ राय, पारसनाथ राय, गोपाल राय, लालजी राय सहित काफी संख्या में किसान शामिल रहे।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 17 सितंबर तक होगा प्रवेश के लिए काउंसलिंग

समृद्धि न्यूज, गाजीपुर। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अलीगंज लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाना में सत्र 2026 में द्वितीय चरण का चयन परिणाम घोषित किया गया है।

जिसकी प्रवेश की तिथि 12.09.2026 से 17.09.2026 तक (अवकाश सहीत) निर्धारित है अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण में प्रवेश हेतु जानकारी के लिए लिंक http://www.scvtup.in पर जाकर प्राप्त किया जा सकता है एवं दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना पंजीकरण संख्या एवं जन्म तिथी अंकित कर चयन परिणाम बुलावा पत्र का प्रिन्ट प्राप्त कर उपस्थित होकर अपना प्रवेश ले सकते है।

हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

- जरीना को प्रथम अस्मिता को द्वितीय व अभय को तृतीय स्थान

समृद्धि न्यूज महाराजगंज।

हिंदी दिवस के शुभवसर पर सम्मानित संस्था सिटीजन फोरम कि तरफ से आयोजित कार्यक्रम हिन्दी कि पाठशाला के अन्तर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन नगर के केरला पब्लिक स्कूल महराजगंज में आयोजित हुआ। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 4 से लेकर कक्षा 8 तक सभी बच्चे सम्मिलित हुए , निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन हुआ , जिसमें कक्षा 8 की छात्रा ज़रीना खातून को प्रथम पुरस्कार, कक्षा 7 कि छात्रा अस्मिता गौतम को द्वितीय और तृतीय पुरस्कार कक्षा 7 का छात्र अभय मिश्रा को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में खुशबू प्रजापति , शहनाज खातून, जिया कुमारी, एवं साबरीन खातून को भी संस्था कि ओर से सम्मानित किया।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक फैज अहमद एवं प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा उपस्थित रहे और कार्यक्रम का संचालन शुभम् प्रजापति ने किया इस दौरान कंचन गुप्ता, सरीता गुप्ता , अम्मार आलम , सुलोचना शर्मा, कौशिकी पटेल, दिव्या शर्मा , पूनम गुप्ता, शहनाज़ खातून , उज्जवला विश्वकर्मा और सानिया खातून के साथ सभी शिक्षक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।